डाक पंजीयन सं. जयपुर सिटी/ 110/2024-26

website: www.royalpatrika.com
G-mail: royalpatrika@gmail.com
Yahoo: royal_patrika@yahoo.com

दैनिक
# रॉयल पत्रिका

वर्ष :13 | अंक : 175 | पेज: 8 | जयपुर,बुधवार, 04 जून 2025 | मूल्य: 1.50 रुपये



## ‘ऑपरेशन सिंदूर’ होगी क्लोजिंग सेरेमनी की थीम

● आईपीएल फाइनल आज, तीनों सेना प्रमुखों को न्योता ● शंकर महादेवन का लाइव कॉन्सर्ट होगा,सजा स्टेडियम

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** आईपीएल का फाइनल मंगलवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। फाइनल की क्लोजिंग सेरेमनी की थीम ‘ऑपरेशन सिंदूर’ होगी। कार्यक्रम में तीनों सेनाओं के प्रमुखों को इनवाइट किया गया है। हालांकि, अब तक इनके ऑफिस से सेरेमनी शामिल होने की पुष्टि नहीं हुई है। पूरे स्टेडियम को तिरंगे रंग की लाइट से सजाया जाएगा और इस दौरान सिंगर शंकर महादेवन का लाइव कॉन्सर्ट होगा। बीसीसीआई सेक्रेटरी सचिव देवजीत सैकिया ने कहा- ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का जश्न मनाने के लिए हमने सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी और वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह के साथ-साथ अन्य सेना प्रमुखों, अधिकारियों और जवानों को



अहमदाबाद में आईपीएल फाइनल मैच देखने के लिए आमंत्रित किया है। सैकिया ने कहा- बीसीसीआई देश के सशस्त्र बलों की बहादुरी, साहस और निस्वार्थ सेवा को सलाम करता है। सेना के प्रति आभार के प्रतीक के रूप में हमने समापन समारोह सशस्त्र बलों को समर्पित करने और हमारे नायकों को सम्मानित करने का निर्णय लिया है। भले ही क्रिकेट एक राष्ट्रीय जुनून रहा है, लेकिन हमारे राष्ट्र की संप्रभुता, अखंडता और सुरक्षा से बढ़कर कुछ भी नहीं है। 8 मई को धर्मशाला में पंजाब-दिल्ली का मैच पाकिस्तान के ड्रोन हमले के कारण बीच में ही रोक दिया गया था। अगले ही दिन बीसीसीआई ने आईपीएल को एक सप्ताह के लिए स्थगित कर दिया था। सीजफायर के ऐलान के बाद बीसीसीआई ने 16 मैचों के कार्यक्रम की घोषणा की।

## नीतिश विरोध ने बनाई पीके और पप्पू की जोड़ी

● एंटी इनकम्बेंसी के रथ पर एनडीए सरकार की बलि लेना चाहते हैं प्रशांत किशोर

**पटना (एजेंसी)।** सत्ता पलट कर सत्ता पर जनसुराज को काबिज कराने वाले जनसुराज के नायक प्रशांत किशोर की भूमिका अब बदल गई है। इस नई भूमिका का चेहरा या तो भविष्यवक्ता का लगता है या फिर राज्य के मुख्यमंत्री नीतिश कुमार के धुर विरोधी का। लगभग दो साल के कालखंड में बड़ा बदलाव यह दिख रहा है कि अब प्रशांत किशोर को लगता है कि जनसुराज में फिलवक्त सत्ता पलटने का दम खम नहीं है। पर इतना विश्वास है कि अब बतौर मुख्यमंत्री सत्ता में नीतिश कुमार नहीं रहेंगे। जनसुराज के नायक प्रशांत किशोर ने एक मीडिया को साक्षात्कार देने के क्रम में कहा कि राज्य में बदलाव तो तय है लेकिन वह जनसुराज ही होगा इसकी गारंटी नहीं है। बिहार विधानसभा चुनाव के बाद बिहार में सत्ता का बदलना तय है।



नीतिश कुमार नवंबर के बाद मुख्यमंत्री इसलिए नहीं रहेंगे कि बिहार में बदलाव के लिए 60 फीसदी से ज्यादा जनता तैयार बैठी हुई है। बिहार में लोगों को इतनी परेशानी है कि इसके बाद एंटी इनकम्बेंसी ना हो यह संभव नहीं है। इसका असर यह होगा कि बिहार में नया मुख्यमंत्री बनेगा। पर कौन बनेगा यह तीन चार माह बाद पता चलेगा। जनसुराज पार्टी के सक्रिय राजनीति में होने की बात जब चल पड़ी थी तब यह जानने की कोशिश हुई थी।

## सिक्किम में ‘धंस’ गया पहाड़, 3 जवानों की मौत

● बारिश और बाढ़ का पूर्वोत्तर में आतंक, 6 जवान हैं लापता



**इंफाल (एजेंसी)।** सिक्किम में रविवार शाम 7 बजे एक मिलिट्री कैंप भारी बारिश के बाद लैंडस्लाइड की चपेट में आ गया। इसमें 3 जवानों की मौत हो गई, जिनके शव बरामद हुए हैं। चार लोगों को मलबे से जिंदा निकाला गया है। उन्हें मामूली चोटें आई हैं। छह जवान अभी लापता हैं। सर्च ऑपरेशन जारी है। सेना ने सोमवार को घटना की जानकारी दी और बताया कि जिन जवानों के शव मिले हैं, उनकी पहचान हवलदार लखबिंदर सिंह, लांस नायक मनीष ठाकुर और पोर्टर अभिषेक लखाड़ा के रूप में हुई है। दूसरी तरफ, सिक्किम के लाचेन और लाचुंग में 30 मई से फंसे एक हजार से ज्यादा टूरिस्टों को भी आज रेस्क्यू किया गया। सिक्किम सहित पूर्वोत्तर के राज्यों में पिछले 4 दिनों से भारी बारिश हो रही है। बारिश के कारण बाढ़ और लैंडस्लाइड की घटनाओं में अब तक 37 लोगों की जान गई है। इसमें असम में 10, अरुणाचल प्रदेश में 9, मिजोरम में 5 और मेघालय में 6 मौतें शामिल हैं। सिक्किम में अक्टूबर, 2023 को बादल फटने के बाद तीस्ता नदी में अचानक बाढ़ आने से 18 लोगों की मौत हो गई थी। कम से कम 98 लोग लापता हो गए थे, जिसमें सेना के 22 जवान शामिल थे।



इनका कुछ पता नहीं चल पाया था। पूर्वोत्तर राज्यों में राहत और बचाव के लिए भारतीय सेना, एयरफोर्स और असम रायफल्स के जवानों को तैनात किया गया है। असम में 3.64 लाख से अधिक लोग बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। ब्रह्मपुत्र और बराक समेत 10 प्रमुख नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। मणिपुर में बाढ़ से 19,000 से ज्यादा लोग प्रभावित हुए हैं। 3,365 घर क्षतिग्रस्त हो गए हैं।

## मुर्शिदाबाद दंगों में लोगों पर हुए हमले का लेंगे बदला

● बीजेपी सिखाएगी सबक,अमित शाह के सामने गरजे सुवेंदु अधिकारी

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल विधानसभा में नेता विपक्ष और बीजेपी के वरिष्ठ नेता सुवेंदु अधिकारी ने रविवार को कहा कि मुर्शिदाबाद दंगों के दौरान लोगों पर हुए हमलों का बदला लिया जाएगा। पार्टी उन लोगों को ‘सबक सिखाएगी’, जिन्होंने लोगों की हत्या की साजिश रची थी। उन्होंने तृणमूल कांग्रेस सरकार पर अप्रैल में धुलियान, शमशेरगंज और जिले के अन्य इलाकों में बड़े पैमाने पर आगजनी और हिंदुओं पर सशस्त्र हमलों के दौरान ‘चुपचाप सब देखने’ का आरोप लगाया। सुवेंदु अधिकारी ने कहा कि अगर सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) लोगों की जान और संपत्ति बचाने के लिए आगे नहीं आता, तो जिले में बदतर स्थिति हो सकती थी। राज्य विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि राज्य ने बीएसएफ को नहीं बुलाया, जबकि उसके पुलिस बल घटनास्थल से भाग गए या दूर से आगजनी और लूटपाट होते देखते रहे। उन्होंने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्रालय ने बीएसएफ की तैनाती को संभव बनाया क्योंकि हमने कलकत्ता हाईकोर्ट का रुख किया। अधिकारी नेताजी इंडोर स्टेडियम



में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में बीजेपी की ‘विजय संकल्प रैली’ को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अमित शाह जी ने मुर्शिदाबाद के दंगा प्रभावित इलाकों में बीएसएफ को तुरंत तैनात करके शांति स्थापित की और लोगों की जान बचाई।

## भारत में युवाओं को कट्टरपंथी बनाने की साजिश

● लश्कर और जैश ने बांग्लादेश में खोला मोर्चा, पाकिस्तान कर रहा फंडिंग

**ढाका (एजेंसी)।** लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) और जैश-ए-मोहम्मद ने बांग्लादेश में कट्टरपंथी समूहों के साथ हाथ मिला लिया है। ये दोनों आतंकवादी संगठनों का उद्देश्य बांग्लादेश की मदद से भारतीय युवाओं को कट्टरपंथी बनाने की है। इससे उन्हें भारत में आतंकवाद का नया नेटवर्क खड़ा करने और स्लीपर सेल को बनाने में सहूलियतें मिल सकती हैं।

ये दोनों आतंकवादी संगठन भारत के ऑपरेशन सिंदूर के बाद बौखलाए हुए हैं और बदला लेने का मौका ढूंढ रहे हैं। ऐसे में उन्हें बांग्लादेश के कट्टरपंथियों के रूप में एक मुफीद साथी मिला है। भारत के बांग्लादेश के साथ संबंध सही नहीं हैं। ऐसे में पाकिस्तानी आतंकवादी इसी मौके का फायदा उठाने की फिराक में हैं। सीएनएन-न्यूज 18 ने खुफिया सूत्रों



के हवाले से बताया कि हाल ही में लाहौर के कसूर में सैफुल्लाह कसूरी उर्फ खालिद का भाषण में बंगाल और 28 मई को क्षेत्र के विभाजन का संदर्भ दिया गया है। इस भाषण का इस्तेमाल कट्टरपंथी हलकों में दुष्प्रचार को बढ़ावा देने के लिए सक्रिय रूप से किया जा रहा है। उसका यह भाषण कट्टरपंथी समूहों के बीच प्रसारित हो रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, बांग्लादेश स्थित समूह अब विश्वविद्यालयों में लश्कर और जैश को वैध पहुंच प्रदान कर रहे हैं, जहां वे कट्टरपंथी बनाने के लिए भारतीय छात्रों को निशाना बनाते हैं। ये भारत स्थित समूह जमात-ए-इस्लामी के साथ मिलकर सीमा पार वैचारिक नेटवर्क बना रहे हैं। बांग्लादेशी विश्वविद्यालयों का शोषण करने वाले लश्कर के तीन मुख्य स्तंभ हैं- स्थानीय कट्टरपंथियों के साथ वैचारिक गठबंधन, संस्थागत जुड़ाव और सीमा पार दंड से मुक्ति।

आईएसआई द्वारा समर्थित, लश्कर वैचारिक नेटवर्क, संस्थागत कमजोरियों और सीमा पार परिचालन रसद को मिलाकर बहुस्तरीय रणनीतियों के माध्यम से काम करता है। परिसरों में घुसपैठ करने के लिए लश्कर जमात की छात्र शाखा इस्लामी छात्र शिबिर के साथ समन्वय करता है। शिबिर छात्र नेटवर्क, छात्रावासों और इस्लामी अध्ययन मंडलियों तक पहुंच प्रदान करता है।

## चेन्नई की अन्ना यूनिवर्सिटी में रेप के दोषी को उम्रकैद


### 30 साल जेल में रहना होगा,बिरयानी वेंडर ने 19 साल की स्टूडेंट का किया था शोषण

**चेन्नई (एजेंसी)।** तमिलनाडु के चेन्नई स्थित अन्ना यूनिवर्सिटी में हाई प्रोफाइल यौन शोषण मामले के दोषी ज्ञानसेकरन को सोमवार को उम्रकैद की सजा सुनाई गई है। महिला कोर्ट की जज एम राजलक्ष्मी ने कहा कि दोषी को बिना किसी छूट के कम से कम 30 साल जेल में रहना होगा। दोषी पर 90 हजार रुपए जुर्माना भी लगा है। ज्ञानसेकरन को 28 मई को दोषी ठहराया था। उसके खिलाफ यौन उत्पीड़न, रेप, धमकी और अपहरण सहित सभी 11 आरोप सही साबित हुए थे। मामले में कम से कम 29 गवाहों ने गवाही दी और पुलिस ने 100 पन्नों का चार्जशीट दाखिल किया था। मामला दिसंबर, 2024 का है। ज्ञानसेकरन ने 23 दिसंबर की रात 8 बजे यूनिवर्सिटी कैंपस में घुसकर 19 साल की इंजीनियरिंग स्टूडेंट का रेप किया था। पीड़ित अपने युवक दोस्त के साथ थी। ज्ञानसेकरन ने दोस्त की पिटाई के बाद युवती का शोषण किया था। दोषी ने पीड़िता को ब्लैकमेल करने के लिए घटना का वीडियो भी बनाया था। पुलिस ने यूनिवर्सिटी कैंपस में लगे छ्छ्ज्ञ्ज्ञ फुटेज की जांच के बाद ज्ञानशेकरन को अगले दिन गिरफ्तार किया था।

## रूस ने माना-यूक्रेन ने पांच एयरबेस पर की एयरस्ट्राइक

● कहा-ड्रोन के जरिए आतंकी हमला किया, कई विमान तबाह हुए

**मास्को (एजेंसी)।** रूसी रक्षा मंत्रालय ने रविवार को पुष्टि की कि यूक्रेन द्वारा किए गए ड्रोन हमलों में देशभर के 5 सैन्य एयरबेस को निशाना बनाया गया, जिससे कई विमानों को नुकसान पहुंचा है। हालांकि, कितने विमान क्षतिग्रस्त हुए हैं, इसका सटीक आंकड़ा



नहीं बताया है। अपने बयान में रूसी रक्षा मंत्रालय ने यूक्रेन पर आरोप लगाया कि उसने मुरमान्स्क, इरकुत्स्क, इवानोवो, रयाजान और अमूर क्षेत्रों में स्थित हवाई अड्डों पर एफपीवी ड्रोन से आतंकी हमला किया। मंत्रालय ने कहा कि इवानोवो, रयाजान और अमूर क्षेत्रों के सैन्य एयरबेसों पर सभी आतंकी हमलों को नाकाम कर दिया गया। पहली बार आधिकारिक रूप से यह पुष्टि की गई है।

## ‘ऑपरेशन सिंदूर’ पर अपनी तारीफ खुद ही करने की जरूरत नहीं है

● खरगे ने पीएम मोदी पर कसा तंज, संसद के विशेष सत्र की मांग

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ‘ऑपरेशन सिंदूर’ को लेकर देश का सियासी पारा हाई है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला तेज कर दिया। उन्होंने ‘ऑपरेशन सिंदूर’ पर संसद के विशेष सत्र की मांग फिर से दोहराई। खरगे ने कहा कि राष्ट्रीय मामलों में एकता होनी चाहिए और विरोधियों को हराने पर ध्यान



देना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा के मामलों पर सभी नेताओं को चुप रहना चाहिए। सीडीएस जनरल अनिल चौहान के बयान के बाद खड़गे ने यह बातें कहीं है। दरअसल जनरल चौहान ने कहा था कि भारत को पाकिस्तान के साथ हालिया युद्ध में नुकसान हुआ था, लेकिन उन्होंने पाकिस्तान के 6 भारतीय जेट विमानों को गिराने के दावे को गलत बताया था। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पीएम मोदी पर निशाना साधा।

## देश में 4 हजार होने वाले हैं कोविड केस, 32 की मौत

● केरल-महाराष्ट्र और दिल्ली के बुरे हाल,सबसे ज्यादा मामले

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कोविड-19 संक्रमण एक बार फिर से तेजी के साथ पैर पसार रहा है। देश में कोरोना के मामले 4 हजार के करीब पहुंच गए हैं। यानी किसी भी वक्त कोविड-19 के मामले 4 हजार के आंकड़े को पार कर सकते हैं। इस वक्त सबसे ज्यादा कोविड संक्रमित मरीज केरल (1435) में हैं। इसके बाद दूसरे नंबर पर महाराष्ट्र (506) और तीसरे नंबर पर दिल्ली (483) है। कोविड संक्रमण के कारण मौत के आंकड़ों की बात करें तो अब तक 34 कोविड मरीजों की मौत हो चुकी है। पिछले 24 घंटे के अंदर



4 लोगों ने संक्रमण के कारण दम तोड़ा है। मरने वालों में एक मरीज दिल्ली, एक केरल, एक महाराष्ट्र और एक तमिलनाडु का है। तेजी से बढ़ते संक्रमण और संक्रमित मरीजों के मौत के मामले ने सभी को डरा दिया है। उत्तर प्रदेश के नोएडा में पिछले 24 घंटे के अंदर एक कोविड पॉजीटिव केस मिला है, जिसके बाद कोविड संक्रमितों की तुलना अब 63 हो गई है, जिसमें महिला 31 और पुरुष 32 हैं।



बताया जा रहा है कि कोरोना वायरस कमजोर स्वास्थ्य वाले लोगों को ज्यादा निशाना बना रहा है। कोविड से होने वाली मौतों में एक समानता यह थी कि सभी मरीजों को पहले से कोई गंभीर बीमारी थी। ये लोग पूरी तरह स्वस्थ नहीं थे, बल्कि उनकी पहले से मौजूद स्वास्थ्य समस्याओं ने उन्हें ज्यादा कमजोर बना दिया था, जिससे वायरस उन्हें ज्यादा नुकसान पहुंचा पाया।

## लालू के लाल तेजप्रताप को मिला सुधाकर का साथ

● बोले-हिंदुओं में 2-3 शादियां जायज, लालू यादव फैसले पर फिर सोचें

**पटना (एजेंसी)।** अनुष्का संग रिश्ते और फोटो वायरल होने के बाद पार्टी-परिवार से निकाले गए तेजप्रताप यादव को आरजेडी सांसद सुधाकर सिंह का साथ मिला है। सुधाकर सिंह ने मोतिहारी में कहा, ये तेजप्रताप का निजी मसला है। शादी-ब्याह करना, ये कोई गुनाह नहीं है। हिंदू समाज में दो-तीन शादियों को वैध माना गया है। हमने समाजवादी विचारक डॉ. राम मनोहर लोहिया की किताबों में भी पढ़ा है कि ऐसे मामलों को समाज की स्वीकृति मिली है। तेजप्रताप को माफ करने के सवाल पर सुधाकर सिंह



ने कहा कि लालू प्रसाद यादव को एक पिता के रूप में अपने बेटे के फैसले को स्वीकार करना चाहिए। इसी बीच तेजप्रताप आरजेडी से ऑफिशियल तरीके से बाहर हो चुके हैं। रविवार को उनके निष्कासन का लेटर सार्वजनिक हुआ। आरजेडी के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुल बारी सिद्दीकी ने इसे लेकर पत्र जारी किया है। 6 दिन बाद सामने आए पत्र में एक लाइन में उनके निष्कासन की जानकारी है।

# रॉयल पत्रिका संपादकीय

## देश की बीमार स्वास्थ्य व्यवस्था पर सवाल

सरकार के तमाम दावों के बावजूद देश में स्वास्थ्य सेवाओं की सेहत लगातार बिगड़ रही है, तो आखिर इसकी वजह क्या है। प्रति वर्ष बजट में स्वास्थ्य के लिए जो राशि तय होती है, वह इतनी नहीं जिससे सभी नागरिकों को चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध हो सकें। सच्चाई यही है कि गंभीर बीमारी का इलाज कराने के क्रम में आम आदमी की सारी जमा-पूंजी खत्म हो जाती है। इसी वजह से कई परिवार तो गरीबी रेखा के नीचे चले जाते हैं। यह दुखद ही है कि आजादी के बाद से अब तक हम शहरों और गांवों में स्वास्थ्य सेवाओं का मजबूत ढांचा नहीं बना पाए हैं।

आज भी सरकारी अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों में आधुनिक उपकरणों और बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। इसका नतीजा अंतत: मरीजों को भुगतना पड़ता है। बीते दिनों बलिया में मोबाइल फोन की रोशनी में चार महिलाओं का प्रसव कराया गया। यह सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों की बदहाली की एक और बानगी है।

कई अस्पतालों में जेनरेटर और डीजल के अभाव का बहाना बनाया जाता है, लेकिन वहां इसकी सुविधा उपलब्ध होने पर भी यह नौबत क्यों आई, यह जांच का विषय है। इसी जिले में पिछले दिनों जिलाधिकारी के औचक निरीक्षण के दौरान सरकारी अस्पताल में अव्यवस्था उजागर हुई। हकीकत है कि देश में स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली आज भी कायम है।

आबादी के लिहाज से सरकारी अस्पतालों की संख्या काफी कम है। गांवों के मरीज उपचार के लिए शहरों की तरफ भागते हैं, जहां निजी अस्पतालों में अपनी थोड़ी बहुत बचत भी गंवा बैठते हैं। यह एक बड़ा सवाल है कि सेहत की देखभाल पर आम आदमी का खर्च कम क्यों नहीं हो रहा? यह सरकार के लिए भी एक चुनौती है। फिलहाल इस पर जोर देने की जरूरत है कि मरीजों का सुरक्षित उपचार हो और वे स्वस्थ होकर अपने घर लौटें।

बलिया की घटना से पहले भी टार्च की रोशनी में इलाज और आपरेशन किए जाने की खबरें आती रही हैं। उपचार में देरी और गलत निदान की वजह से मरीजों की मौत हो जाती है, इससे इनकार नहीं किया जा सकता। मसला अब बुनियादी सुविधाओं का भी है। स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही और बदहाली पर सवाल उठते हैं, तो यह गलत नही हैं।

# जातिगत जनगणना के पीछे क्या है सियासी गणित? जो कांग्रेस के एजेंडे में था, अचानक BJP क्यों हुई तैयार

जातिगत जनगणना की मांग दशकों से चली आ रही है, लेकिन केंद्र सरकार ने इसे हमेशा टालने की कोशिश की। अब अचानक मोदी सरकार ने इस पर सहमति दी है। 2025 की जनगणना में जातियों की गिनती की जाएगी। यह सिर्फ आंकड़ों का विषय नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय और राजनीतिक समीकरणों से जुड़ा बड़ा फैसला है। सवाल उठता है: बीजेपी, जो इस मांग का विरोध करती आई है, आखिर अब क्यों तैयार हुई?

सियासी पृष्ठभूमि और कांग्रेस का एजेंडा

कांग्रेस की पहल:

राहुल गांधी ने जातिगत जनगणना को "OBC न्याय" का मुद्दा बनाया। उन्होंने संसद और चुनावी रैलियों में इसे प्रमुखता दी। 2024 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने इसे अपने घोषणापत्र में शामिल कर वादा किया था कि सत्ता में आते ही जातिगत जनगणना कराएंगे।

OBC वोटबैंक की लड़ाई:

आजादी के बाद OBC वर्ग लंबे समय तक कांग्रेस के साथ रहा, लेकिन 2014 के बाद यह वोट बैंक BJP की ओर झुका। कांग्रेस अब इस वोट बैंक को फिर से अपने साथ जोड़ने की कोशिश में है।

'जनगणना नहीं, सत्ता की गिनती' का नारा:

राहुल गांधी बार-बार कहते रहे कि देश की 73% आबादी OBC, SC, ST है, लेकिन सत्ता में उनकी हिस्सेदारी बेहद कम है। जाति आधारित जनगणना के जरिए वे सत्ता में 'हिस्सेदारी' का सवाल उठा रहे हैं।

30 अप्रैल 2025 को राजनीतिक विषयों की कैबिनेट कमेटी ने जातिगत जनगणना कराने का फैसला लिया। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मीडिया को बताया कि जातियों की गणना अब आने वाली मूल जनगणना में ही शामिल होगी। राजनीतिक मामलों की कैबिनेट कमेटी के अध्यक्ष प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं। इसके अलावा इस कमेटी में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल भी इसमें शामिल हैं।

देश में पिछली जनगणना 2011 में हुई थी। इसे हर 10 साल में किया जाता है। इस हिसाब से 2021 में अगली जनगणना होनी थी, लेकिन कोविड-19 महामारी के कारण इसे टाल दिया गया था।

बिहार में अक्टूबर-नवंबर में चुनाव हैं, इसलिए कयास लगाए जा रहे हैं कि सरकार सिंतबर में ही जनगणना की शुरुआत कर सकती है। इसे पूरा होने में कम से कम 1 साल लगेगा, इसलिए जातिगत जनगणना के अंतिम आंकड़े 2026 के अंत या 2027 की शुरुआत तक आ सकते हैं।

जाति जनगणना के ऐलान के बाद राहुल गांधी ने कहा- हम इसे सपोर्ट करते हैं, लेकिन सरकार को इसकी समय सीमा बतानी होगी। हमने तेलंगाना में कास्ट सेंसस कराया, इसे मॉडल बनाया जा सकता है। हमें कास्ट सेंसस से आगे जाना है। किस जाति की ऊंचे पदों में कितनी हिस्सेदारी है, ये पता करनी है।

पूरे देश में जनगणना के लिए सरकारी कर्मचारियों की नियुक्ति होती है, इन्हें एन्यूमेरेटर कहते हैं। ये तय किए गए इलाकों में पहुंचकर तमाम जानकारियां जुटाते हैं। जनगणना दो हिस्सों में होती है-

हाउस लिस्टिंग और हाउस सेंसस: 1 से दो महीने के समय में सभी कच्चे-पक्के घरों की गिनती, बिजली, पेयजल, शौचालय, प्रॉपर्टी जैसे सवाल पूछे जाते हैं। अप्रैल-मई 2010 में इसमें 45 दिन का समय लगा था।

पापुलेशन काउंटिंग: इसमें करीब 1 महीने का समय लगता है। इसमें लोगों की उम्र, लिंग, परिवार, जन्म की तारीख, वैवाहिक स्थिति, पता, रोजगार, धर्म और SC/ST हैं तो उसकी डिटेल्स पूछी जाती हैं।

जनगणना का रिकॉर्ड बताता है कि हर बार पूछे जाने वाले सवालों की संख्या बढ़ जाती है। मसलन, 2001 की तुलना में 2011 की जनगणना में कई एक्स्ट्रा सवाल पूछे गए। जैसे- जहां आप नौकरी करते हैं वो जगह आपके घर से कितनी दूर है। गांव का नाम भी पहली बार पूछा गया था।

आखिर में इस डेटा को इकट्ठा करके इसे नेशनल पॉपुलेशन रजिस्टर में दर्ज किया जाता है। जनगणना अधिनियम 1948 के तहत जनगणना का विस्तृत डेटा गोपनीय रखा जाता है।

2011 तक जनगणना फॉर्म में कुल 29 कॉलम होते थे। इनमें नाम, पता, व्यवसाय, शिक्षा, रोजगार और माइग्रेशन जैसे सवालों के साथ केवल SC और ST कैटेगरी से ताल्लुक रखने को रिकॉर्ड किया जाता था। अब जाति जनगणना के लिए इसमें एक्स्ट्रा कॉलम जोड़े जा सकते हैं।

पॉलिटिकल एनालिस्ट रशीद किदवई कहते हैं कि मुसलमानों में भी कई पिछड़ी जातियां हैं। उनकी भी गिनती की जाएगी। मुख्य समस्या जनगणना के बाद शुरू होगी, जब इसे लेकर योजनाएं और रिजर्वेशन लागू करने की मांग होगी। मुसलमानों के अलावा महिलाओं या किसी भी अन्य जाति वर्ग को लेकर भी नए सिरे से एक बहस छिड़ेगी।

साल 1881 में अंग्रेजों ने पहली बार जनगणना करवाई थी। इसमें जातियों की भी गिनती होती थी। 1931 तक ऐसा ही चलता रहा। तब पूर्ण जातिगत जनगणना हुई थी। 1941 में जातिगत जनगणना तो हुई, लेकिन इसके आंकड़े सार्वजनिक नहीं किए गए।

इसके बाद आजाद भारत की पहली कैबिनेट में शामिल नेहरू, पटेल और आंबेडकर जैसे नेताओं ने तय किया कि जातिगत जनगणना नहीं करवाई जाएगी, क्योंकि इससे समाज में बंटवारा होगा।

आजादी के बाद 1951 में पहली जनगणना हुई, इसमें सभी जातियों के बजाय सिर्फ अनुसूचित जातियों (SC) और अनुसूचित जनजातियों (ST) की गिनती हुई। यानी SC और ST का डेटा दिया गया लेकिन OBC और दूसरी जातियों का डेटा नहीं दिया गया।

तब से ऐसा ही चला आ रहा है। हर दस साल में होने वाली जनगणना में SC और ST के अलावा दूसरी किसी भी जाति का डेटा नहीं दिया जाता है।

1951 से 2011 तक हर 10 साल पर जनगणना होती रही है। इसके पीछे संवैधानिक कारण हैं। दरअसल, संविधान की धारा 330 और 332 में यह प्रावधान है कि SC और ST समुदायों की जनसंख्या के आधार पर उनके लिए लोकसभा और राज्यसभा में सीटें रिजर्व की जाएं।

बिना सही जनसंख्या का पता लगाए उस अनुपात में सीटें रिजर्व करना संभव नहीं है, इसीलिए हर 10 साल में होने वाली जनगणना के साथ ही SC और ST के आंकड़े भी जारी किए जाते हैं। 2021 में जनगणना हुई नहीं है, इसलिए अभी SC और ST सीटों का रिजर्वेशन 2011 की जनगणना के आधार पर ही किया जाता है।

समय-समय पर पिछड़ी जातियों के रिजर्वेशन के लिए सभी जातियों की जनगणना की भी मांग की जाती रही है, लेकिन इसके लिए संविधान में कोई प्रावधान नहीं है। हालांकि, इस साल बिहार और कर्नाटक जैसे राज्यों में जातिगत सर्वे कराए गए हैं। 2023 में बिहार सरकार ने इसके आंकड़े भी जारी किए थे।

बिहार ने 2 अक्टूबर, 2023 को जातिगत जनगणना (सर्वे) के आंकड़े जारी किए थे। ऐसा करने वाला देश का पहला राज्य बना था। जातिगत जनगणना और जातिगत सर्वे में तीन बड़े फर्क हैं-

1. जातिगत जनगणना का अधिकार सिर्फ केंद्र को

राष्ट्रीय स्तर पर जनगणना करवाना केंद्र सरकार का अधिकार है। 1948 के जनगणना एक्ट के तहत केंद्र सरकार का गृह मंत्रालय जनगणना से जुड़े नियम बनाने, जनगणना के लिए कर्मचारी नियुक्त करने और लोगों से डेटा इकट्ठा करने का काम कर सकता है।

संविधान के आर्टिकल 246 के तहत जनगणना संघ सूची का विषय है। इस सूची में डिफेंस, विदेशी मामले, जनगणना और रेलवे जैसे 100 मुद्दे हैं, जिन पर सिर्फ संसद कानून बना सकती है। राज्य सरकारें अपने राज्य में सामाजिक और आर्थिक मामलों से जुड़ी योजनाएं बनाने के लिए सर्वे करवा सकती हैं। 2008 के सांख्यिकी संग्रह अधिनियम के तहत उन्हें इसका अधिकार है।

किसी सर्वेक्षण के लिए राज्य सरकार कोई कमेटी या आयोग भी बना सकती है। इसी अधिकार के तहत उत्तराखंड ने यूनिफॉर्म सिविल कोड के लिए कमेटी बनाई और सर्वे करके आंकड़े जुटाए थे।

सैम्पल साइज और डेटा में फर्क


जनगणना पूरे देश में चलने वाली एक लंबी प्रोसेस है। इसमें एक तय समय के दौरान पूरे देश के लोगों को शामिल किया जाता है, जबकि जातिगत सर्वे का सैम्पल साइज छोटा होता है।

जनगणना में कई तरह के सवाल पूछे जाते हैं, जबकि जातिगत सर्वे में सिर्फ समुदाय, जाति और उपजाति से जुड़े सवाल पूछे जाते हैं। बिहार में हुई जनगणना में सिर्फ 15 सवाल पूछे गए थे।

जनगणना संवैधानिक मुद्दा, जातिगत सर्वे राज्य सरकारों की मर्जी

जनगणना करवाने को लेकर संविधान में प्रावधान हैं। वहीं जातिगत सर्वे राज्य सरकारों की अपनी मर्जी से कराए जाते हैं। इसके पीछे अक्सर राजनीतिक मंशा होती है। जबकि तर्क ये दिया जाता है कि इससे योजनाएं और आरक्षण तय करने में मदद मिलेगी।

## सजगता से दूर होती है चिंता




संकलित

दर्शन

जब तुम चिंता का अनुभव करो, बहुत चिंताग्रस्त हो जाओ, तब इस विधि का प्रयोग करो। इसके लिए क्या करना होगा? जब साधारणतः तुम्हें चिंता घेरती है, तब तुम क्या करते हो? तुम उसका हल ढूंढते हो। उसके उपाय खोजते हो। लेकिन ऐसा करके तुम और भी चिंताग्रस्त हो जाते हो। तुम उपद्रव को बढ़ा लेते हो, क्योंकि विचार से चिंता का समाधान नहीं हो सकता है। विचार के द्वारा चिंता का विसर्जन नहीं हो सकता है, क्योंकि विचार स्वयं एक तरह की चिंता है। यह विधि बहुत आसान है। यह कहती है कि चिंता के साथ कुछ मत करो। सिर्फ सजग हो जाओ। मैं तुम्हें एक दूसरे जेन गुरु बोकोजू के संबंध में एक पुरानी कहानी सुनाता हूं। वह एक गुफा में अकेले रहते थे, बिल्कुल अकेले। लेकिन दिन में या कभी-कभी रात में भी वह जोरों से कहता थे, 'बोकोजू'। यह उनका अपना नाम था। और फिर वह खुद कहते, 'हां महोदय, मैं मौजूद हूं।' जबकि वहां कोई दूसरा नहीं होता था। उनके शिष्य उससे पूछते थे, 'क्यों आप अपना ही नाम पुकारते हैं और फिर खुद कहते हैं, हां, मैं उपस्थित हूं?' बोकोजू ने कहा, 'जब भी मैं विचार में डूबने लगता हूं तो मुझे सजग होना पड़ता है। इसीलिए मैं अपना नाम पुकारता हूं। जिस क्षण मैं बोकोजू कहता हूं और कहता हूं कि हां महाशय, मैं मौजूद हूं, उसी क्षण विचारणा, चिंता विलीन हो जाती है।' फिर अपने अंतिम दिनों में, आखिरी दो-तीन वर्षों में उन्होंने कभी अपना नाम नहीं पुकारा और न ही यह कहा कि हां, मैं मौजूद हूं।

## सिद्धियों का उचित प्रयोग ही करें



संकलित

प्रेरणा

चार विद्वान ब्राह्मण मित्र थे। एक दिन चारों ने संपूर्ण देश का भ्रमण कर हर प्रकार का ज्ञान अर्जित करने का निश्चय किया। चारों ब्राह्मणों ने चार दिशाएं पकड़ीं और अलग-अलग स्थानों पर रहकर अनेक प्रकार की विद्याएं सीखीं। पांच वर्ष बाद चारों अपने गृहनगर लौटे और एक जंगल में मिलने की बात तय की। चूंकि चारों परस्पर एक-दूसरे को अपनी गूढ़ विद्याओं व सिद्धियों को बताना चाहते थे, अतः इसके लिए जंगल से उपयुक्त अन्य कोई स्थान नहीं हो सकता था। जब चारों जंगल में एक स्थान पर एकत्रित हुए तो वहां उन्हें शेर के शरीर की एक हड्डी पड़ी हुई मिली। एक ब्राह्मण ने कहा: मैं अपनी विद्या से इस एक हड्डी से शेर का पूरा अस्थि पंजर बना सकता हूं। उसने ऐसा कर भी दिखाया। तब दूसरे ब्राह्मण ने कहा: मैं इसे त्वचा, मांस और रक्त प्रदान कर सकता हूं। फिर उसने यह कर दिया। अब उन लोगों के समक्ष एक शेर पड़ा था, जो प्राणविहीन था। अब तीसरा ब्राह्मण बोला: मैं इसमें अपनी सिद्धि के चमत्कार से प्राण डाल सकता हूं। चौथे ब्राह्मण ने उसे यह कहते हुए रोका: यह मूर्खता होगी। हमें तुम पर विश्वास है, किंतु यह करके न दिखाओ। किंतु तीसरे ब्राह्मण का तर्क था कि ऐसी सिद्धि का क्या लाभ जिसे क्रियान्वित न किया जाए। उसका हठ देखकर चौथा ब्राह्मण तत्काल पास के पेड़ पर चढ़कर बैठ गया। तीसरे ब्राह्मण के मंत्र पढ़ते ही शेर जीवित हो गया। प्राणों के संचार से शेर को आहार की आवश्यकता महसूस हुई और उसने सामने मौजूद तीनों ब्राह्मणों को मारकर खा लिया। चौथे ब्राह्मण ने समझदारी से अपने प्राण बचा लिए।

## सारा संसार



भगवान श्री कृष्ण की प्रेममय लीलास्थली के प्रति लोगों को प्रेरित करने के लिए वृंदावन में एक भव्य मंदिर लीलाधाम की स्थापना की गई। 221 फीट ऊंचे, सफेद पत्थरों वाले मंदिर में नौ मंजिला मंदिर की स्थापना सन 1969 में श्रीमद लीलानंद ठाकुर जी (पागलबाबा) द्वारा की गई।

कुदरत



डॉ कविता सिंधू ख़रीटा

## परिंदों की चहचहाहटः आशा की एक विलक्षण भाषा

हर सुबह जब हम अखबार खोलते हैं या टीवी ऑन करते हैं, तो हमारे सामने युद्ध, राजनीति, और समाज की गहरी चिंताओं से जुड़ी खबरें होती हैं। सड़कों पर चलते चेहरे थकान, चिंता और निराशा से भरे होते हैं, लेकिन इसी दुनिया में, इसी समय में, कुछ ऐसा भी है जो हमें इन सबसे ऊपर उठने की शक्ति देता है वो हैं चहचहाते परिंदे। मैंने यह महसूस किया है कि दिन की शुरुआत अगर इन परिंदों को देखकर हो, तो जीवन के कठोर यथार्थ के बीच भी एक मधुर संगीत सुनाई देता है, जो हमें सुकून देता है। कमरे की खिड़की पर बैठा एक छोटा सा परिंदा जब अपने नन्हे पंख फड़फड़ाता है या खुले लॉन में उड़ता है, तो लगता है जैसे प्रकृति हमें अब भी प्रेम और मासूमियत का संदेश दे रही है। इन परिंदों की मौजूदगी हमें याद दिलाती है कि इस जटिल और बेरहम समय में भी अगर हमारे पास देखने के लिए दो भोली आंखें और महसूस करने के लिए एक धड़कता दिल है, तो पृथ्वी पर अभी भी प्रेम, उल्लास और करुणा मौजूद हैं। यह दृश्य महज एक प्राकृतिक सौंदर्य नहीं, बल्कि मानवीय संवेदना का प्रतीक है। यह हमें प्रेरित करता है कि हम अपने भीतर की आशा, विश्वास और करुणा को जीवित रखें क्योंकि करुणा ही हमें सभी जीवों के प्रति आत्मीयता का भाव रखने की प्रेरणा देती है। जब हम परिंदों को देखते हैं, हम मानो खुद से, और इस दुनिया की सुंदरता से फिर से जुड़ जाते हैं। परिंदों की चहचहाहट केवल ध्वनि नहीं, वह एक मौन संवाद है, जो हमें कहता है कि जीवन अभी समाप्त नहीं हुआ है, कि हर अंधेरे के बाद एक सुबह होती है, और हर सर्दी के बाद बसंत लौटता है। जब ये परिंदे सुबह के शांत आकाश में उड़ते हैं, तो लगता है मानो वे जीवन के गीत गा रहे हों, गीत जो संघर्ष के बावजूद उम्मीदों से भरे हैं। इन नन्हें पंखों में जो उड़ान है, वह केवल आकाश में ऊँचाई को नापने की नहीं, बल्कि हमारे मन में जमी उदासी की परतों को हटाने की है। वे हमें याद दिलाते हैं कि अगर हम चाहे तो हर दिन एक नई शुरुआत हो सकती है एक नई सोच, एक नई ऊर्जा, एक नया विश्वास। आखिरकार, परिंदों की चहचहाहट एक अनकही कविता है प्रकृति द्वारा रची गई, हर दिल को छू लेने वाली, हर आत्मा को जगा देने वाली। यह आशा की वह भाषा है जिसे न तो किसी अनुवाद की आवश्यकता है और न ही किसी औपचारिकता की। यह सीधा दिल से दिल तक पहुंचती है। तो अगली बार जब आप किसी परिंदे को चहचहाते सुनें या उड़ते हुए देखें, तो बस एक पल रुक जाइए और भीतर तक गहराई से महसूस कीजिए कि आप भी उसी आशा का ही एक हिस्सा हैं, जो हर सुबह हमारे आसमान में पंख फैलाकर उड़ान भरती है।



(ये लेखिका के अपने विचार हैं।)

## अंतर्मन




### आज की पाती

**प्राइवेट सिस्टम : आम आदमी की जेब पर हमला**

भारत एक ऐसा देश है जहां शिक्षा और स्वास्थ्य को बुनियादी अधिकार माना जाता है। लेकिन जब यही अधिकार एक व्यापार का रूप ले लें, तो आम आदमी की जिंदगी में यह अधिकार बोझ बन जाते हैं। आज के दौर में प्राइवेट स्कूल और प्राइवेट हॉस्पिटल सुविधाओं के नाम पर ऐसी व्यवस्था खड़ी कर चुके हैं जो आम नागरिक की जेब पर सीधा हमला करती है। यह हमला सिर्फ आर्थिक नहीं, मानसिक और समाजिक भी है। प्राइवेट स्कूलों की बात करें तो अब ये शिक्षण संस्थान कम और फाइव स्टार होटल ज्यादा लगते हैं। स्कूल में दाखिले के लिए लाखों की डोनेशन, एडमिशन फीस, एनुअल चार्जेस, ड्रेस, किताबें, जूते, बस फीस, हर चीज में अलग-अलग मदों के नाम पर वसूली होती है। - चंद्रकांत पांडे, रायगढ़

## करंट अफेयर


### संरा महासभा ने जर्मनी की बेयरबॉक को अध्यक्ष चुना

संयुक्त राष्ट्र महासभा ने गुप्त मतदान की रूस की मांग के बीच जर्मनी की पूर्व विदेश मंत्री एनालेना बेयरबॉक को 193 सदस्यीय विश्व निकाय का अगला प्रमुख चुना। बेयरबॉक को 167 वोट मिले जो कि जीत के लिए आवश्यक 88 वोटों से लगभग दोगुने हैं जबकि उच्च पदस्थ जर्मन राजनयिक हेल्गा श्मिड को लिखित रूप में सात वोट मिले वहीं 14 देशों ने मतदान में भाग नहीं लिया। जर्मनी ने महासभा के अध्यक्ष पद के लिए श्मिड को नामित किया था, लेकिन हाल में हुए चुनाव में देश के विदेश मामलों के प्रमुख के पद से बैरबॉक की हार के बाद उन्हें ही नामित किया। इस निर्णय की जर्मनी में आलोचना भी की गई थी। जब 15 मई को बेयरबॉक अपनी उम्मीदवारी पर चर्चा करने के लिए महासभा के समक्ष उपस्थित हुईं तो संयुक्त राष्ट्र में रूस के उप राजदूत दिमित्री पोलियांस्की ने उन पर हमला बोलते हुए कहा था, ''सुश्री बेयरबॉक ने बार-बार अपनी अक्षमता, अत्यधिक पूर्वाग्रह और कूटनीति के बुनियादी सिद्धांतों की समझ नहीं होना साबित किया है।'' पोलियांस्की ने उन पर ''रूस विरोधी नीति'' अपनाने का आरोप लगाया साथ ही इस बात पर संदेह व्यक्त किया कि वह महासभा की अध्यक्ष के रूप में ''शांति और वार्ता के हित में कार्य करने में सक्षम होंगी।''



## ऑफ बीट

### क्या एआई एक संज्ञानात्मक क्रांति को जन्म दे रही है?




कृत्रिम मेधा (एआई) की शुरुआत मानव मस्तिष्क का अनुकरण करने की खोज के रूप में हुई थी। लेकिन अब यह हमारे दैनिक जीवन में मानव मस्तिष्क की भूमिका को बदलने की प्रक्रिया में है? औद्योगिक क्रांति ने शारीरिक श्रम की आवश्यकता को कम कर दिया था। अंतरराष्ट्रीय व्यापार में एआई के अनुप्रयोग पर शोध करने वाले व्यक्ति के रूप में मैं यह सोचने से खुद को नहीं रोक सका कि क्या एआई ज्ञान संबंधी क्रांति को बढ़ावा दे रही है या फिर ज्ञान संबंधी प्रक्रियाओं की आवश्यकता को समाप्त कर रही है क्योंकि एआई विद्यार्थियों, श्रमिकों और कलाकारों के लेखन, डिजाइन और निर्णय लेने के तरीके को नया आकार देती है। ग्राफिक डिजाइनर अपने ग्राहकों को अपने काम का नमूना दिखाने के लिए एआई का उपयोग करते हैं। बाजार में मौजूद कंपनियां एआई निर्मित प्रोफाइल बनाकर इस बात की तसदीक करती हैं कि उनके विज्ञापन किस तरह काम करेंगे। सॉफ्टवेयर इंजीनियर एआई कोडिंग सहायकों से काम कराते हैं। छात्र रिकॉर्ड समय मे निबंध की तैयारी के लिए एआई का उपयोग करते हैं और शिक्षक प्रतिक्रिया देने के लिए इसी तरह के टूल का उपयोग करते हैं। आर्थिक और सांस्कृतिक निहितार्थ हैं ज्यादा क्या होगा, जब लेखक को सही वाक्य लिखने के लिए संघर्ष नहीं करना पड़ेगा।

## ट्रेंड

### रचनात्मक भूमिका को तैयार



अन्नालेना बारबॉक को संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष के रूप में चुने जाने पर बधाई। महासभा की महत्वपूर्ण भूमिका को देखते हुए, भारत आपके नेतृत्व में साझा लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए रचनात्मक भूमिका निभाने के लिए तैयार है।

-एस जयशंकर, विदेश मंत्री

### बिना शर्त रिहाई का आह्वान



जून में यमन में हूथी अधिकारियों द्वारा राजनयिक मिशनों के दर्जनों कर्मियों को मनमाने ढंग से हिरासत में लिए जाने की घटना को एक साल हो गया है। मैं उनकी तत्काल और बिना शर्त रिहाई के लिए अपना आह्वान दोहराता हूं।

-एंटोनियो गुतारेस, यूएन महासचिव

### बीजेपी सिर्फ चुनाव लड़ेगी



भारतीय सेना पाकिस्तान से लड़ेगी। भारतीय सेना चीन से लड़ेगी। जनता अशिक्षा से लड़ेगी। बेरोजगारी से लड़ेगी। महंगाई से लड़ेगी। करोना से लड़ेगी। बीजेपी सिर्फ चुनाव लड़ेगी।

-संजय सिंह, आप नेता

### रोगियों के लिए अच्छी खबर



बिकारा ने सिर, गर्दन के कैंसर में फिसेराफुस्प अल्फा कीट्रूडा के लिए उत्तरजीविता डेटा प्रस्तुत किया: 21.3 महीने - 2 साल बाद गहरी और टिकाऊ प्रतिक्रिया अंतिम चरण के एचएनएससीसी रोगियों के लिए बहुत अच्छी खबर है।

-किरण मजूमदार-शॉ, उद्योगपति

रॉयल पत्रिका

# बजट वर्ष 2025-26 की समीक्षा बैठक



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि विकसित राजस्थान के विजन को प्रभावी गति देने के लिए बजट 2025-26 में सभी आवश्यक प्रावधान किए गए हैं। हमारे बजट में प्रदेश की 8 करोड़ जनता का कल्याण और समस्त 200 विधानसभाओं का सर्वांगीण विकास निहित है, जिससे प्रदेश वर्ष 2030 तक 350 बिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बन सकेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बजटीय प्रावधानों को समयबद्ध रूप से पूरा करने के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें।

शर्मा मंगलवार को मुख्यमंत्री निवास पर वर्ष 2025-26 की चरणबद्ध और एकीकृत रूप से लागू की जाने वाली बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन के संबंध में आयोजित समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे।

बैठक में उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन कार्यों का शिलान्यास हमारी सरकार के कार्यकाल में हो रहा है, उनका उद्घाटन भी हमारे ही कार्यकाल में हो इसके लिए सभी घोषणाओं को समय पर पूरा होना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग कार्ययोजना बनाकर चरणबद्ध रूप से होने वाले कार्यों के हर चरण की समय-सीमा तय करें और उसी अनुरूप कार्य करें। किसी भी स्तर पर लापरवाही बरतने वाले कार्मिकों पर सख्त कार्रवाई की जाए। शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार बजटीय घोषणाओं की प्रगति की नियमित मॉनिटरिंग कर रही है जिससे अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक इन जनकल्याणकारी योजनाओं का समय पर लाभ पहुंचना सुनिश्चित हो सके।

**आधारभूत ढांचे को किया जाए सुदृढ़, पारदर्शिता के साथ हो निर्माण कार्य —**

मुख्यमंत्री ने निर्माण कार्यों में पारदर्शिता एवं जवाबदेहिता के विशेष निर्देश प्रदान करते हुए कहा कि सुदृढ़ आधारभूत संरचना प्रदेश की अर्थव्यवस्था का प्रमुख आधार है।

उन्होंने कहा कि गुणवत्ता के विषय पर किसी भी स्तर पर समझौता नहीं किया जाए। सड़क निर्माण कार्यों का फिजिकल वेरिफिकेशन अनिवार्य रूप से करवाएं। साथ ही, बिजली, पानी, सीवर की लाइन डालने और सड़क बनाने के कार्य संबंधित विभाग आपसी समन्वय से करें, ताकि आमजन को आवागमन में किसी भी परेशानी का सामना ना करना पड़े। शर्मा ने इसके साथ ही, नए जीएसएस निर्माण कार्यों के लिए भूमि आवंटन का कार्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश भी दिए।

**गरीबी मुक्त होंगे राजस्थान के गांव—**

शर्मा ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में राज्य सरकार गरीब, युवा, किसान और महिला के उत्थान के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। गरीबीमुक्त राजस्थान की परिकल्पना को साकार करने के लिए हमने पंडित दीनदयाल उपाध्याय गरीबीमुक्त गांव योजना शुरू की है, जिसके तहत प्रथम चरण में 5 हजार गांवों के बीपीएल परिवारों को गरीबी रेखा से ऊपर लाने के लिए प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि इन परिवारों को केन्द्र और राज्य की योजनाओं से लाभान्वित करते हुए गरीबी से मुक्त किया जाए। उन्होंने युवाओं को रोजगारोन्मुखी कौशल प्रशिक्षण और महिलाओं को राजीविका से जोड़ने के लिए निर्देशित किया।

**शहरों का हो सुनियोजित विकास—**

मुख्यमंत्री ने कहा कि केन्द्र सरकार की स्मार्ट सिटी योजना की तर्ज पर प्रदेश के 16 शहरों को क्लीन एवं ग्रीन सिटी के रूप में विकसित करने की बजट में घोषणा की गई है। इन शहरों में सफाई, हरियाली, फुटपाथ निर्माण, सौन्दर्यीकरण जैसे कार्य सुनियोजित रूप से कर इन्हें मॉडल के रूप में विकसित किए जाएं। उन्होंने कहा कि नवगठित 65 नगरीय निकायों में वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट तथा एफएसटीपी की स्थापना भी शीघ्र की जाए।

**हवाई परिवहन सेवा के विस्तार से पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा—**

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। हमारे राज्य में विश्व प्रसिद्ध धार्मिक और ऐतिहासिक स्थल हैं। यहां पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए हवाई परिवहन को सुदृढ़ करना आवश्यक है। इसके लिए प्रदेशभर में हैलिपोर्ट्स विकसित कर पर्यटन एवं धार्मिक स्थलों के लिए हैलिकॉप्टर सेवा प्रारंभ की जाए। इससे पर्यटकों को सुविधाएं मिलने के साथ ही राजस्व में भी वृद्धि होगी।

# निरीक्षण के बाद भी सुधार नहीं तो होगी अनुशासनात्मक कार्रवाई

## -परिवार के सदस्य की तरह करें रोगी की देखभाल- चिकित्सा मंत्री



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। प्रदेश के मेडिकल कॉलेज एवं इनसे संबद्ध अस्पतालों का अब नियमित निरीक्षण होगा। निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों का निर्धारित अवधि में निस्तारण नहीं होने पर संबंधित अधिकारी के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, साफ—सफाई, मरम्मत, जांच, दवा एवं उपचार की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करते हुए अस्पतालों को पेशेंट फ्रेण्डली बनाया जाएगा।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों एवं इनसे संबद्ध अस्पतालों का निरीक्षण कर लौटी टीमों से सोमवार को सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज के सभागार में चर्चा करते हुए इस संबंध में निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य का विषय बेहद संवेदनशील है, इसमें किसी भी स्तर पर कोताही बर्दाश्त नहीं की जा सकती। सभी अधिकारी अपने क्षेत्राधिकार से संबंधित अस्पतालों का नियमित निरीक्षण करें और निरीक्षण में पाई गई कमियों में तत्काल सुधार भी करें।

**रोगी को नया जीवन देने से बड़ा कोई पुण्य नहीं**

खींवसर ने कहा कि चिकित्सा अधिकारी अस्पताल को अपना घर और रोगियों को परिवार का सदस्य मानते हुए मानवीय भाव के साथ सेवाएं दें। जिस प्रकार घर का रख—रखाव करते हैं और परिवार के सदस्यों की देखभाल करते हैं, उसी तरह अस्पताल एवं रोगियों की सेवा करें। रोगी को नया जीवन देने से बड़ा कोई पुण्य कार्य नहीं। उन्होंने कहा कि विगत दिनों किए गए निरीक्षण में जो कमियां सामने आई हैं या जिन संसाधनों की आवश्यकता महसूस की गई है, उनकी विस्तृत रिपोर्ट के साथ शीघ्र चर्चा करें, ताकि इन कमियों जल्द दूर किया जा सके। उन्होंने चिकित्सा शिक्षा विभाग की ओर से संचालिए किए गए इस निरीक्षण अभियान की सराहना की और ऐसे अभियान निरंतर चलाए जाने की आवश्यकता व्यक्त की।

**33 टीमों ने किया निरीक्षण, रिपोर्ट तैयार**

चिकित्सा शिक्षा सचिव अम्बरीष कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर की पहल पर मेडिकल कॉलेजों एवं इनसे संबद्ध अस्पतालों में शुक्रवार को 33 टीमों में करीब 150 अधिकारियों ने सघन निरीक्षण किया था। निरीक्षणों के तहत अस्पतालों में साफ—सफाई, बिजली उपकरणों की स्थिति और भवनों का गहन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण की रिपोर्ट तैयार कर ली गई है। इसके आधार पर मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों में शीघ्र सुधार करवाए जाएंगे।

**बुनियादी ढांचे को विश्वस्तरीय बनाने की दिशा में पहल**

चिकित्सा शिक्षा आयुक्त इकबाल खान ने बताया कि सभी चिकित्सा शिक्षा संस्थानों में स्वच्छता और बुनियादी ढांचे के मानकों को विश्वस्तरीय बनाने की दिशा में यह पहल की गई है।

निरीक्षण में अस्पताल परिसरों में स्वच्छता की समुचित व्यवस्था, भवनों की आवश्यक मरम्मत, चिकित्सा संसाधनों की उपलब्धता, रोगियों की सुविधा, सुरक्षा प्रबंध तथा सेवाओं की गुणवत्ता का मूल्यांकन किया गया है। साथ ही, बायोमेडिकल वेस्ट का उचित निस्तारण, बुनियादी सुविधाओं जैसे बिजली, पानी आदि की उपलब्धता और अग्निशमन उपकरणों की क्रियाशीलता भी जांची गई है।

**मरम्मत कार्यों के लिए 44 करोड़ की स्वीकृति**

अतिरिक्त निदेशक नरेश गोयल ने बताया कि सार्वजनिक निर्माण विभाग ने मरम्मत कार्यों के लिए करीब 84 करोड़ रूपए की आवश्यकता बताई थी, जिसके विरूद्ध अस्पतालों द्वारा करीब 44 करोड़ रूपए की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी की जा चुकी है। प्रदेश के 81 अस्पतालों में से 29 अस्पतालों में पीडब्ल्यूडी चौकी की स्थापना के लिए जगह आवंटित कर दी गई है। मेंटीनेंस कार्यों के लिए निविदा प्रक्रियाधीन है।

# वंदे गंगा जल संरक्षण- जन अभियान से बदलेगी जयपुर के जल स्रोतों की तस्वीर और तकदीर

## - वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान की समस्त तैयारियां हो सुनिश्चित
## - अभियान के तहत जयपुर के 1 हजार 778 कार्यों का लोकार्पण एवं अवलोकन



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। विश्व पर्यावरण दिवस एवं गंगा दशमी के अवसर पर प्रदेशव्यापी वंदे गंगा जल संरक्षण- जन अभियान का शुभारंभ होगा।

राज्य सरकार ने 5 से 20 जून तक प्रदेशभर में वंदे गंगा जल संरक्षण-जन अभियान संचालित करने का फैसला किया है। अभियान का शुभारम्भ मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कर कमलों से होगा।

जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने विभागीय अधिकारियों को अभियान को सफल बनाने एवंज जन-जन का अभियान बनाने के लिए आपसी समन्वय एवं सहयोग से अभियान की समस्त तैयारियां सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं।

अभियान के तहत जिले के जल स्रोतों, नदियों, जलधाराओं एवं तालाबों पर जल पूजन, कलश यात्रा, जागरूकता कार्यक्रम व स्वच्छता अभियान, जल संग्रहण संरचनाओं का लोकार्पण और नई संरचनाओं के शिलान्यास जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। हर गांव और हर व्यक्ति को अभियान से जोड़ते हुए इसे जन आंदोलन का स्वरूप दिया जाएगा।

जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने जिले के भामाशाहों, जनप्रतिनिधियों, स्वयंसेवी संस्थाओं, कार्मिकों और आमजन से अभियान को जन आंदोलन बनाने का आह्वान किया।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद श्रीमती प्रतिभा वर्मा ने बताया कि ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज वन विभाग, जल संसाधन एवं अन्य विभागों के 56.49 करोड़ की लागत के 1778 कार्यों का लोकार्पण एवं अवलोकन किया जावेगा।

शहरी क्षेत्र में गलता जी तीर्थ, जग्गा की बावडी, खनिया की बावड़ी एवं अन्य महव्वपूर्ण स्थानों पर श्रमदान, पौधारोपण तथा साफ सफाई का आयोजन किया जावेगा। साथ ही, विभिन्न विभागों के करीब 99 करोड़ की कुल 1 हजार 949 कार्यों का शुभारंभ एवं शिलान्यास किया जायेगा। अभियान के तहत 1 हजार 500 राजस्व गांवों में पौधारोपण के कार्य भी किया जाएंगे।

उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान महापुरुषों के प्रतिमाओं की सफाई, अस्पतालों की स्वच्छता, तुलसी के पौधों का वितरण जैसी अन्य गतिविधियों भी आयोजित होंगी। इस अवसर पर जल पूजन कार्यक्रम किया जाएगा जागरूकता बढ़ाने और परंपरागत स्रोतों के संरक्षण के प्रति जागरूक करने के विशेष कार्यक्रमों का भी राजस्व ग्राम स्तर पर आयोजन किया जावेगा।

उन्होंने बताया कि वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान को सफल बनाने के लिए अधिकांश विभागों को जिम्मेदारी दी गई है साथ ही जिले समस्त जन प्रतिनिधियों से भी अनुरोध किया गया है, अभियान में राजीविका स्वयं सहायता समूह की महिलाओ का ग्रामीण क्षेत्र में जागरूकता के लिये विशेष सहयोग लिया जावेगा।

# जल्द शुरू होंगे मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा के रजिस्ट्रेशन

## -पशुपालन मंत्री ने योजना की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। पशुपालन, डेयरी एवं देवस्थान विभाग मंत्री जोराराम कुमावत ने कहा कि राज्य सरकार की बजट घोषणा 2025-26 के तहत मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना के लिए रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया जल्द ही प्रारंभ होगी। योजना के तहत पशुपालक परिवारों के 42 लाख गाय, भैंस, भेड़, बकरी और ऊंट का रिस्क कवर किया जाएगा। कुमावत मंगलवार को शासन सचिवालय में आयोजित योजना की समीक्षा बैठक में बोल रहे थे। बैठक में पशुपालन विभाग के शासन सचिव डॉ. समित शर्मा, निदेशक डॉ. आनंद सेजरा, वित सचिव नवीन जैन, राज्य बीमा और प्रावधायी निधि विभाग के अधिकारी तथा पशुपालन विभाग के अतिरिक्त निदेशक डॉ. सुरेश मीना सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

कुमावत ने कहा कि यह योजना मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की महत्वाकांक्षी योजना है। उन्होंने योजना का प्रभावी रूप से क्रियान्वयन करने के लिए अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि पशुओं के हेल्थ सर्टिफिकेट के साथ ही उसकी बीमा पॉलिसी भी जारी की जाए जिससे यह काम अपने निर्धारित समयावधि में पूरा हो सके। उन्होंने पिछले वर्ष की बीमा पॉलिसी जारी करने की धीमी गति पर नाराजगी जाहिर करते हुए सर्वेयर की संख्या में बढ़ोतरी करने के निर्देश दिए।

बैठक में बजट घोषणा के मुताबिक इस वर्ष 42 लाख पशुओं का बीमा कवर करने के संबंध में विस्तार से चर्चा हुई और कुमावत ने विभाग के अधिकारियों को इसी महीने नए रजिस्ट्रेशन के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए।

बाद में मीडिया से बात करते हुए कुमावत ने बताया कि वर्ष-2024-25 में कुल 16 लाख 72 हजार ऑनलाइन आवेदन प्राप्त हुए थे। इनमें से पशुपालन विभाग ने 9 लाख 76 हजार पशुओं के हेल्थ सर्टिफिकेट जारी कर दिए हैं। इनमें से 4 लाख 40 हजार राज्य बीमा और प्रावधायी निधि विभाग (एसआईपीएफ) की ओर से बीमा पॉलिसी जारी कर दी गई है। शेष बीमा पॉलिसी व हेल्थ सर्टिफिकेट जारी करने के कार्य को जल्द से जल्द पूरा करने के लिए अधिकारियों को पाबंद किया गया है। इसके साथ ही बजट 2025-26 की घोषणा के तहत नए रजिस्ट्रेशन के लिए इसी महीने ऑनलाइन आवेदन शुरू करने के लिए भी कहा गया है। उन्होंने बताया कि इस बार इस कार्य को निर्धारित अवधि में पूरा करने के उदेश्य से बीमा कंपनी को भी सर्वेयर की संख्या बढ़ाने के लिए कहा गया है। उल्लेखनीय है कि इस योजना के तहत पशुओं की आकस्मिक मृत्यु पर पशुपालक परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। इस योजना में प्रदेश के जनआधार धारक पशुपालक पात्र होंगे। बीमा के लिए गोपालक क्रेडिट कार्ड धारक और लखपति दीदी पशुपालकों को प्राथमिकता दी जाएगी। साथ ही अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिए क्रमशः 16 और 12 प्रतिशत का आरक्षण है। चयनित पशुपालकों के दुधारू पशु (गाय, भैंस) या बकरी, भेड़ व ऊंट का निःशुल्क बीमा किया जाएगा। लेकिन यह बीमा केवल उन्हीं पशुओं का होगा जो अन्य किसी योजना में बीमित नहीं हैं। यह बीमा एक वर्ष के लिए होगा और पशुपालक को इसके लिए कोई प्रीमियम नहीं देना होगा। बीमा राशि का निर्धारण पशु की नस्ल, उम्र और उत्पादन क्षमता के आधार पर किया जाएगा, लेकिन अधिकतम राशि 40 हजार रुपए से अधिक नहीं होगी।

# उपमुख्यमंत्री ने मानसून की तैयारियों की समीक्षा की

## - सड़कों को सुचारु रखें ताकि आमजन को परिवहन में बाधा न आये- दिया कुमारी



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों को मानसून में अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि मानसून पूर्व ही सड़कों को संधारित रखने के लिए की जाने वाली सभी आवश्यक तैयारियाँ पूरी कर ली जायें ताकि बरसात के सीजन में परिवहन एवं यातायात व्यवस्था सुचारू एवं निर्बाध रहें। उपमुख्यमंत्री ने मंगलवार को निर्माण भवन में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए मानसून पूर्व की तैयारियो की समीक्षा की।

उपमुख्यमंत्री ने निर्देश दिए है कि जिन स्थानों पर पानी जमा होता है वहां कच्ची ड्रेन खोदकर पानी निकासी की व्यवस्था रखें और पानी जमा नही होने दे। इसके साथ ही यदि किसी सड़क मार्ग पर बरसात के कारण कटाव या खड्डे हो गये हो तो उन्हें प्रारम्भिक स्तर ही भरवा दे। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि क्षतिग्रत पुलिया, रपट आदि की मरम्मत के लिए जो स्वीकृतियां जारी हो चुकी है उन कार्यो को जल्दी पूरा करवा ले। उन्होंने कहा है कि यदि बरसात के मौसम में कार्मिकों की लापरवाही से सड़क टूटने और यातायात बाधित होने की शिकायत मिलेगी तो संबंधितों के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जायेगी।

उपमुख्यमंत्री ने निर्देश दिए है कि अधिकारी सभी पुराने भवनों का निरीक्षण करें और जो भवन जर्जर हो चुके हैं उन्हें अनुपयोगी घोषित कर तुरंत प्रभाव से खाली करवायें। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि संबधित अधिकारी तत्काल प्रभाव से कंट्रोल रूम स्थापित करवाकर अति वर्षा व बाढ जैसी स्थिति से निपटने की सभी आवश्यक तैयारिया पूरी कर लें ।

उपमुख्यमंत्री ने कहा है कि प्रदेश में जितने भी अटल पथ व अन्य सड़कें बनायी जायें उनके साथ नाली बनाने का भी प्रावधान रखें ताकि जल भराव के कारण बार बार सड़क टूटने की समस्या से निजात मिल सकें।

अब हर सप्ताह संभाग वार समीक्षा होगी-

उप मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए है की प्रदेश की सड़क परियोजनाओं के प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए इसी माह से हर सप्ताह संभागवार समीक्षा बैठक आयोजित की जाए। इस बैठक में उस संभाग की सभी सड़क परियोजनाओं, बजट घोषणाओं सहित सभी कार्यों की प्रगति की समीक्षा की जाएंगी ।

इस दौरान उन्होंने संभाग वार सड़क परियोजनाओं की प्रगति और मानसून की तैयारियो की समीक्षा की। इस अवसर पर विभाग के एसीएस प्रवीण गुप्ता, शासन सचिव डी आर मेघवाल, मुख्य अभियंता एवं अतिरिक्त सचिव टी सी गुप्ता सहित पीडब्ल्यूडी एवं एनएचएआई के अधिकारी एवं वीसी के माध्यम से संभाग एव जिलों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# सीवर संधारण समिति की बैठक हुई आयोजित



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। सीवर संधारण समिति अध्यक्ष अक्षत खूंटेटा की अध्यक्षता में सोमवार को नगर निगम मुख्यालय के पन्नाधाय सभागार में बैठक आयोजित की गई जिसमें वर्षा से पूर्व सीवर लाईनों की सफाई, मैन हॉल, चैम्बर इत्यादि की मरम्मत के कार्यों की प्रगति की समीक्षा, जोन स्तर पर नई सीवर लाईन/मरम्मत के कार्यां की सूची के साथ करवाये जा रहे कार्यों की समीक्षा, सेप्टिक टैंक के स्लज को टेंकर के द्वारा सीवर लाईन के मैनहॉल में खाली किये जाने हेतु सभी जोन क्षेत्र में इस कार्य हेतु सीवर मैनहॉल का चिन्हिकरण किया जाकर टेंकरों को पंजीकृत किये जाने के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में सभी जोन अधिशासी अभियन्ता, सीएसआई मौजूद रहे। सीवर संधारण समिति अध्यक्ष अक्षत खूंटेटा ने बताया कि समस्त जोनों में विद्यमान सीवर लाइनों के रख-रखाव में आ रही समस्याओं, सीवर कनेक्शन, रोड कट की अनुमति, अवैध रूप से सीवर लाइन में ठोस अपशिष्ट आदि डाले जाने पर जुर्माना, चालान की कार्यवाही की जाकर राजस्व को बढ़ाने के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई।

## स्वर्णकार सेवा दल द्वारा जयपुर में हुआ समाज के बच्चों की नृत्य प्रतियोगिता

मनोहरपूर,(रॉयल पत्रिका)। राजस्थान प्रदेश महामंत्री एडवोकेट डिम्पल सोनी ने बताया कि 51 बच्चों की हुई प्रतियोगिता जिसमें हरियाणा लक्ष्मणगढ़ नवलगढ़ सीकर के बच्चे हुए उपस्थित । आयोजन में मंच संचालन सीतल बैवाल ने किया। आयोजन में प्रथम विजेतता जयपुर की पूर्वी सोनी रही वही सेकंड विजेता नवलगढ़ के इंद्रजीत सोनी रहे तृतीय स्थान पर वंशिका सोनी रही।

जज की भूमिका रजनी ग्रोवर ओर उनकी टीम ने अदा की । आयोजन में स्वर्णकार समाज के प्रबुद्ध जन रहे मौजूद ।

## शाहपुरा में बेजुबान पक्षियों के लिये बांधे परिंडे,गायो के लिए रखी पानी की टंकी

मनोहरपूर, (रॉयल पत्रिका)। कस्बे की सामाजिक कार्यों में अग्रणी संस्था जय श्री राम सेवा समिती की ओर से गर्मी के मौसम में पक्षियों को प्यास से बचाने के लिए परिंडे लगाओ महाअभियान का परमानंद धाम महाराज हरिओम दास की अपील पर शुभारंभ किया। कस्बे में जगह-जगह परिंडे बांध नियमित पानी से परिंडो को भरकर रखने की जिम्मेदारी तय की गई। परिंडो की व्यवस्था एडवोकेट सीताराम नोसादर की और से की गई। समिती अध्यक्ष नवल टेलर, संयोजक रमेंश कुमावत ने बताया कि गर्मी के मौसम में मनुष्य तो कही से भी किसी भी जगह हो पानी की व्यवस्था कर अपनी प्यास बुझा लेता है। लेकिन पक्षी पानी के अभाव में तडप-तडप कर मौत के शिकार हो जाते हैं। गर्मी के मौसम में पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करना सबसे बडा पुण्य का काम है। समिती सदस्य धर्मपाल यादव,लोकेश सामोता ने बताया कि इस मौके पर गायो के पानी की व्यवस्था के लिए टंकी रखवाई गयी। इस महाअभियान को इसी क्रम में अधिक से अधिक जीव जंतुओं के लिए पानी की व्यवस्था के लिए बढाना है। इस मौके पर मोनू सैनी, दशरथ गुर्जर, याकूब खान, कैलाश सैनी, पूरण गुर्जर, राकेश चौधरी, भीमाराम यादव, कालू सोनी, सुरेंद्र सैनी समेत अनैक सदस्य मौजूद रहे।

### आवश्यक नम्बर (रॉयल पत्रिका)

| बिजली फॉल्ट के लिए | |
|---|---|
| टोल फ्री नंबर | 18001806507 |
| वॉट्सएप नंबर | 9414037085 |
| कस्टमर केयर | 2203000 |
| आईवीआरएस | 1912 |
| **कचरा गाड़ी के लिए** | |
| ग्रेटर | 2747400 |
| सौवरेज लीकेज | 2607500 |
| हेरिटेज | 2607500 |
| टोल फ्री नंबर | 14420 |
| **पुलिस की मदद के लिए** | |
| साइबर क्राइम | 1930/2360094 |
| कंट्रोल रूम | 2388435/36/37/38 |
| ट्रैफिक कंट्रोल रूम | 2565630 |
| चाइल्ड हेल्पलाइन | 1098 |
| महिला हेल्पलाइन | 1090 |
| मुख्यमंत्री पोर्टल | 181 |

| पानी के लिए | |
|---|---|
| जलदाय कार्यालय | 2706624 |
| फायर ब्रिगेड | 2747400 |
| **मेडिकल इमरजेंसी के लिए** | |
| एंबुलेंस | 102/108 |
| एसएमएस इमरजेंसी | 2518333 |
| महिला चिकित्सालय | 22610616 |
| जनाना हॉस्पिटल | 22378721 |
| SDMH | 22574189 |
| SMS ब्लड बैंक | 22518222 |
| कल्याण ब्लड बैंक | 22721771 |
| **घायल पशुओं के लिए** | |
| नगर निगम | 2747400 |
| बर्ड बाइक | 9887345580 |
| हैल्प इन सफरिंग | 8107299711 |
| जनमंच ट्रस्ट | 7230055800 |
| पशु चिकित्सालय | 2747400 |

# एन एस यू आई छात्र प्रतिनिधि मंडल द्वारा पांच सूत्रीय मांगों को लेकर प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन



बारां, (रॉयल पत्रिका)। एन एस यू आई प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों ने राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य को ज्ञापन सौंप कर महाविद्यालय के अंदर हो रही अव्यवस्थाओं को ठीक करने, कॉलेज के मुख्य द्वार पर स्पीड ब्रेकर ना होने के कारण बढ़ते हादसों को लेकर चिंता जताई। साथ ही में पूर्व में हुए हादसों के बारे में, पीने के पानी के लिए भी बेहतर इंतेज़ाम करने, पीने की टंकियां समय-समय से साफ करने सहित विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन दिया। छात्र संघ महासचिव साजिद हुसैन ने परीक्षा के समय महाविद्यालय परिसर से छात्र छात्राओं की गाड़ी मोबाइल फोन पर्स चोरी की घटना का जिक्र करते हुए राजकीय महाविद्यालय परिसर के अंदर गार्ड चौकीदार लगाने की मांग की। छात्र छात्राओं से साईकिल स्टैंड के नाम से लिया जाने वाला लाखों का शुल्क उसका विवरण भी छात्र प्रतिनिधि मंडल ने मांगा। साजिद हुसैन ने कहा कि अगर छात्र छात्राओं से विकास शुल्क या अन्य किसी तरह से पैसा शिक्षा के नाम पर लिया जा रहा है तो फिर छात्र छात्राओं की व्यवस्था भी उसी प्रकार से होना चाहिए, अगर हमारी मांगे समय रहते नहीं मानी गई तो एन एस यू आई एक बड़ा आंदोलन करेगी जिसकी जिम्मेदारी राजकीय महाविद्यालय बारां प्रशासन की होंगी। ज्ञापन देने वालों में एन एस यू आई के वरिष्ठ छात्र हेमंत सोढाना, तेजकरण धाकड़, निक्की मीणा, अंकित,गोकुल पंकज, छात्र संघ महासचिव साजिद हुसैन, सूरज हाड़ा, लवी शर्मा, सुमित गुर्जर, अभिषेक भूमलिया, सचिन, रवि, प्रिंस, केशव मालव, कृष्णा, गोलू आदि मौजूद रहे।

# जिले में 610 बीघा अतिक्रमित वनभूमि को कराया गया मुक्त

## -5 लाख 47 हजार का माल जब्त

**शब्बीर हुसैन**



बारां, (रॉयल पत्रिका)। जिले में वन विभाग द्वारा अवैध अतिक्रमण के खिलाफ चलाए जा रहे सतत अभियान के अंतर्गत रविवार 1 जून को कार्रवाही की गई। अनिल यादव, उप वन संरक्षक बारां के नेतृत्व एवं मौजूदगी में रेंज किशनगंज के ग्राम कुंदा, गीदपट्टा एवं राजखेड़ा में कुल 610 बीघा वनभूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया।

इस कार्रवाही के तहत ग्राम कुंदा में 35 बीघा, ग्राम गीदपट्टा में 362 बीघा तथा ग्राम राजखेड़ा में 213 बीघा भूमि से अवैध कब्जा हटाया गया। कार्रवाही सुबह 9 बजे से सांय 5 बजे तक चली, जिसमें तीन JCB मशीनों की सहायता ली गई। मौके पर से अवैध खेती में उपयोग होने वाले संसाधनों में 5 डीजल इंजन (पानी निकालने हेतु), 418 प्लास्टिक पाइप, 2 बंड फार्म, 1 कल्टीवेटर एवं 14 जाली के बंडल जब्त किए गए। इन सभी सामानों को राजस्थान वन अधिनियम 1953 की धारा 52(2) के अंतर्गत सीज किया गया है। जब्त किए गए माल की अनुमानित बाजार कीमत लगभग ₹5,47,800 आँकी गई है। इस महत्वपूर्ण कार्रवाही में रेंजर दीपक शर्मा (किशनगंज) सहित रेंज अंता, किशनगंज, केलवाड़ा एवं नाहरगढ़ के कुल 55 महिला एवं पुरुष वनकर्मियों की सक्रिय भागीदारी रही।

# बारां महिला कांगेस जिलाध्यक्ष बनने पर बृजेश वर्मा का किया स्वागत



बारां, (रॉयल पत्रिका)। जिला कांगेस कमेटी अल्पसंख्याक विभाग द्वारा रविवार को महिला कांगेस की दूसरी बार जिलाध्यक्ष बनने पर बृजेश वर्मा का निजी आवास पर जाकर फूल माला पहनाकर साफा बांधकर मुंह मीठा करवाकर स्वागत कर किया। इस दोरान कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के सरपरस्त जाकिर मंसूरी, जिलाध्यक्ष शाहिद कुंडी ,शहर अध्यक्ष शाहिद इकबाल भाटी, समाजसेवी शेख बहादुर, प्रदेश अल्पसंख्यक विभाग के पूर्व सचिव रईस फेजी व फरीदा शेख आदि सदस्य मोजूद रहे।

# ग्राम पंचायत खटूपुरा में जिला विधिक चेतना समिति के सदस्य कृष्ण पाल ने जनउपयोगी सेवाओं के संबंध में ग्रामीणों को जागरूक किया



सवाई माधोपुर,(रॉयल पत्रिका)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर एवं अध्यक्ष व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर के तत्वावधान में मंगलवार को ग्राम पंचायत खटूपुरा में स्थाई लोक अदालत में दर्ज होने वाले जनउपयोगी सेवाओं से संबंधित प्रकरणों के संबंध में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जागरूकता शिविर में जिला विधिक चेतना समिति के सदस्य कृष्णपाल द्वारा उपस्थित ग्रामवासियों को बताया गया कि जनहित सेवाओं से संबंधित मुकदमों को दायर करने से पहले आपसी सुलह से निपटाने के लिए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा स्थाई लोक अदालत की स्थापना की गई है। कोई भी पक्ष जिसके प्रकरण का संबंध जनहित सेवाओं जैसे बैंकिंग एवं वित्तीय सेवा, बीमा सेवा, लोक स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, विद्त, पानी, आवास एवं भू संपदा सेवा, डाक एवं टेलीफोन सेवा, शैक्षणिक संस्थानों से संबंधित सेवाओ से हैं। वह अपने प्रकरणों का निस्तारण करवाने के लिए स्थाई लोक अदालत के समक्ष आवेदन कर सकता है, स्थाई लोक अदालत जनउपयोगी सेवाओं से संबंधित प्रकरणों के त्वरित निस्तारण का एक बेहतरीन विकल्प है। जिला विधिक चेतना समिति के सदस्य कृष्णपाल द्वारा उपस्थित ग्रामवासियों से जनहित सेवाओं से संबंधित अपने प्रकरणों को स्थाई लोक अदालत के समक्ष प्रस्तुत करने के संबंध में अपील की गई ।

# जोधपुर में मुस्लिम समाज की शादी-ब्याह में बढ़ती कुरीतियों और डीजे बैण्ड व फिजूलखर्ची की रोकथाम को लेकर संगोष्ठी आयोजित




जोधपुर, (रॉयल पत्रिका)। इस्लाहे मुआशरा (समाज सुधारक) की जानिब से आध्यात्मिक इस्लामी संस्थान द्वारूल उलूम इस्हाकिया के तत्वावधान में "मुस्लिम समाज के शादी-ब्याह में बढ़ रही कुरीतियों व फिजूलखर्ची की रोकथाम" विषयक संगोष्ठी का आयोजन पाल लिंक रोड स्थित मौलाना अबुल कलाम आजाद मुस्लिम स्कूल परिसर में किया गया।

संगोष्ठी की अध्यक्षता मुफ्ती-ए-आज़म राजस्थान मौलाना शेर मोहम्मद खान रिजवी ने की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि इस्लाम सादगी और समाज के व्यापक सुधार की बात करता है। उन्होंने शादी-ब्याह में होने वाले अनावश्यक खर्चों, डीजे बैण्ड के साथ औरतों के नाच-गाने और दिखावे को न केवल गैर-इस्लामी बताया, बल्कि इसे सामाजिक बुराई भी करार दिया। मुफ्ती ए आजम राजस्थान ने ऐसी शादियों में उलेमा-ए-किराम को भी दूर रहने की हिदायत दी।

बिलाल मस्जिद के इमाम मौलाना अब्दुल्लाह ने कुरआनी हिदायतों का हवाला देते हुए कहा कि समाज में गलत काम को रोकना हर मुसलमान की जिम्मेदारी है — चाहे वह हाथ से हो, मुहब्बत से समझाकर हो या कम से कम दिल में बुरा मानकर।

लायकान मस्जिद के इमाम मौलाना मोहम्मद फयाज अहमद रिजवी ने शादियों में कुरीतियों के साथ-साथ जुआखोरी और शराब जैसी सामाजिक बुराइयों पर भी चिंता जताई और कहा कि समाज को मुहब्बत और समझदारी से सुधारने की जरूरत है। मौलाना मोहम्मद साजिद ने कहा कि उलेमा-ए-किराम सामाजिक कुरीतियों को दूर करने में अपना पूरा सहयोग करते हैं। लेकिन कामयाबी तभी मिलेगी, जब समाज के जिम्मेदार बुजुर्ग व नौजवान बुराईयों को रोकने में हम-कदम होकर साथ देंगे। शाहिद खान सिंधी ने कहा कि जिन शादियों मे बुराई दिखे वहां हमें शामिल होने से रूकना होगा, तभी समाज में सुधार संभव होगा।

संगोष्ठी में पठान खान मेहर, अब्बासी समाज पूर्व सदर सलीम पंवार, शहाबुद्दीन मेहर, मोहम्मद युसुफ गट्टसा, कुरैशी समाज से निसार अहमद कुरैशी, चढ़वा समाज से मोहम्मद अली, सिंधी समाज से सलीम मेहर, घोसी समाज से कमरुद्दीन सोलंकी, इरफान कुरैशी, छीपा समाज से मोहम्मद इमरान व एडवोकेट मोहम्मद अकबर सहित समाजों के सदर, सचिव व नौजवान ने बड़ी संख्या में शामिल हुए और समाज सुधार में सहयोग का संकल्प लिया।

इस्लाहे मुआशरा नौजवानों की यह पहल समाज में सकारात्मक परिवर्तन की ओर एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# सुकेत कस्बे में आठवीं बोर्ड रिलायबल स्कूल के शत प्रतिशत रहा




सुकेत,(रॉयल पत्रिका)। रिलायबल पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने आठवीं बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया। परिणाम शत-प्रतिशत रहा। कुल 26 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। सदफ खानम, जिकरा खानम और जोया बेग ने ए ग्रेड प्राप्त किए। संस्थानिदेशक डॉ. जरीफ अहमद ने बताया कि यह परिणाम स्कूल की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का प्रमाण है।

ए ग्रेड पाने वाले विद्यार्थियों को संस्था सचिव शरीफ अहमद ने माला पहनाकर और मेडल देकर सम्मानित किया।

# 5 जून से शुरू होगा 'वंदे गंगा' जल संरक्षण जन अभियान

## -आपणी योजना धन्नासर में होगा जिला स्तरीय कार्यक्रम



हनुमानगढ़, (रॉयल पत्रिका)। जल संरक्षण और पर्यावरण बचाव को लेकर हनुमानगढ़ जिले में 5 से 20 जून तक 'वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान' चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत जिले में विविध कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की जाएगी। अभियान का शुभारंभ 5 जून को गंगा दशमी और विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 'आपणी योजना' धन्नासर में जिला स्तरीय कार्यक्रम के साथ होगा, जिसमें प्रभारी मंत्री एवं प्रभारी सचिव शिरकत करेंगे। इसके साथ ही उपखंड और ग्राम पंचायत स्तर पर भी जल स्वावलंबन पखवाड़े की शुरुआत की जाएगी। प्रतिदिन एक उपखंड में जिला स्तरीय कार्यक्रम तथा अन्य उपखंड मुख्यालयों पर स्थानीय स्तर के आयोजन होंगे।

अभियान की पूर्व तैयारियों के तहत 4 जून को जिले भर में प्रभात फेरी निकाली जाएगी तथा आमजन को पीले चावल वितरित कर कार्यक्रम में आमंत्रित किया जाएगा। वहीं जिला मुख्यालय पर भगत सिंह चौक से सेंट्रल पार्क तक प्रातः साइकिल रैली निकाली जाएगी। 5 जून को जल संरक्षण पखवाड़े के आगाज़ के साथ तुलसी पौधों का वितरण, प्लास्टिक मुक्त जीवन की शपथ, नेचर वॉक, निबंध, भाषण और कविता प्रतियोगिताएं, बाल सभा, जल स्रोतों की सफाई और नुक्कड़ नाटक जैसे कार्यक्रम आयोजित होंगे। सांस्कृतिक संध्या का आयोजन भी जनभागीदारी को प्रेरित करेगा।

अभियान के अंतर्गत 6 जून निर्जला एकादशी से लेकर 20 जून तक प्रतिदिन कार्यक्रम होंगे। इसको लेकर जिला कलेक्टर काना राम ने संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर दिशा-निर्देश दिए। जल संसाधन मंत्री द्वारा भी वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से राज्यभर के अधिकारियों को जागरूकता फैलाने और अधिकतम जनभागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। प्रत्येक ग्राम पंचायत में 8 और 20 जून को विशेष ग्राम सभाएं होंगी, जिनमें जल संचय से जुड़ी कम से कम 20 गतिविधियों का चयन कर 30 नवम्बर तक पूर्ण किया जाएगा। अभियान में समाजसेवी संस्थाओं, एनजीओ, भामाशाहों और आमजन की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

# समाजसेवी साबीरा बानो की जयंती पर खिराजे- अकिदत पेश की

## -बालक-बालिकाओं को ड्रेस चंपल फल जूस राशन वितरित किया गया



चूरू, (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय पर झुग्गी झोपड़ी में रहने वाली बालिकाओ को व हाउसिंग बोर्ड स्थित संस्कार केन्द्र में रॉयल विकलांग विकास संस्थान चूरू के प्रदेशाध्यक्ष अख्तर खान रूकनखानी ने अपनी माता समाजसेवीका इन्दिरा मेमोरियल पब्लिक स्कूल चूरू भूतपूर्व संचालिका साबीरा बानो की पांचवीं पुण्यतिथि के अवसर पर 40 बालिकाओ को ड्रेस, चप्पल,फल, जूस, राशन किट वितरित किए कार्यक्रम में शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष असलम खोखर मुख्य रूप से उपस्थित रहे समाज सेवी डॉ. यूनुस खान रूकनखानी ने बताया कि गरीब असहाय बच्चों के ऐसे कार्यक्रम करना पुण्य का काम है। स्कूल के अध्यक्ष हाजी यूसुफ खान रूकनखानी ने कहा कि समय समय पर ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने चाहिए। इस दौरान रसूल ख़ान रूकनखानी, इब्राहिम खान रूकनखानी, पार्षद प्रतिनिधि अजीज खान दिलावर खानी, पार्षद प्रतिनिधि असलम खान मोयल पार्षद तोफिक खान, पार्षद शमीउल्लाह, पार्षद अली मोहम्मद भाटी, पार्षद फारुक खान, मुस्लिम राजपूत महासभा राजस्थान प्रदेशाध्यक्ष अब्बास खान मोयल राणा, मोहम्मद अली खान, मुबारिक खान, मोहम्मद हुसैन, अकरम खान, जैनब खान, जिया खान, आरुशाह खान, रिया खान, अल्वी खान, फरहान खान, फरमान खान, फरियाद खान दोलतखानी, रिहान खान, रुकसाना बानो, आलिया खान, तमन्ना बानो, हारुन तेली, महाराणा प्रताप संस्कार केंद्र के महिपाल शर्मा, कालू मोहम्मद, नबी अगवान, सद्दाम हुसैन आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सलमान खान रूकनखानी ने किया।

# सेवा और सद्भाव के साथ मनाया जाएगा राहुल गांधी का जन्मदिवस

## -भुज में रक्तदान शिविर एवं फल वितरण कार्यक्रम– इंजीनियर इंसाफ आज़ाद

**शब्बीर हुसैन**

भुज/कोटा, (रॉयल पत्रिका)। इंजीनियर इंसाफ आज़ाद एडवोकेट सुप्रीम कोर्ट एवं राष्ट्रीय संयोजक एवं सदस्य, अनुशासनात्मक समिति, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी नई दिल्ली एवं इंचार्ज ने सोमवार को गुजरात के निजी सचिव ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग, नई दिल्ली के निर्देशानुसार आगामी 19 जून 2025 को भुज जिला कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग द्वारा एक विशाल रक्तदान शिविर एवं फल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी के जन्मदिवस के अवसर पर सेवा, समर्पण और सामाजिक उत्तरदायित्व के भाव को लेकर आयोजित किया जा रहा है।

इस विशेष अवसर पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग, नई दिल्ली के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद, इमरान प्रतापगढ़ी मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे।

कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल राहुल गांधी के जन्मदिवस को सामाजिक सरोकार से जोड़ना है, बल्कि रक्तदान जैसे पुनीत कार्य के माध्यम से आमजन को मानवता के प्रति प्रेरित करना भी है। साथ ही, ज़रूरतमंदों के बीच फल वितरण कर कांग्रेस पार्टी द्वारा सेवा, करुणा और एकता के मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा । स्थान: भुज, जिला कच्छ (गुजरात),



समय: प्रातः 10:00 बजे भुज जिला कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग सभी कार्यकर्ताओं, नागरिकों, युवाओं सहित सम्पूर्ण गुजरात प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के सभी प्रदेश पदाधिकारी एवं सभी जिला अध्यक्ष एवं सामाजिक संगठनों से इस जनसेवा-प्रधान कार्यक्रम में सहभागी बनने हेतु सम्मिलित होंगे।

# ऑल इंडिया कराटे प्रतियोगिता में जयशंकर टाईगर क्लब के खिलाड़ियों ने पदक जीतकर भरतपुर का परचम लहराया

## -खेल से खिलाड़ियों में राष्ट्रीय चरित्र का निर्माण होता है - संतोष कुमार कटारा




भरतपुर,(रॉयल पत्रिका)। खेल कराते लीग के बैनर तले जयपुर के सुबोध पब्लिक स्कूल में बुधवार को दो दिवसीय ऑल इंडिया कराते चैंपियनशिप आयोजित हुई। खेल कराते लीग के निर्देशक धनंजय त्यागी के निर्देशन में एवं दिवांशु जोनवाल, सौरभ यादव एवं मोहित शर्मा के मार्गदर्शन में जयशंकर टाईगर क्लब भरतपुर के विजेता प्रतिभागियों को पदक एवं प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया।

भरतपुर कराते संघ सचिव पीयूष जयशंकर टाईगर ने बताया कि विजेता खिलाड़ियों के भरतपुर आगमन पर केशव नगर स्थित उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर प्रांगण में आदर्श विद्या मंदिर समिति भरतपुर के जिला सचिव संतोष कुमार कटारा के सानिध्य में विजेता प्रतिभागियों का स्वागत एवं सम्मान किया गया।

आदर्श विद्या मंदिर समिति भरतपुर के जिला सचिव संतोष कुमार कटारा ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल से खिलाड़ियों में राष्ट्रीय चरित्र का निर्माण होता है, मार्शल आर्ट से एकाग्रता, भाईचारा एवं राष्ट्रीयता की भावना जागृत होती है। संतोष कटारा ने अपने उद्बोधन में कहा कि जयशंकर टाईगर संस्थान भरतपुर जिले की बेटियों को सशक्त बनाने में मील का पत्थर साबित हो रही है, संस्थान विगत 40 वर्षों से बेटियों को आत्मनिर्भरता विकसित करने में एक महती भूमिका अदा कर रही है।

महिला प्रशिक्षक दीप्ति शर्मा ने बताया कि कुमिते प्रतियोगिता में रामया शर्मा, यशस्वी राजपूत, माधव सिंह, प्रबल लवानिया, अमित गुर्जर, योगेश, वंशिका सेन, युवराज सिंह, लवली माहौर, यशोदा कुमारी, गुड़िया सेन, विशाल जाटव, रौनक कोली, अमर महेश्वरी,अमित सिंह, कन्नू राजपूत एवं सौरभ सेन को प्रशस्ति पत्र एवं मैडल देकर पुरस्कृत किया।

समारोह में संस्था की अध्यक्ष प्रतिभा शर्मा ने कहा कि खेल प्रतिभा तो बहुत हैं उन्हें तराशने की जरूरत है, खिलाड़ियों को आगे लाने के लिए प्रयास किए जाने चाहिए। ऑल इंडिया कराते टूर्नामेंट में भारत के विभिन्न राज्यों के करीब एक हजार से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम के अंत में खेल कराते लीग के निर्देशक धनंजय त्यागी ने महिला प्रशिक्षक दीप्ति शर्मा एवं प्रशिक्षक पीयूष जयशंकर टाईगर को ऑफिशल शील्ड देकर सम्मानित किया।

# हिट एण्ड रन प्रकरणों में पीड़ितों को मिलेगी मुआवजा राशि



पाली, (रॉयल पत्रिका)। उच्चतम न्यायालय एवं राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार हिट एंड रन प्रकरणों में पीडितों को क्षतिपूर्ति मुआवजा राशि दिये जाने के लिए जारी स्कीम "हिट एण्ड रन मोटर यान दुर्घटना पीड़ित प्रतिकर स्कीम, 2022" के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए पाली जिले के लिए गठित निगरानी समिति की बैठक मंगलवार को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट पाली श्रीमती ऋचा चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट पाली ने बताया कि ऐसे प्रकरण जिनमें अज्ञात वाहन द्वारा मोटरयान दुर्घटना कारित हुई हो, उन प्रकरणों में दुर्घटना में मृत्यु कारित होने पर उक्त स्कीम के तहत् प्रतिकर राशि देने का प्रावधान है। इस स्कीम के तहत प्रतिकर के लिए आवेदन संबंधित दावा जांच अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी), के समक्ष करना होता है, जो जांच के पश्चात् आवेदन क्लेम सेटलमेंट कमीश्नर (जिला कलेक्टर) को भेजते हैं, जो उचित प्रतिकर राशि स्वीकृत करते हैं। लेकिन आमजन में इस योजना के प्रति जागरूकता का अभाव होने के कारण पीड़ित इस योजना का उचित रूप से लाभ प्राप्त नही कर पाते है। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट पाली द्वारा निगरानी समिति की बैठक में निगरानी समिति के सदस्यों को हिट एण्ड रन प्रकरणों के लंबित रहे आवेदनों पर शीघ्र आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए है। इसके साथ ही हिट एंड रन प्रकरणों में पीड़ितों को इस योजना से अवगत कराते हुए मुआवजा के लिए दावा जांच अधिकारी के समक्ष आवेदन प्रस्तुत करने के संबंध में जागरूक करने के निर्देश दिये गये। बैठक में "हिट एण्ड रन मोटर यान दुर्घटना पीड़ित प्रतिकर स्कीम, 2022" के बारे में आमजन को जानकारी नहीं होने के कारण अधिकाधिक प्रचार-प्रसार पर बल दिये जाने पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में उपखंड अधिकारी पाली विमलेंद्र राणावत, उपाधीक्षक पुलिस यातायात शाखा सुघाड़ सिंह उपस्थित रहें।

# झुंझनूं एकेडमी सीबीएसई के 11 विद्यार्थियों ने शानदार रैंक हासिल की

झुंझुनूं, (रॉयल पत्रिका)। अपने सर्वश्रेष्ठ परीक्षा परिणामों के लिए विख्यात झुंझुनूं एकेडमी सीबीएसई के विद्यार्थियों ने जेईई एडवांस परीक्षा में सर्वश्रेष्ठ परिणाम देकर एक बार फिर से शेखावाटी में अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की है। जानकारी देते हुए स्कूल निदेशक आकाश मोदी ने बताया कि 02 जून को घोषित जेईई एडवांस-2025 के परीक्षा परिणामों में झुंझुनूं एकेडमी के 11 होनहार विद्यार्थियों ने शानदार रैंक हासिल की। उन्होंने बताया कि झुंझुनूं के अक्षत अग्रवाल ने जेईई एडवांस में पूरे भारत में 8000 वीं रैंक वहीं केटेगरी में 942 वीं रैंक अर्जित कर अपने गुरुजनों व माता-पिता का नाम रोशन किया। इसके अतिरिक्त केशव महमिया ने 8883 वीं रैंक वहीं केटेगरी में 1050 वीं रैंक हासिल की है इसी कड़ी में अंश शर्मा ने केटेगरी में 1340 वीं रैंक, अंकित कुमार ने केटेगरी में 1855 वीं रैंक, मयंक जानू ने केटेगरी में 2400 वीं रैंक, अदिति चौधरी ने 15846 वीं रैंक तन्वी धींवा ने केटेगरी में 3721 वीं रैंक, कृष्णा शर्मा ने 19322 वीं रैंक, अदिति पुनियां ने केटेगरी में 4768 वीं रैंक,युगांक सिंह ने केटेगरी में 4823 वीं रैंक व लक्ष्यता ने केटेगरी में 4925 वीं रैंक अर्जित कर आई आई टी में जाने का सपना साकार किया। इस अवसर पर झुंझुनूं एकेडमी चेयरमैन डॉ. दिलीप मोदी, मैनेजिंग डायरेक्टर नीरजा मोदी, स्कूल डायरेक्टर आकाश मोदी, गरिमा मोदी, छात्रावास निदेशक कुरड़ाराम धींवा, स्कूल प्राचार्य डॉ. रविशंकर शर्मा, उप प्राचार्या सरोज सिंह, एडमिशन डायरेक्टर श्यामसुन्दर शर्मा, हेडमिस्ट्रेस उमा शर्मा एवं प्रशासक कमलेश कुलहरि सहित सभी स्कूल पदाधिकारियों एवं स्टाफ मेंबर्स ने सभी विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## श्री केशव सीमेंट एंड इंफ्रा ने एफवाय25 के लिए 125 करोड़ की आय दर्ज की

मुंबई, एजेंसी। श्री केशव सीमेंट एंड इंफ्रा लिमिटेड (बीएसई - 530977), जो कर्नाटक राज्य में सीमेंट निर्माण और सौर ऊर्जा उत्पादन एवं वितरण के क्षेत्र में कार्यरत है, ने चौथी तिमाही (क्यू4) और पूरे वित्त वर्ष 2024-25 (एफवाय25) के लिए अपने ऑडिट किए गए वित्तीय परिणाम घोषित किए हैं। कंपनी के प्रदर्शन पर श्री वेंकटेश कटवा (चेयरमैन, श्री केशव सीमेंट एंड इंफ्रा लिमिटेड) का बयान- एफवाय25 हमारे लिए एक चुनौतीपूर्ण वर्ष रहा, जिसमें हमारी कुल आय 124.60 करोड़ पर स्थिर रही। सीमेंट और सौर ऊर्जा दोनों क्षेत्रों में टॉपलाइन ग्रोथ पर दबाव के बावजूद, हमने 25.17 करोड़ का इबीआईटीडीए हासिल किया और 20.73 प्रतिशत का इबीआईटीडीए मार्जिन बनाए रखा। राजस्व में गिरावट के प्रमुख कारण रहे व्यापक आर्थिक चुनौतियाँ, बुनियादी ढांचा क्षेत्र में कमजोर मांग के कारण मार्जिन में गिरावट, नवीकरणीय ऊर्जा निवेश पर नीतिगत अनिश्चितताएँ, हालांकि इन बाहरी कारकों ने हमारी टॉपलाइन को प्रभावित किया, लेकिन लागत नियंत्रण और परिचालन दक्षता पर हमारे फोकस ने हमें लाभप्रदता बनाए रखने में मदद की। हम इस चरण को एक अवसर के रूप में देखते हैं ताकि हम अपनी नींव को और मजबूत कर सकें और एफवाय26 में अधिक लचीले और विविधीकृत विकास के रास्ते पर आगे बढ़ सकें। क्षमता उपयोग का अनुकूलन, उत्पाद मिश्रण में सुधार और नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में विस्तार जैसे रणनीतिक कदम उठाए जा रहे हैं।

## शेरा एनर्जी ने एफवाय 25 में कुल आय 1,200 करोड़ के पार की

मुंबई। शेरा एनर्जी लिमिटेड जो नॉन-फेरस धातुओं से बने वाइंडिंग वायर और स्ट्रिप्स की अग्रणी निर्माता कंपनियों में से एक है, ने एच2 एफवाय25 और एफवाय25 के लिए अपने ऑडिटेड समेकित (कंसोलिडेटेड) वित्तीय परिणामों की घोषणा की है।

प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए शेरा एनर्जी लिमिटेड के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक नसीम शेख ने कहा, एफवाय25 में हमने रणनीतिक पूंजी निवेश और व्यापार विस्तार के माध्यम से अपनी विकास गति को और मजबूत किया। हमने एक प्रेफरेंशियल अलॉटमेंट के माध्यम से इक्विटी आधार को मजबूत किया और वित्तीय लचीलापन बढ़ाया। साथ ही, हमने शेरा मेटल प्राइवेट लिमिटेड में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाकर उसकी दीर्घकालिक विकास क्षमता पर अपना विश्वास दोहराया।

हमारे इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स योजनानुसार प्रगति कर रहे हैं — राजपुताना इंडस्ट्रीज़ में मशीनरी की स्थापना एफवाय25-26 की पहली तिमाही तक पूरी होने की उम्मीद है, और शेरा मेटल प्रा. लि. की बिल्डिंग और मशीनरी सेटअप एफवाय26 की पहली तिमाही में पूरा होने का अनुमान है। इन दोनों सब्सिडियरीज में वाणिज्यिक उत्पादन एफवाय25-26 की दूसरी तिमाही से शुरू होने की संभावना है।

जाम्बिया में हमारी अंतरराष्ट्रीय इकाई अगले तीन वर्षों में समग्र मार्जिन में महत्वपूर्ण सुधार लाएगी। वैश्विक स्तर पर वाइंडिंग वायर उद्योग स्थिर वृद्धि देख रहा है, जिसे ऑटोमोबाइल, औद्योगिक, इलेक्ट्रॉनिक्स और नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्रों से बढ़ती मांग का समर्थन मिल रहा है। ऊर्जा दक्षता और इलेक्ट्रिक मोबिलिटी की ओर रुझान इस प्रवृत्ति को और गति दे रहा है। भारत में यह क्षेत्र ट्रांसफॉर्मर, मोटर और इलेक्ट्रिकल सिस्टम की स्थायी मांग के साथ देश के औद्योगिक और आधारभूत ढांचे के विकास में अहम भूमिका निभा रहा है। आने वाले समय में हम मजबूत गति बनाए रखने को लेकर आश्वस्त हैं। हमारा फोकस सतत विकास, संचालन में दक्षता और रणनीतिक निवेशों से अधिकतम रिटर्न हासिल करने पर है। विस्तार की मजबूत योजनाएं, विविध उत्पाद पोर्टफोलियो और सब्सिडियरी व अंतरराष्ट्रीय परियोजनाओं में उत्साहजनक प्रगति के साथ, हम उभरते अवसरों का भरपूर लाभ उठाने के लिए तैयार हैं।

# स्टेपअपः महंगाई को मात देने का फंडा

## अपनाएं स्टेपअप एसआईपी और तेजी से बढ़ाएं निवेश



नई दिल्ली, एजेंसी। अगर आप भविष्य के लिए धन जोड़ना चाहते हैं, चाहे वह रिटायरमेंट हो, बच्चों की पढ़ाई या घर खरीदने का सपना...म्यूचुअल फंड में एसआईपी (सिस्टेमेटिक इन्वेस्टमेंट प्लान) एक बेहतरीन तरीका है। लेकिन, अगर आप चाहते हैं कि समय के साथ बढ़ रहे महंगाई के बावजूद आपका पैसा और तेजी से बढ़े एवं आप अपने लक्ष्य को समय से पहले हासिल कर लें, तो स्टेपअप एसआईपी की रणनीति अपनाना बहुत उपयोगी साबित हो सकता है।

स्टेपअप एसआईपी निवेश का एक ऐसा तरीका है, जिसमें आप हर साल अपनी मासिक एसआईपी राशि बढ़ा देते हैं। यह वृद्धि एक निश्चित राशि में या प्रतिशत में हो सकती है। निश्चित राशि से स्टेपअप की बात करें तो अगर आप 5,000 प्रति माह की एसआईपी शुरू करते हैं और हर साल 1000 रुपये स्टेपअप करते हैं, तो दूसरे साल आपकी एसआईपी राशि बढ़कर 6,000 रुपये और तीसरे साल 7,000 रुपये प्रति माह हो जाएगी।इसी प्रकार लगातार 1000 रुपये से बढ़ती जाएगी। अगर प्रतिशत वृद्धि से स्टेपअप विकल्प चुनते हैं और 10 फीसदी स्टेपअप तय करते है, तो 5,000 रुपये प्रति माह से शुरू एसआईपी दूसरे साल 10 फीसदी बढ़कर 5,500, तीसरे साल 6050 रुपये प्रतिमाह और इसी प्रकार हर साल 10 फीसदी बढ़ती जाएगी।

### इन लोगों के लिए ज्यादा फायदेमंद

- नौकरीपेशा युवा जो अभी करियर की शुरुआत में हैं, लेकिन भविष्य में आय बढ़ने की संभावना है।
- बिजनेस करने वाले लोग, जिनकी आमदनी हर साल बढ़ती है।
- वे लोग जो बच्चों की पढ़ाई, रिटायरमेंट या घर खरीदने जैसे लॉन्ग टर्म लक्ष्य के लिए निवेश कर रहे हैं।

### ऐसे चुन सकते हैं स्टेपअप की रकम

एसआईपी में स्टेपअप की रकम तय करते समय कुछजरूरी बातों का ध्यान रखना आवश्यक है।आमतौर पर हर साल 10 से 15 फीसदी एसआईपी बढ़ाना एक अच्छा विकल्प होता है। अगर आपका वेतन हर साल 10-12 फीसदी बढ़ता है, तो एसआईपी में 10 फीसदी स्टेपअप आसानी से हो सकता है।

### बड़े काम की चीज है स्टेपिंग

मान लीजिए, आप 15 साल के लिए 5,000 रुपये की एसआईपी करते हैं और आपको औसतन 12 फीसदी रिटर्न मिलता है, तो आपको करीब 25 लाख रुपये का फंड मिलेगा। लेकिन, अगर आप हर साल 1,000 रुपये की स्टेपअप एसआईपी करते हैं, तो यही फंड करीब 40 लाख रुपये हो सकता है। यानी बहुत ज्यादा बोझ बढ़ाए बिना आप अपने फंड को करीब 60 फीसदी तक बढ़ा सकते हैं।

### ऐसे काम करती है यह रणनीति

स्टेपअप एसआईपी की रणनीति आपकी आय ग्रोथ के साथ मेल खाती है। जैसे-जैसे आपका वेतन या बिजनेस इनकम बढ़ती है, वैसे-वैसे आप अपनी एसआईपी में भी थोड़ा और पैसा जोड़ सकते हैं। इससे न सिर्फ आपका निवेश बड़ा होता है, बल्कि कंपाउंडिंग का फायदा भी कई गुना बढ़ जाता है।

### इसलिए जरूरी है रणनीति अपनाना

आय बढ़ती है तो निवेश क्यों नहीं जैसे-जैसे आपकी कमाई बढ़ती है, खर्च भी बढ़ता है। लेकिन, अगर आप उसी अनुपात में निवेश नहीं बढ़ाते, तो भविष्य के लक्ष्यों तक पहुंचना कठिन हो सकता है। महंगाई को मात देने के लिए- आज आप जो खर्च 10 लाख रुपये में पूरा कर पा रहे हैं, वह 10 साल बाद शायद 20 लाख रुपये में भी पूरा न हो सके। इसलिए, निवेश में बढ़ोतरी करना जरूरी है। कंपाउंडिंग का मैजिक : जैसे-जैसे आप ज्यादा निवेश करेंगे, कंपाउंडिंग का फायदा भी उतना ही ज्यादा मिलेगा। यही आपको वित्तीय लक्ष्य जल्द हासिल करने में मदद करता है।

## सोने के भाव में फिर उछाल



नई दिल्ली, एजेंसी। सर्राफा बाजारों आज एक बार फिर सोने-चांदी के रेट में बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। 24 कैरेट गोल्ड की कीमत आज जहां 837 रुपये प्रति 10 ग्राम उछली है वहीं, चांदी के भाव में महज 66 रुपये प्रति किलो की गिरावट दर्ज की गई है। आज 24 कैरेट सोना बिना जीएसटी के 96192 रुपये के रेट से खुला। वहीं, चांदी के रेट 97392 रुपये पर आ गए हैं। 3 प्रतिशत जीएसटी के साथ आज सोना 99077 रुपये प्रति 10 ग्राम और चांदी 100313 रुपये प्रति किलो की दर से बिक रही है। सोने-चांदी के हाजिर भाव इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन ने जारी किए हैं। इनमें जीएसटी नहीं लगा है। हो सकता है आपके शहर में इससे 1000 से 2000 रुपये का अंतर आ रहा हो। आईबीजेए दिन में दो बार रेट जारी करता है। एक बार दोपहर 12 बजे के करीब दूसरा 5 बजे के आसपास। अभी यह रेट दोपहर वाला है।

**22 कैरेट गोल्ड का औसत हाजिर भाव-** आईबीजेए रेट्स के मुताबिक 23 कैरेट गोल्ड भी आज 834 रुपये महंगा होकर 95807 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव से खुला। वहीं, 22 कैरेट गोल्ड का औसत हाजिर भाव दोपहर सवा 12 बजे के करीब 767 रुपये चढ़कर 88112 रुपये प्रति 10 ग्राम के रेट पर खुला। 18 कैरेट गोल्ड का भाव भी 628 रुपये महंगा होकर 72144 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। जबकि, 14 कैरेट गोल्ड की कीमत 489 रुपये चढ़ कर 55272 रुपये पर पहुंच गई है।

**इंडिगो और एयर इंडिया से कर रही बात**

# भारत में संभावनाएं तलाश रही विमान बनाने वाली कंपनी एंबरेयर

नई दिल्ली, एजेंसी। ब्राजील की विमान बनाने वाली कंपनी एंबरेयर का फोकस अब भारत पर है। एंबरेयर ने कहा है कि उन्हें भारत के विशाल बाजार में कमर्शियल, बिजनेस और सैन्य विमानों के लिए बड़ा बाजार दिखाई दे रहा है। कंपनी के सीईओ फ्रैंकोइस गोम्स नेटो इन दिनों भारत दौरे पर हैं। नई दिल्ली में इंटरनेशनल एयर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन की बैठक में शामिल होने आए नेटो ने कहा कि उनकी कंपनी विमानों की खरीद के लिए भारतीय एयरलाइंस जैसे इंडिगो और एयर इंडिया के साथ बातचीत कर रही है।

**भारत में पैर जमाना चाहती है एंबरेयर-** भारत में संभावनाओं को देखते हुए एंबरेयर ने नई दिल्ली में अपना कॉरपोरेट ऑफिस भी खोला है। एंबरेयर अपने ई-2 विमानों को भारत में बेचने की कोशिश कर रही है, जो 146 सीटों वाला विमान है। नेटो ने बताया कि एंबरेयर ने भारत में विमानों के बाजार को देखते हुए एक अधिग्रहण टीम नियुक्त की है। साथ ही कंपनी ने सरकार से संपर्क के लिए, संचार, इंजीनियरिंग, सेल्स और मार्केटिंग के लिए भी टीमें नियुक्त कर दी हैं। अभी भी भारत में एंबरेयर के 50 से ज्यादा विमान भारत में संचालित हो रहे हैं। ये विमान कमर्शियल, बिजनेस वर्ग के साथ ही रक्षा क्षेत्र में भी संचालित हैं। क्षेत्रीय विमानन कंपनी स्टार एयर के पास एंबरेयर विमान हैं। नेटो ने बताया कि उनकी कंपनी भारत में ही मेंटिनेंस के लिए अपना केंद्र स्थापित करने पर भी विचार कर रही है, लेकिन ये विमानों की बिक्री पर निर्भर करेगा।



**भारत के रक्षा क्षेत्र में एंबरेयर की अच्छी-खासी उपस्थिति-** बीते साल ही एंबरेयर डिफेंस एंड सिक्योरिटीज ने भारतीय कंपनी महिंद्रा डिफेंस सिस्टम के साथ समझौता किया है। दोनों कंपनियां मिलकर भारतीय सुरक्षा बलों के लिए मीडिया ट्रांसपोर्ट विमान बनाने की योजना पर काम कर रही हैं। अभी भी भारतीय सशस्त्र बलों में एंबरेयर के 600 लेगेसी विमान इस्तेमाल हो रहे हैं। जो भारतीय वायुसेना, बीएसएफ द्वारा सरकारी अधिकारियों और वीआईपी लोगों की यात्राओं में इस्तेमाल होते हैं।

अभी एंबरेयर के लिए सबसे बड़ा बाजार अमेरिका है और साल 2024 में अमेरिका से ही कंपनी को सबसे ज्यादा राजस्व मिला था। हालांकि ट्रंप प्रशासन की टैरिफ नीति से कंपनी की मुश्किलें बढ़ेंगी। वहीं नागरिक उड्डयन के मामले में अब भारत दुनिया की तीसरा सबसे बड़ा बाजार है। यही वजह है कि एविएशन सेक्टर की दिग्गज कंपनियां अब भारत का रुख कर रही हैं।

# 1068 करोड़ का काम मिलने के बाद रेलवे स्टॉक 2.5 प्रतिशत चढ़ा



नई दिल्ली, एजेंसी। इरकॉन इंटरनेशनल के शेयरों में आज 2.5 प्रतिशत से अधिक की तेजी देखने को मिली है। कंपनी के शेयरों में यह उछाल ईस्ट सेंट्रल रेलवे से 1068.30 करोड़ रुपये का काम मिलने की वजह से देखने को मिला है। ईस्ट सेंट्रल रेलवे ने न्यू बीजी रेल ब्रिज का काम मिला है। बीएसई में कंपनी का शेयर 194.20 रुपये के लेवल पर खुला था। दिन में कंपनी के शेयरों का भाव 195.60 रुपये (10 बजे के डाटा के अनुसार) के लेवल पर पहुंच गया था।

**कंपनी के पास कई और बड़े काम-** इरकॉन इंटरनेशन को केरल स्टेट आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर बनाने के लिए 187 करोड़ रुपये का काम मिला था। यह प्रोजेक्ट 30 महीने में पूरा होगा। वहीं, साउथ वेस्टर्न रेलवे ने 253.60 करोड़ रुपये का काम मिला है। यह काम कवच सिस्टम के लिए मिला है। यह प्रोजेक्ट 18 महीने में पूरा किया जाएगा।

### कंपनी की आर्थिक स्थिति कैसी है?

इरकॉन इंटरनेशनल का नेट प्रॉफिट मार्च तिमाही के दौरान 246.80 करोड़ रुपये रहा है। सालाना आधार पर कंपनी के नेट प्रॉफिट में 3.8 सालाना आधार पर 246.80 रुपये रहा है। कंपनी का ऑपरेशन्स रेवन्यू 1 प्रतिशत की गिरावट के बाद 3742.70 करोड़ रुपये रहा है।

### 5 साल में 339 प्रतिशत चढ़ा शेयर

पिछले 3 महीने के दौरान कंपनी के शेयरों की कीमतों में 37 प्रतिशत से अधिक की तेजी देखने को मिली है।

हालांकि, इसके बाद भी कंपनी के शेयरों को एक साल से होल्ड करने वाले निवेशकों को 27 प्रतिशत का नुकसान उठाना पड़ा है। भले ही एक साल कंपनी के शेयरों के लिए कठिन रहा है लेकिन इसके बाद भी 2 साल में इस रेलवे स्टॉक का भाव 141 प्रतिशत बढ़ा है।

# टाटा संस उभरते बिजनेस पर लगाएगा 30 हजार करोड़, जल्द मिलेगा डिजिटल सीईओ नियुक्त!

नई दिल्ली, एजेंसी। टाटा संस अपने नए उभरते बिजनेस में 30,000 करोड़ रुपये (3.5 बिलियन डॉलर) का निवेश करने जा रहा है। इकनॉमिक्स टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार इस मामले की जानकारी रखने वाले व्यक्ति ने बताया कि टाटा डिजिटल, टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स और एयर इंडिया के साथ-साथ डिफेंस और बैटरी यूनिट में यह पैसा लगाया जाएगा। टाटा संस की तरफ से यह अप्रूवल गुरुवार को दिया गया है। रिपोर्ट के अनुसार डिफेंस बिजनेस को एक बार फिर से रणनीतिक तौर पर आगे रखने पर सहमति जताई गई है। कंपनी जल्द ही नया डिजिटल सीईओ की नियुक्ति भी करेगी। बता दें, हाल के सालों में अप्रूव किए गए 120 मिलियन डॉलर के फंड के अतिरिक्त यह पैसा है।

**जल्द नया डिजिटल सीईओ नियुक्त-** मामले की जानकारी रखने वाले अधिकारी ने बताया, यह फंड कंपनी की जरूरतों को पूरा करने के लिए किया जाएगा। जिससे कंपनी का क्रियान्वन पूरा किया जा सके। और अगले चरण के लिए विस्तार दिया जा सके। अधिकारी ने कहा कि नए डिजिटल सीईओ की नियुक्ति भी जल्द होगी। ये बिजनेस बड़े सेक्टर को फोकस करते हैं। टाटा संस का मानना है कि इन कंपनियों का शुरुआती चरण बीत चुका है। ये अपने क्रियान्वन पर प्राथमिकता दें। जिससे आने वाले समय में ये कंपनियों प्रॉफिटेबल ग्रोथ हासिल कर सकें। आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के दौर में ग्रुप को बढ़त मिले इसके लिए इन कंपनियों पर रणनीतिक तौर पर निवेश किया जा रहा है।



**टाटा ग्रुप के चेयरमैन की है पैनी नजर-** टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स और टाटा डिजिटल समूह की टॉप 10 कंपनियों में से एक है। नए बिजनेस का लक्ष्य समूह की टॉप 5 कंपनियों में जगह बनाना है। और वित्त बर्ष 2027 तक मुनाफे में आना है। टाटा ग्रुप के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन इन कंपनियों पर पैनी नजर बनाए हुए हैं।

# अब होगा असली मुकाबला, पाकिस्तान का बजेगा बैंड! 30,000 करोड़ रुपये करने की तैयारी में टाटा ग्रुप

नई दिल्ली, एजेंसी। टाटा ग्रुप देश का सबसे बड़ा औद्योगिक घराना है। इसकी होल्डिंग कंपनी टाटा संस अपनी नई कंपनियों में 30,000 करोड़ रुपये का निवेश कर रही है। यह निवेश टाटा डिजिटल, टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स, एयर इंडिया, डिफेंस और बैटरी यूनिट्स में होगा। यह निवेश इक्विटी के माध्यम से किया जाएगा। अधिकारियों के अनुसार डिफेंस कारोबार की हाल ही में एक रणनीतिक प्राथमिकता के रूप में फिर से पुष्टि की गई है। टाटा संस के बोर्ड ने गुरुवार को हुई एक बैठक में इस आवंटन को मंजूरी दी। यह फंडिंग हाल के वर्षों में नए व्यवसायों के लिए किए गए 120 बिलियन डॉलर के अतिरिक्त है।

ईटी के एक रिपोर्ट के मुताबिक एक ग्रुप एग्जीक्यूटिव ने कहा कि यह पूंजी निवेश कंपनी की योजना का हिस्सा है। इससे नए व्यवसायों को अगले स्तर तक ले जाने में मदद मिलेगी। टाटा डिजिटल के नए सीईओ की घोषणा जल्द होगी। एग्जीक्यूटिव ने कहा कि टाटा संस ने पहले ही काफी निवेश कर दिया है। अब, आगे के सभी निवेश प्राथमिकता के आधार पर किए जाएंगे। नए व्यवसायों को निवेश पाने के लिए खुद को साबित करना होगा।




### टॉप 5 में आना है लक्ष्य

ये व्यवसाय टाटा संस के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। कंपनी का मानना है कि इनका शुरुआती दौर खत्म हो गया है। अब इन्हें तेजी से काम करके लाभ कमाना चाहिए। यह एक रणनीतिक प्रयास है। इसका उद्देश्य तेजी से बदलती दुनिया में टाटा ग्रुप की प्रतिस्पर्धात्मकता को बनाए रखना है। आजकल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और अन्य नई तकनीकों के कारण बाजार में बहुत बदलाव हो रहे हैं।

### दूसरा कार्यकाल

टाटा डिजिटल को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए जल्द ही एक नए सीईओ की घोषणा की जाएगी। नवीन ताहिलयानी के हाल में इस्तीफा देने के बाद यह पद खाली हो गया था। इन प्राथमिकताओं पर ध्यान केंद्रित करने के लिए चंद्रशेखरन ने हाल ही में टाटा केमिकल्स के बोर्ड से इस्तीफा दे दिया था। चंद्रशेखरन ने फरवरी 2017 में टाटा संस के चेयरमैन के रूप में पदभार संभाला था। उन्हें 2022 में पांच साल का दूसरा कार्यकाल मिला।

## एबीएस मरीन सर्विसेज़ ने एफवाय25 की दूसरी छमाही में 178 प्रतिशत मुनाफे की उड़ान भरी!

मुंबई। एबीएस मरीन सर्विसेज लिमिटेड जो जहाज प्रबंधन, पोत स्वामित्व, समुद्री और बंदरगाह सेवाओं में व्यापक सेवाएं प्रदान करने वाली प्रमुख समुद्री कंपनियों में से एक है, ने वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी छमाही (एच2 एफवाय25) और पूरे वित्त वर्ष (एफवाय25) के लिए अपने ऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की है। एबीएस मरीन सर्विसेज लिमिटेड के प्रबंध निदेशक कैप्टन पी.बी. नारायणन ने कहा, वित्त वर्ष 2024-25 एबीएस मरीन सर्विसेज के लिए एक मील का पत्थर साबित हुआ है, जिसमें हमने अपने सभी व्यावसायिक क्षेत्रों में उल्लेखनीय परिचालन और वित्तीय प्रगति हासिल की है। हमने 350 करोड़ से अधिक के दीर्घकालिक चार्टर अनुबंध प्राप्त किए, जो ऑफशोर ऊर्जा सहायता खंड में हमारी विश्वसनीयता को और मजबूत करता है। इस वर्ष का हमारा वित्तीय प्रदर्शन लगभग पूरी तरह से हमारे मौजूदा पोतों के जरिए प्राप्त हुआ है। 179.85 करोड़ की समेकित राजस्व में से 179.28 करोड़ मौजूदा पोतों के नवीनीकृत और पुन: बातचीत किए गए अनुबंधों से अर्जित किए गए - वो भी बेहद प्रतिस्पर्धी दरों पर। केवल 0.57 करोड़ राजस्व नए अधिग्रहीत पोत से आया, जिसे आईपीओ के जरिए वित्त पोषित किया गया था, जो हमारे मौजूदा परिसंपत्तियों की कमाई की मजबूत क्षमता को दर्शाता है।

# 2 दिन में 10 प्रतिशत टूटा चुका डिफेंस स्टॉक

### तिमाही नतीजों के सामने आने के बाद मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड

नई दिल्ली, एजेंसी। शेयर बाजार में संघर्ष करता हुआ दिखाई दे रहा है। कंपनी के शेयरों में शुक्रवार के बाद सोमवार को भी गिरावट दर्ज की गई है। महज इन 2 दिनों में कंपनी का शेयर 10 प्रतिशत टूट चुका है। बता दें, सोमवार को कंपनी के शेयरों में 3 प्रतिशत की गिरावट आई है। वहीं, इससे पहले शुक्रवार को कंपनी के शेयरों में 7.20 प्रतिशत की गिरावट आई है। इस गिरावट के बाद भी 2-2 ब्रोकरेज हाउस ने बाय काल दिया है।

**कंपनी के ईबीआईटीडीए में भारी गिरावट-** मझगांव डॉक के ईबीआईटीडीए में सालाना आधार पर 83 प्रतिशत की गिरावट आई है। वहीं, तिमाही दर तिमाही के आधार पर 89 प्रतिशत की गिरावट आई है। वहीं, कंपनी के खर्च में सालाना आधार पर 281 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। बता दें, कंपनी के पास 32,200 करोड़ रुपये का है। ब्रोकरेज हाउस का मानना है कि एंटीक को आने वाले समय में कई बड़े ऑर्डर मिल सकते हैं।

### क्या है टारगेट प्राइस

बिजनेस टुडे की रिपोर्ट के अनुसार ब्रोकरेज हाउस एंटीक ने 3858 रुपये का टारगेट प्राइस सेट किया है। पहले टारगेट प्राइस 3433 रुपये था।

### 1 साल में किया पैसा डबल


बीएसई में आज मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स के शेयर 3480.15 रुपये के लेवल पर खुला था। दिन में कंपनी के शेयर 3493.15 रुपये के लेवल पर पहुंच गया था। एक साल में कंपनी के शेयरों का भाव 113 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है। बता दें, कंपनी का 52 वीक हाई 3778 रुपये और 52 वीक लो लेवल 1200 रुपये है। कंपनी का मार्केट कैप 1.37 लाख करोड़ रुपये का है।


दो साल बाद बॉलीवुड में कमबैक पर बोलीं नरगिस फाखरी

# ऐसा लग रहा है, जैसे कभी गई ही नहीं



बॉलीवुड एक्ट्रेस नरगिस फाखरी अपनी आने वाली फिल्म हाउसफुल 5 को लेकर चर्चाओं में हैं। वह इस फिल्म के जरिए दो साल बाद स्क्रीन पर वापसी कर रही हैं। इस पर एक्ट्रेस ने कहा कि वह अपने कमबैक से काफी खुश हैं, उन्हें ऐसा लग रहा है, जैसे वह कभी पर्दे से दूर गई ही नहीं थीं। नरगिस ने रविवार को इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें शेयर कीं। ये तस्वीरें हाउसफुल 5 के ट्रेलर लॉन्च के दौरान किए गए फोटोशूट की हैं। इस पोस्ट को शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा, कमबैक... जैसे कभी गई ही नहीं थीं, अब पहले से भी ज्यादा ताकतवर और शानदार अंदाज में लौट आई हूं। एक्ट्रेस को अब से पहले 2023 में रिलीज हुई अनुपम खेर-नीना गुप्ता अभिनीत शिव शास्त्री बलबोआ में देखा गया था। इस फिल्म का निर्देशन अजय वेणुगोपालन ने किया था। उनकी आने वाली फिल्म हाउसफुल 5 की बात करें तो, 31 मई को फिल्म से नया गाना द फुगड़ी डांस रिलीज किया गया था। फिल्म से अभी तक चार गाने, जिसमें लाल परी, दिल ए नादान, कयामत और नया द फुगड़ी डांस शामिल हैं, रिलीज हो चुके हैं। फिल्म का निर्देशन तरुण मनसुखानी ने किया है, जो इससे पहले दोस्ताना जैसी हिट फिल्म बना चुके हैं। इस फिल्म की कहानी साजिद नाडियाडवाला ने लिखी है। वह फिल्म के निर्माता भी हैं। फिल्म में 19 कलाकारों की बड़ी स्टारकास्ट है, जिनका किरदार अपनी अलग मस्ती और अंदाज लेकर आएगा।फिल्म के स्टारकास्ट में अक्षय कुमार, अभिषेक बच्चन, रितेश देशमुख, जैकलीन फर्नांडिस, सोनम बाजवा, नरगिस फाखरी, संजय दत्त, जैकी श्रॉफ, नाना पाटेकर, चित्रांगदा सिंह, फरदीन खान, चंकी पांडे, जॉनी लीवर, श्रेयस तलपड़े, डिनो मोरिया, रंजीत, सौंदर्या शर्मा, निकितिन धीर और आकाशदीप साबिर जैसे कलाकार हैं। हाउसफुल 5 6 जून को दुनिया भर में रिलीज होगी।





आमिर खान ने गर्लफ्रेंड गौरी के बारे में की बात, कहा-

## सोचता था बूढ़ा हो गया हूं कौन मिलेगी?

**आमिर** खान ने हाल ही में एक इंटरव्यू में अपनी गर्लफ्रेंड गौरी स्प्रैट के बारे में खुलकर बात की है। यही नहीं उन्होंने अपनी दोनों पत्नियों के बारे में भी बताया है। मिस्टर परफेक्शनिस्ट के नाम से मशहूर बॉलीवुड अभिनेता अपनी अपकमिंग फिल्म सितारे जमीन पर को लेकर चर्चा में हैं। उनकी यह फिल्म 20 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। आमिर अक्सर अपनी जबरदस्त एक्टिंग के चलते सुर्खियों में रहते हैं। यही नहीं वह अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर भी चर्चा में बने रहते हैं। हाल ही में उन्होंने अपनी नई गर्लफ्रेंड गौरी स्प्रैट के बारे में खुलकर बात की है।

### 60 साल की उम्र में आमिर को हुआ प्यार

इसी साल 60 साल के हो चुके आमिर खान ने अपनी जिंदगी में दो बार शादी की है। वह अपनी दोनों पत्नियों से अलग हैं। अब उन्हें एक नई लड़की गौरी स्प्रैट से प्यार हुआ है। इसी साल अपने जन्मदिन पर आमिर खान ने गौरी स्प्रैट के साथ अपने रिश्ते के बारे में सबको बताया था। अब एक बार फिर आमिर खान ने एक इंटरव्यू में अपनी गर्लफ्रेंड के बारे में बात की है।

### गौरी से गलती से मिले आमिर खान

राज शमानी के साथ बातचीत में आमिर खान ने बताया गौरी स्प्रैट से मिलने से पहले मुझे लगता था कि मैं बूढ़ा हो गया हूं। मुझे इस उम्र में कौन मिलेगी? थेरेपी ने वास्तव में मुझे ये समझने में मदद की कि मुझे पहले खुद से प्यार करने की जरूरत है। मुझे ठीक होना था और अपनी सेहत पर काम करना था। गौरी और मैं गलती से मिले। हम जुड़े और दोस्त बन गए और प्यार हो गया।

### पूर्व पत्नियों के साथ आमिर के कैसे हैं रिश्ते?

आमिर खान ने अपनी पूर्व पत्नियों के बारे में कहा रीना दत्ता और किरण राव के साथ मेरे बहुत मजबूत और गहरे रिश्ते रहे हैं। हम अब भी करीब हैं। हम एक-दूसरे का सम्मान करते हैं और हमेशा करते रहेंगे। हम पति-पत्नी नहीं रह सकते लेकिन हमेशा एक परिवार रहेंगे। हम बैठते हैं और बातें करते हैं। हमारे बीच सच्चा प्यार और गर्मजोशी है। ये खत्म होने वाला नहीं है।

### रीना और किरण से आमिर की शादी

आमिर खान ने अपनी पहली पत्नी रीना दत्ता से 18 अप्रैल 1986 को शादी की थी। दोनों की शादी लगभग 16 साल चली, इनके दो बच्चे हैं इरा खान और जुनैद खान। साल 2002 में आमिर और रीना अलग हो गए। आमिर खान ने 28 दिसंबर 2005 को अपनी दूसरी पत्नी किरण राव से शादी की। दोनों से आजाद नाम का एक बेटा है। 2021 में दोनों अलग हो गए। अब आमिर खान को गौरी स्प्रैट से प्यार हुआ है।



## हर्षवर्द्धन दीवानियत के अंतिम शेड्यूल के लिए तैयार

अभिनेता हर्षवर्धन राणे अपनी फिल्म एक दीवाने की दीवानियत के आखिरी शेड्यूल की शूटिंग के लिए पूरी तरह तैयार हैं। शूटिंग अगले हफ्ते से शुरू हो जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने जुलाई में राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्देशक ओमंग कुमार के साथ अपनी अगली सोलो फिल्म शुरू करने को लेकर भी उत्साह जताया है। हर्षवर्धन राणे ने इंस्टाग्राम पर अपनी दो तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें वह स्विमिंग पूल के पास खड़े नजर आ रहे हैं। इन तस्वीरों में वह सफेद बिना बाजू की शर्ट, काली कार्गो पैंट और सनग्लास पहने हुए हैं। वह इन कपड़ों में काफी स्टाइलिश दिख रहे हैं। कैप्शन में हर्षवर्धन ने लिखा, अगले हफ्ते दीवानियत की आखिरी शूटिंग चरण का इंतजार है और एक महीने बाद राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्देशक ओमंग कुमार सर के साथ अपनी अगली एकल फिल्म शुरू करने को लेकर बहुत उत्साहित हूं। आज शाम तक और जानकारी दूंगा! अगर बात करें 'एक दीवाने की दीवानियत' की तो इस फिल्म में हर्षवर्धन राणे के साथ सोनम बाजवा भी नजर आएंगी। यह फिल्म दशहरे पर रिलीज की जाएगी। 27 मई को फिल्म का पोस्टर जारी किया गया था, जिसमें मुख्य जोड़ी के बीच गहरी भावना और केमिस्ट्री दिखाई गई थी। यह फिल्म प्यार, भावनाओं और ड्रामा से भरी कहानी का वादा करती है। अभिनेताओं ने इंस्टाग्राम पर फिल्म का पोस्टर साझा करते हुए कैप्शन में लिखा, 2 अक्टूबर 2025, गांधी जयंती और दशहरे के मौके पर सिनेमाघरों में दिखेगी मोहब्बत, नफरत और एक दीवाने की दीवानियत की कहानी! यह फिल्म प्यार, जुनून और दिल टूटने जैसी गहरी भावनाओं को दिखाती है। अगर ओमंग कुमार की इस आने वाली फिल्म की बात करें, तो इसमें सादिया खतीब और करण वीर मेहरा भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। ओमंग कुमार दमदार फिल्में बनाने के लिए जाने जाते हैं, और हर्षवर्धन की जबरदस्त अभिनय शैली के साथ यह फिल्म एक शानदार सिनेमाई अनुभव का वादा करती है। उम्मीद है कि फिल्म की शूटिंग इस साल के अंत तक शुरू हो जाएगी। इस फिल्म को ओमंग कुमार के साथ मिलकर उमेश के.आर. बंसल, प्रगति देशमुख, हिमांशु तिवारी, अजय सिंह, धनंजय सिंह, अभिषेक अंकुर और कैप्टन राहुल बाली प्रोड्यूस कर रहे हैं। वहीं राहत शाह काजमी इस फिल्म के सह-निर्माता हैं। हर्षवर्धन ने अपने करियर की शुरुआत 2007-2008 में टेलीविजन शो लेफ्ट राइट लेफ्ट में एक छोटे से रोल से की थी। इसके बाद वह ना इष्टम, अवुनु, प्रेमा इश्क काधल, अनामिका और माया जैसी कई सफल तेलुगु फिल्मों में नजर आए। सनम तेरी कसम से हिंदी फिल्मों में कदम रखने के बाद, उन्हें तैश (2020) में एक गैंगस्टर की भूमिका और हसीन दिलरुबा (2021) में एक रोमांटिक प्रेमी की भूमिका के लिए खूब सराहा गया।



## 'मणिरत्नम की फिल्म हर रोज ऑफर नहीं होती:अली फजल

**बॉलीवुड** एक्टर अली फजल ने फिल्म ठग लाइफ के लिए हां कहने के पीछे की वजह का खुलासा किया है। उन्होंने कहा कि मणिरत्नम की फिल्म हर रोज ऑफर नहीं होती और निश्चित रूप से स्टार कमल हासन के साथ तो बिल्कुल नहीं। अली फजल ने कहा, आपके जीवन में कुछ ऐसे कॉल आते हैं, जिनके बारे में आपको तुरंत पता चल जाता है कि वे आपकी यात्रा की दिशा बदलने वाले हैं, यह उनमें से एक था। अभिनेता ने कहा कि अपकमिंग फिल्म ठग लाइफ के लिए हां कहने से पहले उन्हें एक सेकंड के लिए भी नहीं सोचना पड़ा। उन्होंने कहा, जब आप मणिरत्नम का नाम सुनते हैं, तो आप सिर्फ सिनेमा के बारे में नहीं सोचते बल्कि आप विरासत के बारे में सोचते हैं। आप ऐसी कहानी के बारे में सोचते हैं, जो गहरी भावनाओं और मानवीय कहानियों से भरी होती है। मुझे 'ठग लाइफ' के लिए हां कहने से पहले एक पल के लिए भी नहीं सोचना पड़ा। मणिरत्नम की फिल्म में काम करना कोई रोजमर्रा का मौका नहीं है, खासकर जब इसमें कमल हासन जैसे महान अभिनेता शामिल हों। अली ने कहा कि वह फिल्म का हिस्सा बनकर सम्मानित महसूस कर रहे हैं। अली ने इस बात पर भी जोर दिया कि यह फिल्म भारतीय सिनेमा के विभिन्न क्षेत्रों के कलाकारों को एक साथ लाती है और कई भाषाओं में बन रही है, जो इसे और भी खास बनाता है। उन्होंने कहा, यह एक ऐसी महत्वाकांक्षी और बड़ी कहानी है, जिसमें मैं हमेशा से हिस्सा लेना चाहता था। इस फिल्म का हिस्सा बनना मेरे लिए गर्व और उत्साह की बात है। मणिरत्नम की फिल्म 'ठग लाइफ' एक शानदार सिनेमाई अनुभव प्रदान करने वाली है, जिसमें दमदार अभिनय, रोमांचक कहानी और भव्य दृश्यों का मिश्रण होगा। यह फिल्म मणिरत्नम की निर्देशकीय शैली को दर्शाती है। सुपरस्टार कमल हासन इस फिल्म के मुख्य अभिनेता हैं। 'ठग लाइफ' 5 जून को सिनेमाघरों में तमिल, हिंदी, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ भाषाओं में रिलीज होगी। इसके अलावा, अली फजल फिल्म मेट्रो...इन दिनों में भी नजर आएंगे, जो अनुराग बासु के डायरेक्शन में बनी है। यह फिल्म आधुनिक पृष्ठभूमि में प्यार की जटिलताओं और भावनाओं को दिखाती है। यह अनुराग बासु की 2007 की फिल्म लाइफ इन अ... मेट्रो का एक तरह से सीक्वल है, जिसमें मुंबई में नौ लोगों की आपस में जुड़ी जिंदगियों की कहानी दिखाई गई थी।

भूषण कुमार, कृष्ण कुमार, अनुराग बसु और तानी बसु द्वारा निर्मित यह फिल्म 4 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

## निर्देशन पर जो मैं ज्ञान देती हूं, वह मेरा नहीं बल्कि राज खोसला का है: पूजा भट्ट



**फिल्म** निर्माता और एक्ट्रेस पूजा भट्ट ने दिवंगत निर्देशक राज खोसला की तारीफ करते हुए कहा कि उनकी बुद्धिमानी आज भी उनका और नए फिल्मकारों का मार्गदर्शन देती है। उन्होंने कई पीढ़ियों तक अपनी छाप छोड़ी है, जो लोग उन्हें नहीं जानते, वे भी उनकी कला की सराहना करते हैं। पूजा भट्ट अपने पिता व फिल्म निर्माता महेश भट्ट और मशहूर एक्ट्रेस आशा पारेख के साथ मुंबई के रीजल सिनेमा में आयोजित कार्यक्रम राज खोसला 100- बंबई का बाबू में शामिल हुईं। फिल्म हेरिटेज फाउंडेशन ने यह कार्यक्रम फिल्म निर्माता और निर्देशक राज खोसला की 100वीं सालगिरह के मौके पर आयोजित किया था। उन्होंने इंस्टाग्राम पर इस कार्यक्रम की कई तस्वीरें शेयर कीं और लिखा, राज साहब एक बड़े सितारे की तरह हैं। भले ही उन्होंने दुनिया को अलविदा कह दिया हो, लेकिन उनकी रोशनी अभी भी मुझमें चमकती है। जब मैं आज के नए फिल्मकारों का मार्गदर्शन करती हूं, तो मुझे उनकी आवाज अपनी आवाज में सुनाई देती है। जो ज्ञान मैं उन्हें देती हूं, वह मेरा नहीं बल्कि उनका है।

## कमल हासन ने सदमा के दिल दहला देने वाले क्लाइमेक्स का राज खोला



दिग्गज अभिनेता कमल हासन की फिल्म 'सदमा' में उनकी अदाकारी हमेशा याद रहेगी। फिल्म के क्लाइमेक्स को कौन भूल सकता है, जब श्रीदेवी का किरदार अपनी याददाश्त वापस पाने के बाद कमल हासन के किरदार को छोड़ देती है? श्रीदेवी ने फिल्म में अपना दबदबा बनाए रखा। कमल हासन अपनी शानदार अदाकारी के साथ आते हैं और गहरा प्रभाव छोड़ते हैं। हालांकि फिल्म के अंत में कमल की अदाकारी की अक्सर तारीफ की जाती है, लेकिन वह फिल्म का पूरा श्रेय लेने से इनकार कर देते हैं। अभिनेता ने बात करते हुए कहा कि वह श्रीदेवी और फिल्म के निर्देशक बालू महेंद्र के साथ समान रूप से श्रेय साझा करते हैं। कमल ने बताया, आप मणिरत्नम या बालू महेंद्र जैसे फिल्म निर्माता से कोई फिल्म नहीं छीन सकते। इसलिए वह मुझे एक मजबूत किरदार देने की कोशिश कर रहे थे, और वास्तव में नायक को ऊपर उठा रहे थे। दर्शक नायक के गुस्से, दर्द और प्यार का अनुभव करते हैं, जिसे उभारने के लिए आपको पूरे समय मेहनत करनी होगी। मुझे लगता है कि हम तीनों ने उस फिल्म में अभिनय किया। यह एक कॉम्पैक्ट चीज है। और श्री बालू महेंद्र ने संपादन, छायांकन, लेखन, यह सब किया। इसलिए क्रू बहुत छोटा था। उन्होंने कहा कि बालू एफटीआईआई, पुणे से चेन्नई आए शुरुआती लोगों में से एक थे, जिन्होंने सिनेमा को सरल बनाया। आप एक साथी छात्र से जो सीखते हैं, वह एक महान गुरु की शिक्षा से कहीं ज्यादा होता है। हम दोनों ही संघर्ष कर रहे थे। वह थोड़े बड़े थे, इसलिए यह एक बड़े भाई के साथ चलने जैसा था। इससे पहले, कमल ने कहा था कि इतने बड़े काम के बावजूद उन्हें सिनेमा का छात्र बनना पसंद है। वह अभिनेताओं की एक दुर्लभ नस्ल से हैं, जिन्हें सेल्युलाइड पर बड़े होने का सौभाग्य मिला है। उन्होंने छह साल की उम्र में एक बाल कलाकार के रूप में अपनी शुरुआत की और दर्शकों के सामने बड़े हुए। उन्होंने कहा कि सिनेमा के तेजी से विकास और विस्तार को देखते हुए, सबसे सुरक्षित स्थान विद्यार्थी होना है। दिग्गज अभिनेता ने कहा कि सिनेमा इतनी तेजी से आगे बढ़ रहा है और इतने सारे उपकरण आ रहे हैं, एकमात्र सबसे सुरक्षित जगह छात्र बनना है, न कि शिक्षा देना शुरू करना। हम जो मानते हैं, हमारे विचार कुचले जा सकते हैं, फिर भी हमें उन विचारों पर विश्वास करना होगा .

## ग्लैमरस इमेज को तोड़ने के लिए मिट्टी और सोना में निभाएं दो अलग किरदार: सोनम खान



दिग्गज एक्ट्रेस सोनम खान ने बताया कि 1989 की फिल्म मिट्टी और सोना में उनका किरदार उनके लिए बहुत चुनौतीपूर्ण था। उन्होंने अपनी ग्लैमरस छवि से अलग हटकर पहचान बनाने के लिए फिल्म में कॉलेज गर्ल और एक तवायफ दोनों का रोल निभाया था। एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम पोस्ट पर फिल्म मिट्टी और सोना से अपने किरदार की कुछ तस्वीरें शेयर की और बताया कि महज 15-16 साल की उम्र में उन्होंने रेड-लाइट एरिया जाकर वहां की जिंदगी को देखा था। इससे उन्हें न सिर्फ हिम्मत और समझ मिली, बल्कि फिल्म में अपने किरदार को ईमानदारी से निभाने में मदद भी मिली। पोस्ट के कैप्शन में सोनम ने लिखा, मिट्टी और सोना मेरे दिल के सबसे करीब फिल्म है... इसमें मैंने एक कॉलेज गर्ल और एक तवायफ का रोल निभाया था। हां, ये रोल करना बहुत चुनौतीपूर्ण था।

'नमक इश्क का' गाने से पहले

## काम को तरस रही थीं सिंगर रेखा, आइटम सॉन्ग पर बोलीं- अश्लीलता नहीं



भारतीय सिंगर रेखा भारद्वाज को साल 2006 में आई फिल्म ओमकारा के नमक गाने से खास उपलब्धि प्राप्त हुई। इस गाने ने उनकी जिंदगी को वापस पटरी पर लाने का काम किया था। अब गायिका ने अपने संघर्ष के दिनों को याद किया, जब उन्हें काम नहीं मिल रहे थे। आइए जानते हैं सिंगर ने क्या कहा।

### नमक गाने से मिला खोया हुआ आत्मविश्वास

गायिका रेखा भारद्वाज ने ओमकारा फिल्म के 'नमक' गाने से मिली प्रसिद्धि के दिनों को याद करते हुए न्यूज 18 से बात की। उन्होंने कहा, 'मुझे गाने के जरिए अपने उस शरारती, नटखट पक्ष को फिर से खोजने में बहुत समय लगा। जब मुझे पहली बार इसे गाने के लिए कहा गया तो मैंने अपना सारा आत्मविश्वास खो दिया था। परंतु, विशाल भारद्वाज ने मुझ पर विश्वास किया और उन्होंने एक रात मुझे इसे गाते हुए एक रिकॉर्डिंग सुनाई और कहा, केवल तुम ही इसे गा सकती हो। इससे मुझे वह प्रेरणा मिली जिसकी मुझे जरूरत थी। उस समय तक, मुझे ज्यादा काम नहीं मिल रहा था। उस गाने ने मुझे मेरी क्षमता का एहसास कराया।'

### आइटम सॉन्ग गाने से नहीं कोई परहेज

गायिका ने आगे बातचीत में आइटम सॉन्ग को लेकर अपने विचार रखे। उन्होंने कहा, मुझे आइटम सॉन्ग गाने में कोई दिक्कत नहीं है, लेकिन अगर वो सौंदर्यपूर्ण नहीं है, तो मैं उसे गाना नहीं चाहूंगी। इसका मतलब यह नहीं है कि मैं सस्ती हो जाऊं और कुछ भी गाने लगूं। आइटम सॉन्ग हमारी सांस्कृतिक अभिव्यक्ति का भी हिस्सा है। लेकिन यह इस बारे में है कि इसे कैसे प्रदर्शित किया जाए। एक गाना आंखो को लुभा सकता है, फिर भी गरिमा के साथ। लता मंगेशकर के गाने 'आ जाने जां' को ही देख लीजिए, इस तरह के गानों में शालीनता थी, अश्लीलता नहीं।'

### रेखा भारद्वाज के बारे में

रेखा भारद्वाज संगीत की दुनिया का जाना माना नाम हैं। उन्होंने कई गानों में अपने सुरों की जादूगरी दिखाई है। उनके कुछ चर्चित गाने हैं हमारी अटरिया पे, मोरा जिया लागे ना, कबीरा आदि।

-साभार-एजेंसी





**बेंगलुरु की गलियों में जश्न**

**किंग कोहली का सपना पूरा**




# आरसीबी पहली बार चैंपियन

## आरसीबी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट पर 190 रन बनाए, पंजाब को छह रन से दी मात

भाषा ⏭ अहमदाबाद

विराट कोहली और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू ने 18 साल की नाकामियों और निराशाओं को आखिरकार भुलाते हुए पंजाब किंग्स को मंगलवार को छह रन से हराकर पहली बार इंडियन प्रीमियर लीग खिताब अपने नाम किया। जीत तय होते ही अपने आंसू पर काबू नहीं पा सके विराट मैदान पर घुटने के बल बैठकर रो पड़े। उनके साथ ही 18 साल से 'ई साला कप नामडे' का मंत्र जप रहे आरसीबी के प्रशंसकों की आंखें भी नम हो गई। अब तक तीन बार फाइनल में मिली नाकामी की यादें भी खुशी के इन आंसुओं में धुंधली हो गई। बल्लेबाजी की मददगार पिच पर खेले गए फाइनल में आरसीबी ने दबाव का बखूबी सामना करते हुए जुझारूपन नहीं छोड़ा और जीतकर ही दम लिया। मैदान पर 'कोहली कोहली' और 'आरसीबी आरसीबी' के शोर के बीच आरसीबी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट पर 190 रन बनाए, जिसमें कोहली ने 35 गेंद में 43 रन का योगदान दिया। 190 रन का स्कोर उतना बड़ा नहीं था, लेकिन कृणाल पंड्या की अगुवाई में गेंदबाजों ने भी शानदार प्रदर्शन किया। पंड्या ने चार ओवर में 17 रन देकर दो विकेट लिये। वैसे मैच का निर्णायक पल रोमारियो शेफर्ड की गेंद पर पंजाब के कप्तान श्रेयस अय्यर का विकेट था। आखिरी ओवर में पंजाब को 29 रन चाहिये थे और जोश हेजलवुड ने दूसरी डॉट गेंद डालकर जीत तय कर दी। पंजाब के लिये शशांक सिंह (30 गेंद



में 61 रन) के अलावा कोई बल्लेबाज नहीं चल सका। दूसरे क्वालीफायर में शानदार पारी खेलकर आये अय्यर एक रन बनाकर आउट हो गए। जोश इंगलिस ने 23 गेंद में 39 रन बनाये लेकिन पंड्या ने 13वें ओवर में उन्हें लांग आन पर लपकवाया। इसके बाद से हर डॉट गेंद पर 'आरसीबी आरसीबी' का शोर बढता गया। आरसीबी के लिये खेल चुके दक्षिण अफ्रीका के एबी डिविलियर्स और क्रिस गेल भी खास तौर पर इस मैच के लिये यहां पहुंचे थे। पंजाब के लिये प्रभसिमरन सिंह ने 22 गेंद में 26 रन बनाये। भुवनेश्वर सिंह ने नेहाल वढेरा (15) और मार्कस स्टोइनिस (छह) को तीन गेंद के भीतर 17वें ओवर में पवेलियन भेजा। इससे पहले अर्शदीप सिंह और काइल जैमीसन की अगुवाई में अपने गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर पंजाब किंग्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू को नौ विकेट पर 190 रन पर रोक दिया। आरसीबी के लिये कोहली 35 गेंद में 122.85 की स्ट्राइक रेट से 43 रन बनाकर आउट हो गए।

### खिलाड़ियों पर इनामों की बौछार

| अवॉर्ड | इनामी राशि | विजेता |
|---|---|---|
| सुपर स्ट्राइकर ऑफ द मैच | एक लाख रुपये | जितेश शर्मा |
| फैंटसी किंग ऑफ द मैच | एक लाख रुपये | शशांक सिंह |
| सुपर सिक्सेस ऑफ द मैच | एक लाख रुपये | शशांक सिंह |
| ऑन द गो 4s ऑफ द मैच | एक लाख रुपये | प्रियांश आर्या |
| ग्रीन डॉट बॉल्स ऑफ द मैच | एक लाख रुपये | कुणाल पांड्या |
| प्लेयर ऑफ द मैच | 5 लाख रुपये | कुणाल पांड्या |
| इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द सीजन | 10 लाख रुपये | साई सुदर्शन |
| सुपर स्ट्राइकर ऑफ द सीजन | टाटा कर्व | वैभव सूर्यवंशी |
| फैंटसी किंग ऑफ द सीजन | 10 लाख रुपये | साई सुदर्शन |
| सुपर सिक्सेस ऑफ द सीजन | 10 लाख रुपये | निकोलस पूरन |
| ऑन द गो 4s ऑफ द सीजन | 10 लाख रुपये | साई सुदर्शन |
| ग्रीन डॉट बॉल्स ऑफ द सीजन | 10 लाख रुपये | मोहम्मद सिराज |
| कैच ऑफ द सीजन | 10 लाख रुपये | कामिंदु मेंडिस |
| *फेयर प्ले अवॉर्ड* | *ट्रॉफी* | *चेन्नई सुपर किंग्स* |
| *पर्पल कैप* | *10 लाख रुपये* | *प्रसिद्ध कृष्णा* |
| *ऑरेंज कैप* | *10 लाख रुपये* | *साई सुदर्शन* |
| *मोस्ट वैलुएबल प्लेयर ऑफ द सीजन* | *15 लाख रुपये* | *सूर्यकुमार यादव* |
| *पिच एंड ग्राउंड अवॉर्ड* | *50 लाख रुपये* | *दिल्ली एंड डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन* |

### बेंगलुरू-190/9(20)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| साल्ट का अय्यर बो जैमीसन | 16 |
| कोहली का और बो उमरजइ | 43 |
| मयंक का अर्शदीप बो चहल | 24 |
| रजत पगबाधा बो जैमीसन | 26 |
| लियाम पगबाधा बो जैमीसन | 25 |
| जितेश शर्मा बो विशाख | 24 |
| शेफर्ड पगबाधा बो अर्शदीप | 17 |
| पंड्या का अय्यर बो अर्शदीप | 4 |
| भुवनेश्वर का आर्य बो अर्शदीप | 1 |
| यश दयाल नाबाद | 1 |

अतिरिक्त : नौ रन

योग: 20 ओवर में नौ विकेट पर 190 रन

विकेट पतन :1-18, 2-56, 3-96 , 4-131, 5-167, 6-171, 7-188, 8-189, 9-190

गेंदबाजी: अर्शदीप 4-0-40-3, जैमीसन 4-0-48-3, उमरजइ 4-0-35-1, विशाख 4-0-30-1, चहल 4-0-37-1

### पंजाब-184/7 (20)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| प्रियांश का साल्ट बो हेजलवुड | 24 |
| प्रभसिमरन का कुमार बो पंड्या | 26 |
| जोश का लिविंगस्टोन बो पंड्या | 39 |
| श्रेयस अय्यर का शर्मा बो शेफर्ड | 1 |
| नेहाल वढेरा का पंड्या बो कुमार | 15 |
| शशांक सिंह नाबाद | 61 |
| स्टोइनिस का दयाल बो कुमार | 6 |
| उमरजइ का भंडागे बो दयाल | 1 |
| काइल जैमीसन नाबाद | 0 |

अतिरिक्त : 11 रन

योग : 20 ओवर में सात विकेट पर 184 रन

विकेट पतन : 1-43, 2-72, 3-79, 4-98, 5-136, 6-142, 7-145

गेंदबाजी: भुवनेश्वर 4-0-38-2, दयाल 3-0-18-1, हेजलवुड 4-0-54-1, पंड्या 4-0-17-2, शर्मा 2-0-19-0, शेफर्ड 3-0-30-1

## अपने पहले ही सीजन में चमके ये खिलाड़ी

हर साल इस लीग से कई स्टार्स उभर कर सामने आते हैं और उन्हें देश का भी लंबे समय तक प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलता। सिर्फ भारत नहीं, विदेशी खिलाड़ी भी इस लीग में चुने जाने का इंतजार करते हैं। इस साल भी आईपीएल में कई खिलाड़ी ऐसे हैं, जिन्होंने पहली बार हिस्सा लिया और अपने टैलेंट और स्किल का लोहा मनवाया।

### वैभव सूर्यवंशी

14 साल के वैभव का यह पहला सत्र रहा और राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलते हुए उन्होंने कई तूफानी पारियां खेली। बाएं हाथ के बल्लेबाज वैभव ने 28 अप्रैल को गुजरात टाइटंस के खिलाफ 38 गेंदों में 101 रन की पारी खेली थी। इस दौरान उन्होंने 11 छक्के और 7 चौके लगाए थे। वह आईपीएल में शतक लगाने वाले सबसे युवा भारतीय बल्लेबाज बने थे। साथ ही वह आईपीएल में सबसे तेज शतक लगाने वाले भारतीय बने थे। उन्होंने यूसुफ पठान का रिकॉर्ड तोड़ा था। वैभव ने आईपीएल करियर की पहली गेंद पर शार्दुल ठाकुर का सामना किया था और पहली गेंद पर छक्का लगाकर बता दिया कि उनमें कितनी प्रतिभा है। उन्होंने इस सीजन सात मैचों में 206.55 के स्ट्राइक रेट से 252 रन बनाए। इसमें एक शतक और एक अर्धशतक शामिल है। उनका स्ट्राइक इस सीजन सात या उससे ज्यादा मैच खेलने वालों में दूसरा सर्वश्रेष्ठ रहा।

### प्रियांश आर्या

बाएं हाथ का यह सलामी बल्लेबाज दिल्ली प्रीमियर लीग मैच के दौरान एक ओवर में छह छक्के लगाने की छवि के साथ आया था। उसने आईपीएल में भी ठीक उसी तरह का खेल दिखाया। इस बल्लेबाज ने निर्भीक होकर खेला और दुनिया के नामीगिरामी तेज गेंदबाजों और स्पिनरों की धुनाई की। प्रियांश ने सीएसके के खिलाफ शतक जड़ा और वह इस सीजन 450+ रन बनाने वाले खिलाड़ियों की सूची में हैं। प्रियांश ने पंजाब किंग्स के लिए खेलते हुए इस सीजन अब तक 17 मैचों में 183.33 के स्ट्राइक रेट से 475 रन बनाए हैं। इसमें दो अर्धशतक और एक शतक शामिल है। पंजाब किंग्स ने उन्हें 3.4 करोड़ रुपये में खरीदा था।

### विपराज निगम

20 साल की उम्र में विपराज निगम ने सीनियर क्रिकेट में तेजी से प्रगति की है और नीलामी में दिल्ली कैपिटल्स ने उन्हें अपनी टीम में शामिल किया। राशिद खान से प्रेरित एक लेग स्पिनर निगम स्पिन की मददगार सतहों पर घातक टर्न के लिए जाने जाते हैं। इस ऑलराउंडर को भविष्य का सितारा माना जा रहा है। विपराज ने इस सीजन 14 मैचों में 179.74 के स्ट्राइक रेट से 142 रन बनाए। इसके अलावा उन्होंने 11 विकेट भी लिए। उनका इकोनॉमी रेट 9.12 का रहा। विपराज यूपी टी20 लीग से सुर्खियों में आए थे।

### दिग्वेश राठी

आईपीएल के बैड बॉय नाम से मशहूर हुए इस खिलाड़ी ने इस सीजन सबसे ज्यादा प्रभावित किया है। लखनऊ सुपर जाएंट्स से खेलते हुए इस स्पिनर ने पावरप्ले से लेकर डेथ ओवर्स तक, हर जगह गेंदबाजी की। इसके बावजूद बल्लेबाजों को इस स्पिनर को खेलने में दिक्कत हुई। अपनी गुगली से इस स्पिनर ने खूब प्रभावित किया। उनका नोटबुक सेलिब्रेशन तो इस सीजन की सबसे ज्यादा चर्चा में रहा। दिग्वेश भविष्य में भारत के लिए खेलते दिखाई पड़ सकते हैं। इस गेंदबाज का निर्भीक होना इसकी सबसे बड़ी खूबी है। उन्होंने इस सीजन 13 मैचों में 8.25 की इकोनॉमी रेट से रन दिए और 14 विकेट लिए।

### अश्विनी कुमार

बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने भी खूब सुर्खियां बटोरीं हैं। अश्विनी ने मुंबई इंडियंस के लिए डेब्यू किया और अपने पहले ही सीजन में सीम और स्विंग से प्रभावित किया। उन्होंने सात मैचों में 11 विकेट लिए और 11.31 की इकोनॉमी रेट से रन दिए। 24 रन देकर चार विकेट उनकी सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी रही। अश्विनी आईपीएल डेब्यू पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले भारतीय गेंदबाज भी बने। अश्विनी मुंबई के लिए डेब्यू मैच में पहली ही गेंद पर विकेट लेने वाले चौथे गेंदबाज भी बने थे।

## खबर संक्षेप

### इस बार विंबलडन में नहीं खेल पाएंगे किर्गियोस

**लंदन।** विंबलडन में 2022 के उपविजेता निक किर्गियोस चोटिल होने के कारण इस ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट और इस सत्र में ग्रास कोर्ट पर होने वाली अन्य प्रतियोगिताओं में नहीं खेल पाएंगे। विंबलडन 30 जून से शुरू होगा। यह 30 वर्षीय आस्ट्रेलियाई खिलाड़ी कलाई और घुटने के ऑपरेशन सहित कई अन्य चोटों से जूझ रहा है। उन्होंने 2025 में केवल पांच एकल मैच खेले हैं, जिसमें उनका रिकॉर्ड 1-4 रहा है।

### भारत-थाईलैंड के बीच मैत्री मैच आज

**पथुम थानी ।** भारत बुधवार को यहां जब अंतरराष्ट्रीय मैत्री फुटबॉल मैच में अपने एशियाई प्रतिद्वंद्वी थाईलैंड का सामना करेगा तो उसकी नजरें पिछली दो जीत और करिश्माई सुनील छेत्री की अच्छी फॉर्म से प्रेरणा लेने पर टिकी होंगी। भारत और थाईलैंड अक्सर एक दूसरे का सामना करते रहे हैं। एशियाई खेलों से लेकर एशियाई कप तक, किंग्स कप से लेकर नेहरू कप तक, पुरुष फुटबॉल में भारत बनाम थाईलैंड मुकाबलों का इतिहास काफी पुराना है।

### ट्रैफिक जाम के कारण इंग्लैंड-वेस्टइंडीज के खिलाड़ी बाइक से पहुंचे

**लंदन।** लंदन में ट्रैफिक जाम के कारण इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के बीच एक दिवसीय क्रिकेट मैच की शुरूआत में विलंब हो गया चूंकि दोनों टीमों की बसें जाम में फंस गई थी। इंग्लैंड के खिलाड़ियों ने बस से उतरकर बाइक से स्टेडियम पहुंचने का फैसला किया। इंग्लैंड के खिलाड़ी मैच से पहले वार्मअप के लिये समय पर पहुंच गए लेकिन वेस्टइंडीज के खिलाड़ी बस में ही रहे और टॉस के निर्धारित समय से दस मिनट बाद पहुंचे।

**इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट**

## सिंधू व सात्विक-चिराग की जोड़ी दूसरे दौर में

एजेंसी ⏭ जकार्ता

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी ने मंगलवार को यहां इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के प्रीक्वार्टर फाइनल में जगह बनाई लेकिन लक्ष्य सेन और एचएस प्रणय पहले दौर में हारकर बाहर हो गए। सिंधू ने महिला एकल में अपनी चिर प्रतिद्वंद्वी जापान की नोजोमी ओकुहारा को एक घंटे 19 मिनट तक चले



रोमांचक मुकाबले में 22-20, 21-23, 21-15 से हराया। सिंधू महिला एकल के अगले दौर में जगह बनाने वाली एकमात्र भारतीय खिलाड़ी रही। अब उनका मुकाबला थाईलैंड की छठी वरीयता प्राप्त पोर्नपावी चोचिवोंग से होगा।

### यह जीत मेरे लिए महत्वपूर्णः सिंधू



सिंधू ने मैच के बाद कहा, ''पहले दौर में जीत हासिल करना महत्वपूर्ण है क्योंकि इससे निश्चित तौर पर मेरा हौसला बढ़ेगा। मैं पहले दौर में हारती रही हूं, इसलिए इस तरह के मैच जीतना मेरे लिए बहुत उपयोगी और महत्वपूर्ण है।''

### सात्विक-चिराग, सिंधू का मैच भी रहा रोमांचक

फिर सात्विक और चिराग की पुरुष युगल जोड़ी ने इंडोनेशिया के लियो रॉली कार्नांडो और बागास मौलाना को 67 मिनट तक चले पहले दौर के मुकाबले में 18-21 21-18 21-14 से हराकर राउंड 16 में जगह बनाई। सिंधू और ओकुहारा के बीच गलतियों से भरा मैच रोमांचक रहा, जिसमें काफी गेम प्वाइंट और मैच प्वाइंट मिले। सिंधू ने पहला गेम 22-20 से जीता। भारतीय खिलाड़ी ने इस दौरान एक गेम प्वाइंट बचाया और महत्वपूर्ण क्षणों में आक्रामक शॉट लगाकर मैच जीता।

### *लय बरकरार नहीं रख सके लक्ष्य, प्रणय हुए बाहर*

*लक्ष्य सेन पहला गेम आसानी से गंवाने और दूसरे गेम में 11-17 से पीछे होने के बाद सेन ने जोरदार वापसी की। उन्होंने एक मैच प्वाइंट बचाया और 22-20 से गेम जीतकर मुकाबला निर्णायक गेम तक खींच दिया। लेकिन इसके बाद वह अपनी लय बरकरार नहीं रख पाए। पुरुष एकल में एचएस प्रणय भी इस 1,450,000 डॉलर इनामी टूर्नामेंट से बाहर हो गए। उन्हें इंडोनेशिया के अल्वी फरहान से 17-21, 18-21 से हार का सामना करना पड़ा।*

### *मालविका खेल के बीच में हुईं रिटायर*


*मालविका बंसोड़ इंडोनेशिया की पुत्री कुसुमा वर्दानी के खिलाफ महिला एकल मैच के बीच में ही रिटायर हो गईं। भारतीय खिलाड़ी जब 21-16 16-15 से आगे चल रही थीं तब वह कोर्ट पर फिसलने के कारण चोटिल हो गईं और उन्हें कोर्ट छोड़ना पड़ा। अनुपमा उपाध्याय कोरिया की किम गा इयुन से सीधे गेम में 15-21, 9-21 से जबकि रक्षिता रामराज थाईलैंड की सुपानिडा से 21-14, 15-21, 12-21 से हार गईं।*

## नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट एरिगैसी को हराकर दूसरे स्थान पर पहुंचे गुकेश

एजेंसी ⏭ स्टावेंजर (नॉर्वे)

भारत के मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश ने कुछ विपरीत परिस्थितियों से गुजरने के बाद हमवतन अर्जुन एरिगैसी को पहली बार क्लासिकल बाजी में हराया जिससे वह नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट के सातवें दौर के बाद दूसरे स्थान पर पहुंच गए।

गुकेश की टूर्नामेंट में यह लगातार दूसरी जीत है। उन्होंने पिछले दौर में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को हराया था। इस 19 वर्ष के खिलाड़ी ने इस जीत से एरिगैसी से दूसरे दौर में मिली हार का बदला चुकता भी किया। गुकेश के अब 11.5 अंक हो गए हैं और उन्होंने नॉर्वे के गत चैंपियन कार्लसन को पीछे छोड़कर दूसरा स्थान हासिल कर लिया है।



### अन्य खिलाड़ियों का ऐसा रहा प्रदर्शन

अमेरिकी ग्रैंडमास्टर फैबियानो कारूआना 12.5 अंक लेकर शीर्ष पर हैं। उन्होंने चीन के वेई यी को हराया। कार्लसन एक अन्य अमेरिकी ग्रैंडमास्टर और विश्व के दूसरे नंबर के खिलाड़ी हिकारू नाकामुरा के खिलाफ आर्मागेडन में जीत के बाद 11 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर हैं। नाकामुरा 8.5 अंकों के साथ चौथे स्थान पर हैं।

## आईसीसी ने वनडे क्रिकेट के नियमों में किए कई बड़े बदलाव, 1 जुलाई से होंगे लागू

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल 1 जुलाई से कुछ नए खेल नियम लागू करने जा रही है। वनडे मैचों में अब फिर से एक ही गेंद का इस्तेमाल किया जाएगा। फिलहाल मैच की शुरुआत से दोनों सिरों से 2 नई गेंदों का इस्तेमाल होता है। अब नए नियमों के तहत 35वें ओवर के बाद से सिर्फ एक ही गेंद से मैच होगा। सीमित ओवरों के अंतरराष्ट्रीय मैचों में ये नियम जुलाई से लागू होंगे।

International Cricket Council

### वनडे क्रिकेट में किया गया है सबसे बड़ा बदलाव

वनडे मैचों में गेंद के इस्तेमाल को लेकर सबसे बड़ा बदलाव किया गया है। अब 50 ओवर की एक पारी में शुरुआत के 1 से 34 ओवर तक 2 नई गेंदों का उपयोग होगा। इसके बाद 35वें ओवर से 50वें ओवर तक इन्हीं में से किसी एक गेंद से मैच आगे बढ़ेगा। यह बदलाव आईसीसी के नए खेल नियमों के तहत होने जा रहा है। इसकी जानकारी सबसे पहले 30 मई को रिपोर्ट में सामने आई थी।

### ये नियम भी बदला

गेंद से जुड़े नियमों के साथ-साथ सिर में चोट (कन्कशन) के मामले में बदलाव किए गए हैं। अब टीमों को हर मैच से पहले मैच रेफरी को 5 संभावित बदलाव खिलाड़ियों की सूची देनी होगी, जिसमें एक विकेटकीपर, एक बल्लेबाज, एक तेज गेंदबाज, एक स्पिनर और एक ऑलराउंडर खिलाड़ी शामिल होगा। अगर किसी बदले गए खिलाड़ी को भी कन्कशन हो जाता है और असाधारण स्थिति में फिर बदलाव की जरूरत पड़ती है, तो फैसला मैच रेफरी द्वारा लिया जाएगा।

**स्कॉटलैंड का जश्न पल भर में छू मंतर**

## अंपायर के इशारे ने पलटी बाजी, आखिरी गेंद पर नेपाल जीता

एजेंसी ⏭ स्कॉटलैंड

क्रिकेट में आखिरी गेंद पर जीत तो देखी है लेकिन अंपायर की वाइड कॉल से नतीजा पलटते बहुत कम देखा होगा। सोमवार को आईसीसी मेंस क्रिकेट वर्ल्ड कप लीग-2 में नेपाल ने स्कॉटलैंड को उसी अंदाज में हराया, जिसे देखकर फैंस और खिलाड़ी, दोनों ही दंग रह गए। मैच की आखिरी गेंद पर स्कॉटलैंड ने नेपाल का आखिरी विकेट गिरा दिया था...या उन्हें लगा ऐसा हुआ। मैदान पर जश्न शुरू हो चुका था, लेकिन तभी अंपायर ने वाइड का इशारा कर दिया और उसी एक सिग्नल ने स्कॉटलैंड का दिल तोड़ दिया, नेपाल के खेमे में खुशी की लहर दौड़ गई और आखिरी गेंद पर जीत दर्ज कर ली।



### स्कॉटलैंड ने मनाना शुरू कर दी खुशी

स्कॉटलैंड के खिलाड़ियों ने अपनी जीत मान ली थी। तभी अंपायर ने वाइड का इशारा कर दिया, और करन ने बल्ला उठाकर जश्न मनाना शुरू कर दिया। स्कॉटलैंड के खिलाड़ी हक्का-बक्का रह गए। उन्हें समझ ही नहीं आया कि ये क्या हुआ। अभी तक जो स्कॉटिश खिलाड़ी जीत का जश्न मना रहे थे, उनके चेहरे लटक गए। इसके बाद उनके पास मायूस होने के अलावा कुछ नहीं बचा था।

### नेपाल की टीम अभी भी 7वें स्थान पर

इस जीत से नेपाल को दो अहम अंक तो मिल गए, लेकिन टीम अब भी 8 टीमों की तालिका में सातवें स्थान पर है। वहीं, स्कॉटलैंड अब चौथे पायदान पर है और यह हार उन्हें काफी भारी पड़ सकती है। क्या हुआ आखिरी गेंद पर? करन केसी स्ट्राइक पर थे। स्कॉटलैंड के बाएं हाथ के स्पिनर मार्क वॉट ने 20वें ओवर की आखिरी गेंद फेंकी, जो लेग स्टम्प की लाइन से बहुत बाहर चली गई। करन ने फ्लिक करने की कोशिश की लेकिन चूक गए। विकेटकीपर मैथ्यू क्रॉस भी गेंद को ठीक तरह से पकड़ नहीं सके और पीछे भागते हुए स्टंप्स गिरा दिए। नेपाल के आखिरी बल्लेबाज रिजन ढकाल ने क्रीज में पहुंचने के लिए डाइव लगा दी लेकिन लग रहा था कि आउट हो गए।

### करन केसी गेंद और बल्ले दोनों से चमके


करन केसी नेपाल की इस जीत के असली हीरो थे। पहले उन्होंने गेंदबाजी में 10 ओवर में 2 विकेट लेकर स्कॉटलैंड को 296/7 पर रोका। नेपाल की शुरुआत अच्छी रही लेकिन फिर अचानक विकेट गिरते चले गए। एक वक्त स्कोर 152/2 से 192/7 स्कोर हो गया था और लग रहा था कि स्कॉटलैंड जीत जाएगा। तभी करन ने वापसी करवाई। 297 रन का पीछा करना नेपाल के लिए वनडे में अब तक का सबसे बड़ा रनचेज रहा।

# कोलोराडो में फ्री फलस्तीन का नारा लगाते हुए हमलावर ने पेट्रोल बम फेंका, आठ लोग जख्मी

» बोल्डर (अमेरिका), भाषा।

अमेरिका में फलस्तीन की आजादी का नारा लगाते हुए एक व्यक्ति ने कुछ लोगों के समूह पर पेट्रोल बम फेंका जिसमें आठ लोग घायल हो गए। हमलावर ने लोगों के उस समूह को निशाना बनाया जो गाजा में इजराइली बंधकों के मामले को उठाने के लिए एकत्र हुए थे।अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। हमले को कथित रूप से अंजाम देने वाले संदिग्ध की पहचान 45 वर्षीय साबरी सोलिमन के तौर पर हुई है और संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) हमले की जांच आतंकी कृत्य के तौर पर कर रहा है। सोलिमन को हिरासत में ले लिया गया है। हालांकि अभी यह साफ नहीं है कि उसे अदालत में कब पेश किया जाएगा। यह हमला बोल्डर शहर के लोकप्रिय पर्ल स्ट्रीट पेडेस्ट्रेन मॉल में हुआ है। इजराइल और हमास के बीच जारी युद्ध की पृष्ठभूमि में यह घटना हुई। इस जंग ने वैश्विक तनाव को बढ़ा दिया है और इसकी वजह से अमेरिका में यहूदी विरोधी हिंसा में वृद्धि हुई है। हमला यहूदी पर्व शवोत की शुरुआत पर हुआ है। इस घटना से ठीक एक हफ्ते पहले वाशिंगटन में एक यहूदी संग्रहालय के बाहर फलस्तीन को आजाद करो के नारे लगाने वाले एक व्यक्ति पर इजराइली दूतावास के दो कर्मचारियों की गोली मारकर हत्या करने का आरोप लगाया गया था। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने सोमवार को एक बयान जारी कर कहा कि वह, उनकी पत्नी और पूरा इजराइल कोलोराडो में हुए भयंकर आतंकवादी हमले में घायल लोगों के पूर्ण स्वस्थ होने के लिए प्रार्थना कर रहा है।

नेतन्याहू ने कहा, यह हमला शांतिपूर्ण लोगों के खिलाफ था जो हमास द्वारा बंधक बनाए गए लोगों के साथ अपनी एकजुटता व्यक्त करना चाहते थे, क्योंकि वे यहूदी थे। हमले के कारण अन्य जगहों पर सुरक्षा बढ़ा दी गई न्यूयॉर्क पुलिस विभाग ने कहा कि उसने शवोत के मद्देनजर शहर में धार्मिक स्थलों पर अपनी उपस्थिति बढ़ा दी है। एफबीआई के डेनवर क्षेत्रीय कार्यालय (जिसमें बोल्डर भी शामिल है) के प्रभारी विशेष एजेंट मार्क मिचलेक ने कहा, दुख की बात है कि इस तरह के हमले पूरे देश में आम होते जा रहे हैं। उन्होंने कहा, यह इस बात का उदाहरण है कि हिंसा करने वाले लोग किस प्रकार देश भर में लोगों को डरा रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि घायलों की उम्र 52 से 88 वर्ष के बीच है तथा हमले में कुछ लोग गंभीर रूप से जख्मी हुए हैं। यह हमला उस समय हुआ जब रन फॉर देयर लाइव्स नामक स्वयंसेवी समूह के लोग गाजा में बंधक बनाए गए लोगों की ओर ध्यान आकर्षित करने के वास्ते अपना साप्ताहिक प्रदर्शन समाप्त कर रहे थे। घटनास्थल से प्राप्त वीडियो में एक प्रत्यक्षदर्शी चिल्लाता हुआ दिखाई दे रहा है, वह मोलोटोव कॉकटेल (पेट्रोल बम) फेंक रहा है। वहीं, एक पुलिस अधिकारी अपनी बंदूक तानकर संदिग्ध व्यक्ति की ओर बढ़ रहा है, जिसने दोनों हाथों में कंटेनर पकड़ रखे हैं। सैन डिएगो के एलेक्स ओसाटे ने बताया कि वह मॉल के सामने एक रेस्तरां के बाहर दोपहर का भोजन कर रहे थे, तभी उन्होंने जमीन पर बोतल टूटने की आवाज सुनी, जिसके बाद एक धमाका हुआ और उसके बाद लोगों के चीखने-चिल्लाने की आवाज आई। ओसाटे ने बताया कि संदिग्ध व्यक्ति झाड़ियों के पीछे चला गया और फिर बाहर आया तथा उसने पेट्रोल बम फेंका, लेकिन इसे फेंकते समय वह गलती से आग की चपेट में आ गया। इसके बाद उस व्यक्ति ने अपनी शर्ट उतार दी जो बुलेटप्रूफ जैकेट लग रही थी। हालांकि बाद में पुलिस आ गई। ओसाटे द्वारा शूट किए गए वीडियो में दिख रहा है कि पुलिस ने संदिग्ध को गिरफ्तार कर लिया और उसने कोई विरोध नहीं किया। लिन सेगल (72) रविवार को एकत्र हुए लगभग 20 लोगों में से एक थीं। प्रदर्शनकारी जब कोर्टहाउस के सामने अपना मार्च समाप्त कर रहे थे, तभी यह हमला हुआ और सेगल ने आग की लपटें निकलती देखीं। उन्होंने कहा कि इसके बाद लोग इधर-उधर भागने लगे तथा आग बुझाने के लिए पानी ढूंढने लगे। सेगल ने कहा कि उनके पिता यहूदी हैं और वह 40 से अधिक वर्षों से फलस्तीन का समर्थन कर रही हैं। वह चिंतित थीं कि उन पर संदिग्ध की मदद करने का आरोप लगाया जा सकता है क्योंकि उन्होंने फलस्तीन समर्थक शर्ट पहनी हुई थी। उन्होंने कहा, वहां लोग जल रहे थे, मैं मदद करना चाहती थी, लेकिन मैं अपराधी के साथ जुड़ना नहीं चाहती थी। अधिकारियों ने सोलिमन के बारे में विवरण नहीं बताया, लेकिन कहा कि उनका मानना है कि उसने अकेले ही हमले को अंजाम दिया है तथा किसी अन्य संदिग्ध की तलाश नहीं की जा रही है। उसपर क्या आरोप लगाए गए हैं, इस बारे में तत्काल कोई जानकारी नहीं दी गई है, लेकिन अधिकारियों ने कहा है कि उसे घटना के लिए पूरी तरह से जवाबदेह ठहराया जा सकता है। इस घटना में सोलिमन भी घायल हो गया और उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, लेकिन अधिकारियों ने उसकी चोटों की प्रकृति के बारे में विस्तार से नहीं बताया। एफबीआई के अधिकारियों ने तुरंत इस हमले को आतंकवादी कृत्य घोषित कर दिया, तथा न्याय विभाग ने इसे यहूदी अमेरिकियों के खिलाफ हाल में हुए हमलों के बाद की एक अनावश्यक हिंसा का कृत्य बताकर इसकी निंदा की।



## गाजा में इजराइल के हमले में बच्चों और महिलाओं समेत 14 फलस्तीनी मारे गए: अस्पताल

दीर अल-बलाह। गाजा पट्टी में सोमवार को इजराइल द्वारा एक आवासीय इमारत पर किए गए हमले में 14 लोग मारे गए, जिनमें अधिकतर महिलाएं और बच्चे थे। स्वास्थ्य अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह हमला जबालिया शरणार्थी शिविर पर किया गया। शिफा और अल-अहली अस्पतालों ने इस हमले में मारे गए लोगों की संख्या की पुष्टि करते हुए कहा कि मरने वालों में पांच महिलाएं और सात बच्चे शामिल हैं। इजराइली सेना की ओर से तत्काल कोई टिप्पणी नहीं आई है।

### छात्रा मेघा वेमुरी का नाम गाजा में जारी युद्ध का विरोध किया

## फलस्तीन के पक्ष में भाषण के बाद भारतीय-अमेरिकी छात्रा दीक्षांत समारोह में भाग लेने से प्रतिबंधित

» न्यूयॉर्क, भाषा।

मेसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) में पढ़ाई कर रही एक भारतीय-अमेरिकी छात्रा को गाजा में जारी युद्ध की निंदा करने वाला भाषण देने के बाद दीक्षांत समारोह में शामिल होने से रोक दिया गया। मीडिया में आई खबरों में यह जानकारी दी गई। एमआईटी की छात्रा मेघा वेमुरी का नाम गाजा में जारी युद्ध का विरोध करने के बाद अनुशासनात्मक कार्रवाई का सामना करने वाले छात्रों की सूची में नवीनतम है। वेमुरी ने सीएनएन को बताया कि उसके भाषण के बाद विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने उसे बताया कि उसे शुक्रवार को आयोजित होने वाले दीक्षांत समारोह में भाग लेने की अनुमति नहीं है तथा कार्यक्रम समाप्त होने तक उसे परिसर में भी आने की अनुमति नहीं है। एमआईटी के अधिकारियों ने इस बात की पुष्टि की है कि वेमुरी को दीक्षांत समारोह में भाग लेने से प्रतिबंधित कर दिया गया है। स्कूल के एक प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, एमआईटी स्वतंत्र अभिव्यक्ति का समर्थन करता है लेकिन वह अपने उस निर्णय पर कायम है, जो उस छात्रा के जानबूझकर और बार-बार समारोह के आयोजकों को गुमराह करने और मंच से विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व करने के जवाब में लिया गया है।

स्कूल ने हालांकि कहा कि उसे उसकी डिग्री दी जाएगी। जॉर्जिया में पली-बढ़ी वेमुरी कैम्ब्रिज में बृहस्पतिवार को आयोजित वनएमआईटी दीक्षांत समारोह में वक्ता थी, जहां वह अपने दीक्षांत समारोह के गाउन पर केफिएह पहनकर मंच पर पहुंची। केफिएह को फलस्तीन के समर्थन में एकजुटता का प्रतीक माना जाता है। वेमुरी ने गाजा में जारी युद्ध का विरोध करने के लिए अपने साथियों की प्रशंसा की



तथा विश्वविद्यालय के इजराइल के साथ संबंधों की आलोचना की थी। एमआईटी के एक प्रवक्ता ने सीएनएन को बताया कि वेमुरी ने जो भाषण दिया वह उनकी ओर से पूर्व में उपलब्ध कराए गए भाषण की प्रति से मेल नहीं खाता। वेमुरी के पिता सरत ने बताया कि वह कम्प्यूटेशन एवं कॉग्निशन तथा भाषा विज्ञान में दोहरी डिग्री प्राप्त कर रही है तथा उसे बताया गया कि उसे डिप्लोमा डाक से प्राप्त होगा। वेमुरी ने कहा कि वह अपने परिवार की शुक्रगुजार है जो इस सप्ताह उसके समर्थन में खड़ा रहा। उन्होंने कहा कि वह मंच पर नहीं जाने देने से निराश नहीं है। वेमुरी ने कहा, मुझे ऐसी संस्था के मंच पर जाने की कोई जरूरत नहीं है जो इस नरसंहार में शामिल है। उन्होंने कहा, मैं निराश हूं कि एमआईटी के अधिकारियों ने बिना किसी गुणदोष के या उचित प्रक्रिया के मुझे दंडित किया....। काउंसिल ऑन अमेरिकन-इस्लामिक रिलेशन्स (सीएआईआर) ने वेमुरी को समारोह में शामिल होने से प्रतिबंधित करने के विश्वविद्यालय के फैसले की निंदा की है।

## यूक्रेन और रूस ने तुर्किए में अगले दौर की शांति वार्ता शुरू की

» इस्तांबुल, भाषा।

रूस और यूक्रेन के प्रतिनिधिमंडलों ने दो सप्ताह में अपनी दूसरी प्रत्यक्ष शांति वार्ता सोमवार को तुर्किए में शुरू की। हालांकि तीन साल से जारी युद्ध को समाप्त करने की दिशा में इस वार्ता में किसी भी महत्वपूर्ण प्रगति की उम्मीद कम है। अधिकारियों ने बताया कि यूक्रेनी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व रक्षा मंत्री रुस्तम उमेरोव कर रहे हैं जबकि रूसी प्रतिनिधिमंडल व्लादिमीर पुतिन के करीबी सहयोगी व्लादिमीर मेदेंस्की के नेतृत्व में बैठक में शामिल हुआ। तुर्किए के विदेश मंत्री हकन फिदान ने शहर के सिरागन पैलेस में वार्ता की अध्यक्षता की तथा शुरुआती संबोधन दिया। दोनों देशों के वरिष्ठ अधिकारियों की हालिया टिप्पणियों से संकेत मिलता है कि वे युद्ध को रोकने के लिए प्रमुख शर्तों के मामले में बहुत दूर हैं। इस बीच लगभग 3,000 किलोमीटर (620 मील) के अग्रिम मोर्चे पर भीषण लड़ाई जारी रही और दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के क्षेत्र पर भीतर तक हमले किए।

यूक्रेन की सुरक्षा सेवा ने कहा कि रविवार को यूक्रेन के एक ड्रोन हमले में रूस के भीतर 40 से अधिक रूसी विमानों को नष्ट कर दिया गया, जबकि मॉस्को ने मिसाइलों और ड्रोन से यूक्रेन पर हमला किया। रूस के रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि उसकी वायु सेना ने रात के दौरान आठ रूसी क्षेत्रों के साथ-साथ (कब्जाए गए यूक्रेनी)



प्रायद्वीप क्रीमिया पर 162 यूक्रेनी ड्रोन को मार गिराया। यूक्रेन की वायु सेना ने कहा कि उसने रात भर में रूस द्वारा प्रक्षेपित 80 ड्रोन में से 52 को नष्ट कर दिया। उत्तरपूर्वी यूक्रेनी शहर खारकीव के मेयर ने कहा कि सोमवार की सुबह दो बैलिस्टिक मिसाइल ने शहर के एक आवासीय इलाके पर हमला किया। इसमें से एक मिसाइल एक स्कूल के पास गिरी। मेयर इहोर तेरेखोव ने एक बयान में कहा कि एक मिसाइल एक अपार्टमेंट की इमारत के पास गिरी, जबकि दूसरी स्कूल के पास एक सड़क पर गिरी। उन्होंने एक बड़े गड्ढे की तस्वीर प्रकाशित की। तेरेखोव ने लिखा, गड्ढे के बगल में खड़े होकर, आपको एहसास होता है कि यह सब कितना भयानक हो सकता था। कुछ और मीटर - और यह इमारत से टकरा जाता। कुछ और मिनट - और कारें, बसें सड़क पर होतीं।

## पोलैंड के राष्ट्रपति चुनाव में रूढ़िवादी करोल नवरोकी की जीत

वारसॉ (पोलैंड), (भाषा)। पोलैंड के राष्ट्रपति चुनाव में रुढ़िवादी नेता करोल नवरोकी ने जीत हासिल कर ली है। सोमवार को मतगणना के अंतिम आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। इसके मुताबिक, नवरोकी को बेहद करीबी मुकाबले में 50.89 फीसदी मत हासिल हुए जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी वारसॉ के मेयर रफाल त्राज्स्कोव्स्की को 49.11 प्रतिशत वोट मिले। इस चुनावी मुकाबले में उदारवादी यूरोपीय संघ समर्थक त्राज्स्कोव्स्की का मुकाबला दक्षिणपंथी लॉ एंड जस्टिस पार्टी द्वारा समर्थित रूढ़िवादी इतिहासकार करोल नवरोकी से था। करीबी मुकाबले पर दो सप्ताह पहले शुरू हुए चुनाव के पहले दौर से लेकर सोमवार की सुबह तक देश की नजर रही और इससे स्पष्ट हुआ कि इस देश में गहरे मतभेद मौजूद हैं। रविवार शाम को जारी एक प्रारंभिक एग्जिट पोल में दावा किया जा रहा था कि त्राज्स्कोव्स्की जीत की ओर अग्रसर हैं। हालांकि कुछ घंटे बाद नतीजों ने तस्वीर उलट दी। परिणाम से यह संकेत मिलता है कि पोलैंड अपने नए नेता के नेतृत्व में अधिक राष्ट्रवादी मार्ग अपना सकता है। उन्हें अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का समर्थन प्राप्त है। त्राज्स्कोव्स्की ने सोमवार को हार स्वीकार करते हुए नवरोकी को बधाई दी। साथ ही उन्होंने अपने सभी मतदाताओं को धन्यवाद दिया। उन्होंने एक्स पर पोस्ट कर कहा, मैंने एक मजबूत, सुरक्षित, ईमानदार और सहानुभूतिपूर्ण पोलैंड के निर्माण के लिए लड़ाई लड़ी। मुझे खेद है कि मैं पोलैंड के लिए अपने दृष्टिकोण के बारे में अधिकांश नागरिकों को नहीं समझा पाया। मुझे खेद है कि हम जीत नहीं पाए। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने सोमवार को नवरोकी को बधाई दी और पोलैंड को अहम पड़ोसी बताया। हंगरी के प्रधानमंत्री विक्टर ओरबान ने नवरोकी की शानदार जीत की सराहना की। इस बीच, यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेएन ने बधाई दी तथा साझा लोकतांत्रिक मूल्यों पर आधारित यूरोपीय संघ-पोलैंड सहयोग जारी रखने पर जोर दिया। नवरोकी, मौजूदा राष्ट्रपति आंद्रेज डूडा का स्थान लेंगे, जो एक रूढ़िवादी नेता हैं और उनका दूसरा और अंतिम कार्यकाल छह अगस्त को समाप्त हो रहा है।



### न्यूज ब्रीफ

## ऑस्ट्रेलियाई उप प्रधानमंत्री मार्लेस इस सप्ताह भारत आएंगे

» ऑस्ट्रेलिया, भाषा।



ऑस्ट्रेलिया के उप प्रधानमंत्री रिचर्ड मार्लेस चार देशों की यात्रा के तहत इस सप्ताह भारत आएंगे। उनकी इस यात्रा का उद्देश्य दक्षिण और दक्षिण-पूर्व एशिया के साथ ऑस्ट्रेलिया के सुरक्षा सहयोग को बढ़ाना है। ऑस्ट्रेलिया की एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि उप प्रधानमंत्री की भारत यात्रा ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी की पांचवीं वर्षगांठ के अवसर पर हो रही है, जो दोनों देशों के संबंधों और हिंद महासागर के लिए साझा दृष्टिकोण को रेखांकित करती है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि मार्लेस दो से पांच जून तक उच्च स्तरीय बैठकों के लिए दक्षिण और दक्षिण-पूर्व एशिया की यात्रा करेंगे। वह ऑस्ट्रेलिया के रक्षा मंत्री भी हैं। भारत के अलावा मार्लेस का मालदीव, श्रीलंका और इंडोनेशिया की यात्रा का भी कार्यक्रम है।

मार्लेस ने कहा, ऑस्ट्रेलिया हिंद-प्रशांत क्षेत्र में पड़ोसियों के साथ अपने संबंधों को महत्व देता है। हमारा गहराता सहयोग हिंद-प्रशांत क्षेत्र को खुला, समावेशी और लचीला बनाए रखने के ऑस्ट्रेलिया के दृष्टिकोण के केंद्र में है। उन्होंने कहा, मैं नेताओं से मिलने के लिए उत्सुक हूं और इस बात पर उपयोगी चर्चा का स्वागत करता हूं कि हम किस प्रकार एक शांतिपूर्ण, सुरक्षित और समृद्ध क्षेत्र को आकार देने के लिए मिलकर काम कर सकते हैं, जो संप्रभुता का सम्मान करता हो। संसदीय चुनाव में लेबर पार्टी की जीत होने और प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीस के लगातार दूसरे कार्यकाल के लिए चुने जाने के बाद मार्लेस भारत की यात्रा करने वाले पहले वरिष्ठ ऑस्ट्रेलियाई मंत्री होंगे। भारत और ऑस्ट्रेलिया ने 2022 में आर्थिक सहयोग और व्यापार समझौते (ईसीटीए) पर हस्ताक्षर किए थे और एक व्यापक आर्थिक सहयोग समझौते (सीईसीए) पर बातचीत कर रहे हैं।

## पानी और खून एक साथ नहीं बह सकता : संसदीय प्रतिनिधिमंडल

» कुआलालंपुर, भाषा।

मलेशिया की यात्रा पर पहुंचे सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने आतंकवाद को कतई बर्दाश्त न करने की भारत की नीति पर जोर देते हुए कहा कि पानी और खून एक साथ नहीं बह सकता। कुआलालंपुर स्थित भारतीय उच्चायोग ने सोमवार को यह जानकारी दी। उच्चायोग ने एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि जनता दल यूनाइटेड (जदयू) सांसद संजय कुमार झा के नेतृत्व में भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने कानून एवं संस्थागत सुधार विभाग में उप मंत्री वाईबी एम. कुला सेगरन के नेतृत्व वाले डेमोक्रेटिक एक्शन पार्टी के प्रतिनिधियों और पार्टी केदिलन राक्यत इन मलेशिया के सदस्यों से मुलाकात की। इस दौरान उन्हें आतंकवाद के खिलाफ भारत के दृष्टिकोण और राष्ट्रीय संकल्प से अवगत कराया गया। पोस्ट के मुताबिक, चर्चा ऑपरेशन सिंदूर के तहत आतंकवाद के खिलाफ भारत की दृढ़ प्रतिक्रिया पर केंद्रित थी।

आतंकवाद को कतई बर्दाश्त न करने की भारत की नीति पर जोर दिया गया और यह स्पष्ट किया गया कि पानी और खून एक साथ नहीं बह सकता। प्रतिनिधिमंडल की यह प्रतिक्रिया पहलगाम आतकंवादी हमले के बाद भारत के सिंधु जल संधि को स्थगित करने के सिलसिले में थी। नई दिल्ली ने दो टूक कहा है कि जब तक पाकिस्तान आतंकवाद को शह देना बंद नहीं करता, तब तक संधि स्थगित रहेगी। विश्व बैंक की मध्यस्थता में 1960 में हुई इस संधि में सिंधु



और इसकी पांच सहायक नदियों-सतलुज, व्यास, रावी, झेलम और चिनाब- के पानी के इस्तेमाल के लिए दोनों परमाणु शक्ति संपन्न देशों के बीच जल बंटवारे और सूचनाओं के आदान-प्रदान के खाके को परिभाषित किया गया है। उच्चायोग ने बताया कि संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने वाईबी सिम त्जे त्जिन के नेतृत्व वाले पार्टी केडिलन राक्यत के प्रतिनिधिमंडल के साथ रचनात्मक वार्ता की। उसने पोस्ट किया, आतंकवाद को कतई बर्दाश्त न करने की भारत की नीति को रेखांकित किया गया और सीमा पार खतरों के खिलाफ हमारी राष्ट्रीय एकता की पुष्टि की गई। उच्चायोग ने कहा, केडिलन के प्रतिनिधियों ने प्रतिनिधिमंडल की ओर से दिए गए विस्तृत स्पष्टीकरण की सराहना की और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में आगे की राह तथा प्रत्येक राष्ट्र की जिम्मेदारियों पर रचनात्मक चर्चा की। उच्चायोग के अनुसार, संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने पार्टी केडिलन राक्यत के साथ बैठक के दौरान राष्ट्रीय एकता के लिए उप मंत्री वाईबी सरस्वती कंडासामी के साथ भी बातचीत की। एक बयान के मुताबिक, प्रतिनिधिमंडल ने आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों के खिलाफ कतई बर्दाश्त न करने के भारत के सिद्धांतबद्ध और अडिग रुख को रेखांकित किया। बयान के अनुसार, यहां प्रवासी भारतीय समुदाय के साथ बातचीत में प्रतिनिधिमंडल ने सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ भारत के दृढ़ रुख का जिक्र किया और इस बात पर जोर दिया कि ऑपरेशन सिंदूर भविष्य में आतंकवादी हमलों का जवाब देने और उन्हें नाकाम करने के भारत के अधिकार का प्रदर्शन था। बयान में कहा गया है कि भारतीय मूल के मलेशियाई मुसलमानों सहित सभी प्रवासी भारतीयों ने आतंकवाद की स्पष्ट रूप से निंदा की। इसमें कहा गया है कि संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने कुआलालंपुर में रामकृष्ण मिशन का दौरा किया और स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। बयान के मुताबिक, प्रतिनिधिमंडल ने पंचवटी प्रार्थना कक्ष और निवेदिता हाउस का भी दौरा किया।

## आतंकवाद पर भारत का रुख बताने के लिए सुप्रिया सुले के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल मिस्र पहुंचा



काहिरा। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) की सांसद सुप्रिया सुले के नेतृत्व में एक सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल आतंकवाद पर भारत के रुख के बारे में जानकारी देने के लिए मिस्र पहुंच गया है। प्रतिनिधिमंडल रविवार को इथियोपिया की अपनी यात्रा समाप्त करने के बाद काहिरा पहुंचा। मिस्र में भारत के राजदूत सुरेश रेड्डी ने प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया। प्रतिनिधिमंडल का मिस्र में खासा व्यस्त कार्यक्रम है, जिसमें मंत्रिस्तरीय बैठकें, थिंक टैंक, मीडिया, भारतीय समुदाय और अन्य लोगों के साथ बातचीत शामिल है। यह उन सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों में से एक है जिन्हें भारत ने 33 देशों की राजधानियों का दौरा करने का दायित्व सौंपा है, ताकि अंतरराष्ट्रीय समुदाय तक यह संदेश पहुंचाया जा सके कि पाकिस्तान का आतंकवाद से संबंध है। पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ गया, तथा छह-सात मई की दरमियानी रात भारत ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवादी ढांचे पर सटीक हमले किए। पाकिस्तान ने आठ, नौ और 10 मई को भारतीय सैन्य ठिकानों पर हमला करने का प्रयास किया।

## त्रिनिदाद और टोबैगो में 180वां भारतीय आगमन दिवस मनाया गया

» पोर्ट ऑफ स्पेन (त्रिनिदाद एवं टोबैगो), भाषा।

त्रिनिदाद और टोबैगो में भारतीय मिशन ने कैरेबियाई राष्ट्र में भारतीय प्रवासियों के पहले समूह के आगमन के 180 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में भारतीय आगमन दिवस मनाया। रविवार को आयोजित यह कार्यक्रम उच्चायोग द्वारा 1845 में भारतीयों के पहले समूह के आगमन का जश्न मनाने के लिए आयोजित किया गया पहला ऐसा उत्सव है। भारतीय मिशन ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि विदेश और कैरेबियाई समुदाय मामलों के मंत्री सीन सोबर्स इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे।

भारतीय मिशन ने बताया कि कार्यक्रम में प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष जगदेव सिंह, उपाध्यक्ष डॉ. आइना अल, अन्य वरिष्ठ मंत्री और अधिकारियों के साथ समुदाय के नेता शामिल हुए। भारतीय उच्चायोग ने कार्यक्रम के दौरान पेश की गई नृत्य एवं संगीत प्रस्तुति का वीडियो भी साझा किया। उच्चायोग ने कहा, सभी ने सुखद वातावरण, ठंडी हवा और गुनगुनी धूप में दिन का आनंद लिया। विदेश मंत्रालय के अनुसार, करीब 15 लाख की आबादी वाले कैरेबियाई राष्ट्र में भारतीय मूल के 5,48,279 व्यक्ति निवास करते हैं।

### कई दशकों से ब्रिटिश सैनिकों की संख्या में लगातार कटौती की जा रही

## रूस को संदेश देने के लिए रक्षा खर्च बढ़ाएगा ब्रिटेन

» लंदन, भाषा।

रूस को संदेश देने के लिए ब्रिटेन परमाणु ऊर्जा से संचालित नई हमलावर पनडुब्बियां बनाएगा और यूरोप में युद्ध के लिए तैयार सेना का गठन करेगा। ब्रिटिश प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर ने तीन दशक से अधिक समय पहले शीत युद्ध की समाप्ति के बाद ब्रिटेन की रक्षा नीति में सबसे बड़े बदलाव करने का संकल्प लेते हुए कहा कि लंदन रूस से उत्पन्न खतरे को नजरअंदाज नहीं कर सकता। स्टॉर्मर ने बीबीसी से कहा, हमें यह स्वीकार करना होगा कि दुनिया बदल गई है। आज पिछले कई वर्षों से कहीं ज्यादा अस्थिरता और खतरे हैं।

ब्रिटिश सरकार को स्टॉर्मर की ओर से ब्रिटेन के पूर्व रक्षा सचिव एवं नाटो महासचिव जॉर्ज रॉबर्टसन के नेतृत्व



में की गई रणनीतिक रक्षा समीक्षा पर सोमवार को प्रतिक्रिया देनी है। यह 2021 के बाद अपनी तरह की पहली समीक्षा है, जो 2022 में यूक्रेन पर रूस के आक्रमण और पिछले साल डोनाल्ड ट्रंप के अमेरिकी राष्ट्रपति चुने जाने के बाद बदलते वैश्विक समीकरणों के बीच हुई है। ब्रिटिश सरकार ने कहा है कि वह समीक्षा में की गई सभी 62 सिफारिशों को स्वीकार करेगी, जिनका मकसद जमीन, हवा, समुद्र और साइबरस्पेस में बढ़ते खतरों का मुकाबला करने में ब्रिटेन की मदद करना है। ब्रिटेन के रक्षा मंत्री जॉन हेली ने कहा कि ये बदलाव मॉस्को को संदेश देंगे और ब्रिटिश सेना की सूरत बदलेंगे, जिसमें पिछले कई दशकों से सैनिकों की संख्या में लगातार कटौती की जा रही है। हालांकि, उन्होंने स्पष्ट किया कि सैनिकों की संख्या, जो मौजूदा समय में ऐतिहासिक रूप से सबसे कम है, उसमें 2030 के दशक की शुरुआत में ही वृद्धि होने की संभावना है। हेली ने कहा कि रक्षा खर्च को 2027 तक राष्ट्रीय आय के 2.5 फीसदी तक पहुंचाने की योजना पटरी पर है और इसमें कोई संदेह नहीं है कि 2034 से पहले यह तीन प्रतिशत तक हो जाएगी।

## पुतिन कर रहे नए हमले की तैयारी: जेलेंस्की, मैक्रों से मिलने के बाद अमेरिकी सीनेट सदस्यों ने कहा

पेरिस। अमेरिकी सीनेट के दो वरिष्ठ सदस्यों ने रविवार को चेतावनी देते हुए कहा कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन यूक्रेन में एक नए सैन्य हमले की तैयारी करते हुए शांति वार्ता में बाधा डाल रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगले दो सप्ताह उस युद्ध के भविष्य को आकार दे सकते हैं जिसके कारण कई शहर पहले ही तबाह हो गए हैं और लाखों लोग विस्थापित हो चुके हैं। रिपब्लिकन सीनेटर लिंडसे ग्राहम और डेमोक्रेटिक सीनेटर रिचर्ड ब्लूमेंथल ने यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से मुलाकात करने तथा रूस की बमबारी से तबाह हुए इलाकों का दौरा करने के बाद पेरिस में एसोसिएटेड प्रेस से बात की। पेरिस में फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ वार्ता के लिए पहुंचे सीनेटरों ने चेतावनी दी कि नए हमले को रोकने का अवसर समाप्त हो रहा है। ग्राहम ने पुतिन के बारे में कहा, इस यात्रा से मुझे पता चला कि वह और अधिक युद्ध की तैयारी कर रहे हैं।

## फ्रांस से इंग्लिश चैनल पार करके लगभग 1200 प्रवासी ब्रिटेन पहुंचे

» लंदन, भाषा।

ब्रिटेन सरकार ने रविवार को आकड़े जारी कर बताया कि शनिवार को नौकाओं में सवार होकर फ्रांस से इंग्लिश चैनल पार करके लगभग 1,200 प्रवासी देश में पहुंचे जो इस वर्ष अब तक एक दिन में दर्ज की गई प्रवासियों की सबसे अधिक संख्या है। गृह मंत्रालय के नवीनतम आंकड़ों से पता चलता है कि शनिवार को 18 नौकाओं में1,194 प्रवासी ब्रिटेन पहुंचे जिससे अब तक पहुंचने वाले प्रवासियों की अनंतिम वार्षिक कुल संख्या 14,811 हो गई है। यह पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में प्रवासियों के देश में प्रवेश की संख्या में 42 प्रतिशत की वृद्धि है। ब्रिटेन की पिछली कंजर्वेटिव सरकार के प्रवासियों की संख्या में नियंत्रण पाने के प्रयासों को लेकर आंशिक रूप से मोहभंग के कारण करीब एक साल पहले सत्ता में लौटी लेबर सरकार पर इस वृद्धि ने दबाव बढ़ा दिया है।

ब्रिटेन में अनधिकृत तरीकों से पहुंचे प्रवासियों को रवांडा भेजने की कंजर्वेटिव सरकार की योजना को रद्द करते हुए, प्रधानमंत्री केएर स्टॉर्मर ने कहा कि उनकी सरकार गिरोहों और उनके तस्करी कार्यों से संबंधित व्यापार मॉडल को नष्ट करके प्रवासियों पर नियंत्रण हासिल करेगी।



सत्ता प्राप्त करने के बाद से, स्टॉर्मर की सरकार ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर खुफिया जानकारी साझा करने, उत्तरी फ्रांस में प्रवर्तन कार्यों को बढ़ाने के प्रयास किए हैं तथा अपने आव्रजन कानून में कड़े नियम अपनाए हैं। शनिवार को फ्रांसीसी पुलिस अधिकारी ग्रेवेलाइन्स के एक समुद्र तट पर प्रवासियों को नौकाओं पर चढ़ते समय उन पर नजर रखते और बाद में उनकी नौकाओं को ले जाते हुए देखे गए। फ्रांसीसी अधिकारियों ने 184 प्रवासियों को बचाने की पुष्टि की है। गृह मंत्रालय के अनुसार, वर्ष 2024 में अब तक 36,816 प्रवासी छोटी नौकाओं से ब्रिटेन पहुंचे हैं।

मुद्रक, प्रकाशक व स्वत्वाधिकारी मुन्ना खान के लिए श्री राम ऑफसेट, 6, शॉपिंग सेंटर, जोरावर सिंह गेट के बाहर, आमेर रोड, जयपुर से मुद्रित तथा रॉयल पत्रिका कार्यालय 4312 मोहल्ला नायकों का, जगन्नाथ शाह का रास्ता, नाहरबाड़ा, रामगंज, जयपुर से प्रकाशित। संपादक मुन्ना खान मों. 08058969180 कार्यालय फोन- 0141-2609886,